हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com जबलपुर, बुधवार 16 सितंबर 2026

महाराष्ट्र के जालना में 4 करोड़ की गणेश प्रतिमा

108 किलो चांदी पर चढ़ा सोने का आवरण

जालना। महाराष्ट्र के जालना में गणेश उत्सव के दौरान भगवान गणेश की भव्य प्रतिमा आकर्षण का केंद्र बनी हुई है। यहां एक पंडाल में 108 किलोग्राम चांदी से बनी भगवान गणेश की प्रतिमा स्थापित की गई है। प्रतिमा पर सोने का आवरण चढ़ाया गया है और इसकी कीमत करीब 4 करोड़ रुपए बताई गई है। मंगलवार को आई तस्वीर में पंडाल में विराजमान गणेश प्रतिमा की भव्यता देखते ही बन रही है।

सीएम ने कहा-इस तरह के नवाचार से अधोसंरचना विकास को नई दिशा मिलेगी

सीएसआईआर, एम्प्री के साथ लोक निर्माण विभाग ने किया एमओयू

मप्र में अब 'फ्लाय ऐश' आधारित सीमेंट फ्री 'सड़कें' बनाई जाएंगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मप्र में अब फ्लायऐश आधारित सीमेंट फ्री सड़कें बनाई जाएंगी। मप्र में यह पहला प्रयोग है। इसे लेकर मंगलवार को सीएसआईआर, एम्प्री (वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान परिषद-प्रगत पदार्थ तथा प्रक्रम अनुसंधान संस्थान) भोपाल और लोक निर्माण विभाग के बीच इंफ्रास्ट्रक्चर निर्माण के लिए एमओयू किया गया।

इस तरह के नवाचार से अधोसंरचना विकास को नई दिशा मिलेगी। मप्र में बनने वाले सरकारी भवन अब ग्रीन बिल्डिंग टेक्नोलॉजी पर बनेंगे। एमपीआरडीसी अगले एक साल में लगभग 2 लाख करोड़ रुपए लागत के कार्य करेगा। यह बात मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कुशाभाऊ ठाकरे सभागार में आयोजित राज्य स्तरीय अभियंता दिवस समारोह में कही। उन्होंने इंजीनियरों ने कहा कि राज्य सरकार उनके कल्याण के लिए हर संभव प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि 19-20 वीं शताब्दी में एक महान शख्सियत मोक्षगुंडम विश्वेश्वरैया थे। उन्होंने कई विख्यात संरचनाएं बनाईं। उनकी एक-एक रचना उनकी सोच को दर्शाती है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि इंजीनियर में मुझे इंजन शब्द का आभास होता है। इंजन का अर्थ ही यही है कि जो सारी ताकत और क्षमता लगाकर संचालन करे। उन्होंने कहा कि विभाग तकनीक को साथ लेकर नवाचार कर रहा है।

सीएम ने कहा कि लोक निर्माण विभाग तकनीक को साथ लेकर नवाचार कर रहा है। विभाग खुद फंड इकट्ठा कर इंफ्रास्ट्रक्चर बना रहा है, यह बड़ी बात है

मप्र में यह यह प्रयोग पहली बार किया जा रहा

राज्य स्तरीय समारोह में सीएम की मौजूदगी में एमओयू का आदान-प्रदान करते हुए

» ***मप्र में सरकारी भवन अब ग्रीन बिल्डिंग टेक्नोलॉजी पर बनेंगे***

» ***एमपीआरडीसी अगले एक साल में लगभग 2 लाख करोड़ रुपए लागत के कार्य करेगा***

समस्या का समाधान है इंजीनियरिंग

लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने कहा कि सर विश्वेसरैया ने कहा था कि इंजीनियरिंग केवल एक तकनीक नहीं है, यह समस्याओं का समाधान निकालने की एक क्षमता है। हमारे इंजीनियर समस्याओं और चुनौतियों से आगे बढ़कर नए रास्ते खोजते हैं। लोक निर्माण विभाग के प्रमुख सचिव सुखवीर सिंह ने कहा कि लोक निर्माण विभाग ने लोक कल्याण के लिए नवाचारों को अपने संकल्प के साथ जोड़ा है। एमपीआरडीसी ने लगभग 30 हजार करोड़ लागत के कार्य पूर्ण किए हैं।

'हरिभूमि' नॉलेज गाइड

भारत की सड़कों में फ्लाई ऐश का इस्तेमाल 1976 से

भारत में फ्लाई ऐश (थर्मल पावर प्लांट की राख) आधारित सीमेंट और कंक्रीट सड़कों का निर्माण मुख्य रूप से महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, तेलंगाना, छत्तीसगढ़, गुजरात, और तमिलनाडु जैसे राज्यों में बड़े पैमाने पर किया जा रहा है। भारतीय सड़कों में फ्लाई ऐश के इस्तेमाल की शुरुआत प्रायोगिक तौर पर वर्ष 1976 में इंडियन रोड्स कांग्रेस के दिशा-निर्देश जारी होने के बाद से ही शुरू हो गई थी। भारत सरकार के पर्यावरण मंत्रालय और नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया के नियमों के तहत थर्मल पावर प्लांट के 300 किलोमीटर के दायरे में आने वाली सभी सड़क परियोजनाओं में फ्लाई ऐश का उपयोग अनिवार्य है। छत्तीसगढ़ में 2024 से 2026 के बीच यहां की सड़क परियोजनाओं में 2.7 करोड़ मीट्रिक टन से अधिक फ्लाई ऐश खपाई जा चुकी है।

फिर शुरू हुई केदारनाथ धाम यात्रा, जत्थों में जा रहे श्रद्धालु

देहरादून। केदारनाथ धाम यात्रा करीब 36 घंटे बाद मंगलवार को फिर शुरू हो गई। चीरबासा भूस्खलन क्षेत्र में रास्ता सुरक्षित किए जाने के बाद सोनप्रयाग से श्रद्धालुओं को 200-200 के अंतराल में केदारनाथ भेजा जा रहा है। सुरक्षाकर्मी भूस्खलन प्रभावित हिस्से से श्रद्धालुओं को एक-एक कर सुरक्षित पार करा रहे हैं। रास्ते में पत्थर गिरने की आशंका को देखते हुए जवान लगातार निगरानी कर रहे हैं।

घटना स्थल का जायजा लेते अधिकारी, हादसे में घायलों को अस्पताल ले जाते हुए

पीथमपुर की मित्तल कंपनी में नाइट्रोजन टैंक में धमाका

विशेषज्ञों की टीम कारणों की जांच कर रही

तीन श्रमिक घायल, दो गंभीर धमाके से मची अफरा-तफरी

हरिबूमि न्यूज ⏭ धार

इंदौर से सटी औद्योगिक नगरी पीथमपुर में मंगलवार सुबह मित्तल कंपनी की फैक्ट्री में नाइट्रोजन गैस के रिसीवर टैंक में जोरदार धमाका हो गया। सेक्टर-3 के इंडोरामा क्षेत्र स्थित फैक्ट्री में करीब 11 बजे हुए विस्फोट की आवाज दूर तक सुनाई दी। धमाके के बाद फैक्ट्री परिसर में अफरा-तफरी मच गई और कर्मचारी जान बचाकर बाहर की ओर भागे। हादसे में फैक्ट्री में काम कर रहे तीन श्रमिक घायल हो गए। साथी कर्मचारियों और राहत दल ने तत्काल घायलों को बाहर निकाला। प्राथमिक उपचार के बाद तीनों को सागौर कुटी स्थित श्रीनाथ हॉस्पिटल ले जाया गया। प्रारंभिक दो घायलों की हालत गंभीर बताई जा रही है। मंगलवार सुबह कर्मचारी रोज की तरह काम में जुटे थे, तभी नाइट्रोजन गैस के रिसीवर टैंक के निचले हिस्से में अचानक विस्फोट हो गया।

राज्य मंत्रिमंडल की बैठक में उठा पटवारियों के विरोध का मुद्दा

रजिस्ट्री का काम प्राथमिकता से कराने के निर्देश

स्वामित्व योजना को लेकर 'पटवारियों' को समझाएं कलेक्टर: सीएम डॉ. यादव

» प्राथमिकता से कराएं रजिस्ट्री, योजना सरकार की, वे उलझेंगे नहीं

» मुख्यसचिव ने कहा- 4-5 की जगह एक माह में पूरी करें रजिस्ट्रियां

विशेष प्रतिनिधि ⏭ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में मंगलवार को हुई राज्य मंत्रिमंडल की बैठक में स्वामित्व योजना के तहत पटवारियों द्वारा रजिस्ट्री के विरोध का मुद्दा उठा। इस पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मुख्य सचिव अशोक बर्णवाल से कहा कि कलेक्टर पटवारियों को समझाएं कि उन्हें चिंता करने की जरूरत नहीं है। शासन स्तर से यह काम कराया जा रहा है, इसलिए पटवारी इसमें नहीं उलझेंगे। उन्होंने रजिस्ट्री का काम प्राथमिकता से कराने के निर्देश देने को कहा। बैठक में मुख्य सचिव ने रजिस्ट्री की समय-सीमा 4-5 महीने से घटाकर एक महीने करने का सुझाव दिया।

कैबिनेट बैठक में सीएम व मंत्रिगण

इस आधार पर पटवारी कर रहे विरोध

प्रदेश में 17 सितंबर से स्वामित्व योजना के तहत रजिस्ट्री शुरू होनी है। पटवारी रजिस्ट्रीकर्ता के रूप में अपना नाम दर्ज किए जाने का विरोध कर रहे हैं। उनका कहना है कि ड्रोन सर्वे या आबादी रिकॉर्ड में गलती होने पर रजिस्ट्री की जिम्मेदारी किसकी होगी।

दगडूशेठ गणपति के समक्ष महिलाओं का अथर्वशीर्ष पाठ

पाठ में हिस्सा लेने के लिए महिलाएं केवल पुणे से ही नहीं, बल्कि मुंबई, सातारा, कोल्हापुर और लातूर से भी पहुंची थीं। हल्की बारिश के बावजूद कई महिलाएं तड़के 2 बजे से ही कतारों में आकर खड़ी हो गई थीं

एजेंसी ⏭ पुणे

महाराष्ट्र की सांस्कृतिक राजधानी पुणे में ऋषि पंचमी का पर्व अत्यंत श्रद्धा और गरिमा के साथ मनाया गया। प्रसिद्ध श्रीमंत दगडूशेठ हलवाई सार्वजनिक गणपति मंदिर के बाहर मंगलवार सुबह ऐतिहासिक नजारा देखने को मिला। श्रीमंत दगडूशेठ हलवाई गणपति ट्रस्ट के 134वें गणेश चतुर्थी समारोह के दौरान ऋषि पंचमी के दौरान 35,000 से अधिक महिलाओं ने एक साथ उपस्थित होकर भगवान गणेश के अति-पवित्र 'गणपति अथर्वशीर्ष' का सामूहिक पाठ किया। इस पावन अवसर पर पारंपरिक परिधानों में पहुंचीं महिलाओं के कारण मंदिर से लेकर नाना वाड़ा तक का पूरा इलाका भक्ति और रंगों के अनूठे संगम में तब्दील हो गया।

41वें वर्ष में प्रवेश कर चुकी परंपरा

अथर्वशीर्ष का पाठ करती महिलाएं

35,000 से अधिक महिलाओं ने किया पाठ

मंदिर से नाना वाड़ा तक इलाका भक्तिमय हुआ

शंखनाद और ओंकार के साथ शुरुआत

समारोह का शुभारंभ शंखनाद और ओंकार जाप के साथ हुआ। इसके बाद 'गणराजा गणनायका' और 'मोरया रे बाप्पा मोरया रे' जैसे भक्ति गीतों ने माहौल को पूरी तरह गणेशमयी बना दिया। इसके उपरांत, 'ॐ नमो गणपतये', 'मोरया मोरया' और 'ॐ गं गणपतये नमः' के दिव्य जयघोष के बीच सामूहिक अथर्वशीर्ष पाठ शुरू हुआ। पाठ के समापन पर हजारों महिलाओं ने हाथ उठाकर तालियों की गूंज के साथ महाआरती में भाग लिया।

रात 2 बजे से कतारों में खड़ी रहीं महिलाएं

श्रीमंत दगडूशेठ हलवाई सार्वजनिक गणपति ट्रस्ट और सुवर्णयुग तरुण मंडल द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम का यह 41वां वर्ष था, जिसे ट्रस्ट के 134वें गणेशोत्सव के तहत आयोजित किया गया। पाठ में हिस्सा लेने के लिए महिलाएं केवल पुणे से ही नहीं, बल्कि मुंबई, सातारा, कोल्हापुर और लातूर से भी पहुंची थीं। हल्की बारिश के बावजूद कई महिलाएं तड़के 2 बजे से ही कतारों में आकर खड़ी हो गई थीं।



मुकेश अंबानी के घर विराजे बप्पा

मुंबई में मुकेश अंबानी के आवास एंटीलिया पर आयोजित गणपति उत्सव में बॉलीवुड और राजनीति से जुड़ी कई हस्तियां और संत शामिल हुए। उनकी छोटी बहू राधिका अंबानी ने भगवान गणेश के चरणों में एक भावपूर्ण और मनमोहक नृत्य पेश कर बप्पा को अनोखी भक्ति की है।

भारत में अमेरिका के राजदूत सर्जियो गोर ने मुंबई के लालबागचा राजा के दर्शन कर पूजा-अर्चना की।

तिरुवनंतपुरम, केरलम में गणेश चतुर्थी उत्सव में पझावंगडी श्री महा गणपति मंदिर में अरट्टू जुलूस में श्रद्धालु

बिहार के सीएम सम्राट चौधरी गणेश उत्सव के दौरान पूजा करते हुए।

गणेश उत्सव के लिए कोलकता की मिठाई की दुकान में बड़ा लड्डू बनाया।

खबर संक्षेप

विजयवाड़ा बस स्टैंड पर बैग में विस्फोटक जब्त

विजयवाड़ा। विजयवाड़ा के पंडित नेहरू बस स्टैंड पर एक संदिग्ध बैग मिलने से यात्रियों में हड़कंप मच गया। कृष्णा लंका पुलिस मौके पर पहुंची और तलाशी अभियान शुरू किया। इसके बाद इलाके को सील किया गया। बैग की तलाशी के दौरान पुलिस को जिलेटिन स्टिक और डेटोनेटर समेत विस्फोटक सामग्री मिली।

हिमांशु भाऊ गैंग ने की थी जिम ट्रेनर की हत्या

नई दिल्ली। दक्षिण दिल्ली के आया नगर में सोमवार सुबह दिनदहाड़े जिम ट्रेनर विजय कुमार की हत्या को लेकर सोशल मीडिया पर हिमांशु भाऊ के नाम से एक पोस्ट में हत्या की जिम्मेदारी लेने का दावा किया गया है। फतेहपुर बेरी थाना क्षेत्र में हंसा चौक के पास स्थित 'द परफेक्ट जिम' से बाहर बुलाकर बाइक सवार दो हमलावरों ने गोली चलाई थी।

10 हजार छात्र-छात्राओं के लिए बनेंगे हॉस्टल

नई दिल्ली। दिल्ली सरकार ने 10 हजार छात्रों के लिए हॉस्टल बनाने का फैसला किया है। इन हॉस्टल में दिल्ली की किसी भी यूनिवर्सिटी के छात्र रह सकेंगे। दिल्ली की सीएम रेखा गुप्ता ने बताया कि जब हम दिल्ली को और बड़े शिक्षा केंद्र के रूप में देखना चाहते हैं, तो यहां पर छात्रावास की जरूरत को भी पूरा करना जरूरी है।

पालघर हिंसा: 16 सितबंर तक हिरासत में आरोपी

पालघर। पालघर अस्पताल हिंसा मामले में गिरफ्तार 22 लोगों को स्थानीय अदालत ने 16 सितंबर तक पुलिस हिरासत में भेज दिया। रविवार देर रात मजिस्ट्रेट योगेश एच. गजभिये के आदेश पर पुलिस कस्टडी में भेजे गए लोगों में विधायक राजेंद्र गावित के बेटे रोहित गावित और शिवसेना के पूर्व जिला प्रमुख कुंदन सांखे शामिल हैं।

लंबे समय से अटके पड़े 'किशाऊ मल्टीपर्पस डैम प्रोजेक्ट' को मंत्री शाह ने सुलझाया

15 हजार करोड़ की परियोजना से 6 राज्यों में सिंचाई, बिजली, पेयजल की मिलेगी सुविधा

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

> राज्यों के बीच बनी सहमति के तहत, प्रोजेक्ट के जल घटक की लागत का 90% हिस्सा केंद्र सरकार केंद्रीय सहायता के तौर पर उठाएगी। बाकी 10% लागत छह राज्यों द्वारा आपस में बांटी जाएगी

लंबे समय से अटके पड़े 'किशाऊ मल्टीपर्पस डैम प्रोजेक्ट' को मंगलवार को बड़ी गति मिली। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के साथ हुई बैठक में उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, दिल्ली और हरियाणा के मुख्यमंत्रियों ने इस परियोजना पर सहमति जताई। यह समझौता शाह की अध्यक्षता में 16 जून को हुई ऐसी ही एक बैठक के लगभग 3 महीने बाद हुआ है, जिसमें 6 राज्यों ने परियोजना को लागू करने के लिए एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर आगे बढ़ने पर सहमति जताई थी। इस बैठक में ज्यादातर मुख्यमंत्री खुद शामिल हुए।

साथ ही इसमें शामिल राज्यों के मुख्य सचिव और अन्य अधिकारी, केंद्रीय गृह सचिव गोविंद मोहन समेत गृह मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद थे। उम्मीद है कि जल्द ही इस परियोजना को मंजूरी के लिए केंद्रीय मंत्रिमंडल के सामने पेश किया जाएगा।

परियोजना को मंजूरी के लिए केंद्रीय मंत्रिमंडल के सामने पेश किया जाएगा

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में 6 राज्यों के मुख्यमंत्रियों ने एमओयूप पर हस्ताक्षर किए

हिमाचल आवंटित पानी दो राज्यों को देगा

राज्य हिमाचल प्रदेश के पानी के हिस्से से जुड़े मुद्दे को सुलझाने के तरीके पर भी सहमत हुए हैं। हिमाचल प्रदेश के आवंटित पानी का हिस्सा दिल्ली और राजस्थान को दिया जाएगा, जबकि ये दोनों राज्य प्रोजेक्ट के बिजली उत्पादन वाले हिस्से में हिमाचल प्रदेश के हिस्से की लागत को आपस में बांटेंगे। उम्मीद है कि इस व्यवस्था से शामिल राज्यों के बीच एक मुख्य लंबित मुद्दे को सुलझाने और प्रोजेक्ट को लागू करने का रास्ता साफ करने में मदद मिलेगी।

कई राज्यों को मिलेगा अतिरिक्त पानी

इस प्रोजेक्ट से कई राज्यों और दिल्ली को अतिरिक्त पानी मिलने की उम्मीद है। लगभग 15,000 करोड़ रुपए के इस प्रोजेक्ट से इन राज्यों को पानी मिलने की उम्मीद है। हरियाणा को 836 क्यूसेक पानी, यूपी को 543.2 क्यूसेक, राजस्थान को 163.52 क्यूसेक और दिल्ली को 105.28 क्यूसेक पानी मिलेगा। पानी की ज्यादा उपलब्धता और बहाव से उन इलाकों में सिंचाई और पीने के पानी की जरूरतों को पूरा करने में भी मदद मिलने की उम्मीद है।

उत्तराखंड में टोंस नदी पर बनेगा डैम

किशाऊ मल्टीपर्पस डैम प्रोजेक्ट उत्तराखंड में टोंस नदी पर प्रस्तावित एक मल्टीपर्पस (बहु-उद्देशीय) जल भंडारण और जल-विद्युत प्रोजेक्ट है। टोंस नदी, यमुना नदी की एक प्रमुख सहायक नदी है। इस प्रोजेक्ट का मकसद किशाऊ जलाशय में कई उद्देश्यों के लिए पानी जमा करना है, जिनमें सिंचाई, जल-विद्युत उत्पादन और पीने के पानी की आपूर्ति बढ़ाना शामिल है। इससे यमुना में साफ़ पानी का बहाव बढ़ने और नदी को पुनर्जीवित करने के प्रयासों में मदद मिलने की भी उम्मीद है। यह प्रोजेक्ट कई सालों से विचाराधीन है। इसमें छह राज्य- हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, हरियाणा, राजस्थान और दिल्ली शामिल हैं, क्योंकि इसका पानी के बंटवारे, बिजली उत्पादन और वित्तपोषण पर असर पड़ता है।

6 राज्यों के बीच बनी सहमति

6 राज्यों के बीच सहमति बनने के बाद, अब इस प्रोजेक्ट के मंजूरी के अगले चरण की ओर बढ़ने की उम्मीद है। किशाऊ मल्टीपर्पज डैम प्रोजेक्ट को मंजूरी के लिए केंद्रीय कैबिनेट के सामने रखा जाएगा, जिसके बाद इसे लागू करने की प्रक्रिया आगे बढ़ सकती है। यह नया समझौता इस प्रोजेक्ट से जुड़े लंबे समय से चले आ रहे अंतर-राज्यीय मुद्दों को सुलझाने और ऐसे प्रोजेक्ट को आगे बढ़ाने की दिशा में एक अहम कदम है, जिसका पानी की सुरक्षा, पनबिजली, सिंचाई और यमुना को फिर से जीवित करने पर असर पड़ेगा।

यमुना नदी में बढ़ेगा पानी का बहाव

इस प्रोजेक्ट का एक मुख्य मकसद किशाऊ रिज़र्वॉयर से पानी को कंट्रोल करके जमा करने और छोड़ने के ज़रिए यमुना में पानी का बहाव बढ़ाना है। केंद्र और इसमें शामिल राज्यों ने इस प्रोजेक्ट को यमुना को फिर से जीवित करने के बड़े मकसद से जोड़ा है। पानी के अतिरिक्त बहाव से नदी में साफ पानी की उपलब्धता बेहतर होने की उम्मीद है, साथ ही रिज़र्वॉयर से सिंचाई, पीने के पानी और बिजली उत्पादन की ज़रूरतें भी पूरी होंगी।

बिना जांच विदेश जाने का मामला

उड्डयन मंत्रालय ने एयर इंडिया को थमाया शो-कॉज 'नोटिस'

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली एयरपोर्ट पर इंटरनेशनल पैसेंजर्स की आवाजाही से जुड़ी एक गंभीर चूक सामने आई है, जिसने सुरक्षा और इमिग्रेशन व्यवस्था को लेकर सवाल खड़े कर दिए हैं। मामला तीन विदेशी यात्रियों से जुड़ा है, जो दिल्ली पहुंचने के बाद तय प्रक्रिया पूरी किए बिना ही अपनी अगली इंटरनेशनल फ्लाइट तक पहुंच गए। अब इस मामले में मिनिस्ट्री ऑफ सिविल एविएशन ने एअर इंडिया से जवाब तलब किया है।

एयरलाइन को बताना होगा कि आखिर यह चूक कैसे हुई और इसके लिए जिम्मेदार कौन है। यह मामला 4 सितंबर का है। तीन इटैलियन पैसेंजर एअर इंडिया की फ्लाइट से अमृतसर से दिल्ली पहुंचे थे। इसके बाद उन्हें लुफ्थांसा की दिल्ली से म्यूनिख जाने वाली फ्लाइट पकड़नी थी। नियम के मुताबिक दिल्ली पहुंचने के बाद इन यात्रियों को अराइवल इमिग्रेशन एरिया में जाकर निर्धारित इमिग्रेशन प्रक्रिया पूरी करनी थी।

9 बिंदुओं पर मांगा जवाब

मामले को गंभीरता से लेते हुए सिविल एविएशन मिनिस्ट्री ने एअर इंडिया के सीईओ तेवोल्डे गेब्रेमारियम को शो कॉज नोटिस जारी किया है। एयरलाइन से 9 बिंदुओं पर लिखित जवाब मांगा गया है। मिनिस्ट्री ने एअर इंडिया को जवाब देने के लिए 7 दिन का समय दिया है। एयरलाइन को 19 सितंबर तक यह बताना होगा कि उसके खिलाफ कार्रवाई क्यों न की जाए। सिविल एविएशन मिनिस्ट्री ने अपने नोटिस में यात्रियों को संभालने और उन्हें एस्कॉर्ट करने वाले एअर इंडिया और एसएटीएस के कर्मचारियों की भूमिका पर भी सवाल उठाए हैं। मामले को लेकर गृह मंत्रालय ने भी मंगलवार को अधिकारियों और संबंधित पक्षों की बैठक बुलाई। गृह मंत्रालय ने इसे सुरक्षा और इमिग्रेशन से जुड़ी गंभीर चूक बताया है। केंद्रीय गृह सचिव गोविंद मोहन की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में पी बालाजी (एअर इंडिया में ग्रुप हेड-गवर्नेंस, रेगुलेटरी, कंप्लायंस और कॉर्पोरेट अफेयर्स) समेत इंटेलिजेंस ब्यूरो और अन्य सुरक्षा एजेंसियों के कई वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए।

क्या है हब-एंड-स्पोक सिस्टम ?

एअर इंडिया कुछ रूट्स पर हब-एंड-स्पोक मॉडल के तहत काम करती है। अमृतसर से जुड़ी कुछ उड़ानें भी इस व्यवस्था का हिस्सा हैं। आसान भाषा में समझें तो इस व्यवस्था में विदेश जाने वाले यात्री स्पोक एयरपोर्ट पर ही इमिग्रेशन की प्रक्रिया पूरी कर सकते हैं। इसके बाद हब एयरपोर्ट पहुंचने पर उन्हें मुख्य रूप से सिक्योरिटी चेक के बाद अपनी इंटरनेशनल फ्लाइट पकड़नी होती है। लेकिन इस मामले में अमृतसर-दिल्ली और दिल्ली-म्यूनिख की उड़ानें इस व्यवस्था के तहत नहीं थीं। इसलिए यात्रियों को दिल्ली में अराइवल इमिग्रेशन की निर्धारित प्रक्रिया से गुजरना जरूरी था।

वित्त मंत्री सीतारमण की जेन जी से अपील

राष्ट्र हित से न करें समझौता 'देश' को रखें सबसे पहले

एजेंसी ⏭ चेन्नई

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मंगलवार को 'जेन जी' और 'जेन अल्फा' पीढ़ी से नेतृत्व की जिम्मेदारी संभालने और देश को सबसे ऊपर रखने का आह्वान किया।

निर्मला सीतारमण

उन्होंने युवा स्नातकों से कहा कि वे यह पूछने के बजाय कि देश ने उनके लिए क्या किया है, इस पर विचार करें कि वे देश के लिए क्या योगदान दे सकते हैं। यहां डॉ. एमजीआर एजुकेशनल एंड रिसर्च इंस्टीट्यूट के 36वें दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए वित्त मंत्री ने कहा कि देश युवाओं की आकांक्षाओं को सुनने के लिए तैयार है। हालांकि, उन्होंने युवाओं से जिम्मेदारी और नागरिक कर्तव्य की गहरी भावना के साथ आगे आने की अपील की। सीतारमण ने कहा कि आप खुद को जेन जी कहें या जेन अल्फा, हम सभी आपकी बात सुनने के लिए तैयार हैं।

हिट-एंड-रन मामले में पुलिस का बयान

आरोपी का इरादा महिला को जान से मारने का था, दो लोग गिरफ्तार

एजेंसी ⏭ गुरुग्राम

गोल्फ कोर्स रोड पर महिला बाइकर को कार से टक्कर मारकर भागने के मामले में गुरुग्राम पुलिस ने आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है। अपराध शाखा सोहना की टीम ने मंगलवार सुबह आरोपित कल्याण बैंसला को राजस्थान के दौसा-राजगढ़ के बीच से पकड़ा। घटना के बाद वह अपने गांव पहुंचा था। वहां मीडिया को इंटरव्यू देकर अपना मोबाइल बंद कर फरार हो गया था। उसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस ने तीन टीमें गठित की थीं।

आरोपी कल्याण बैंसला

डीसीपी ईस्ट संदीप कुमार ने बताया कि गहन जांच और सीसीटीवी विश्लेषण के आधार पर पुलिस ने इस मामले में हत्या के प्रयास की धारा 109 बीएनएस जोड़ी है। वहीं पीड़िता के बयान दर्ज करने के बाद केस में महिला को परेशान करने, पीछा करने से संबंधित धारा 78, 79 बीएनएस की भी बढ़ोतरी की गई है।

आईसीडब्ल्यूए के मंच से उपराष्ट्रपति का विश्व को संदेश

आपसी सहयोग और साझेदारी से ही दुनिया में शांति-विकास संभव

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

उपराष्ट्रपति एवं इंडियन काउंसिल ऑफ वर्ल्ड अफेयर्स (आईसीडब्ल्यूए) के अध्यक्ष सीपी राधाकृष्णन ने आईसीडब्ल्यूए के 'राष्ट्रीय महत्व के संस्थान' का दर्जा प्राप्त करने की 25वीं वर्षगांठ के अवसर पर आयोजित समारोह को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि मानव प्रगति और वैश्विक शांति एक-दूसरे की पूरक हैं। दुनिया में स्थायी शांति और समावेशी विकास तभी संभव है, जब देश एक-दूसरे की चिंताओं को समझें और आपसी हितों के लिए सहयोग एवं साझेदारी की भावना से मिलकर काम करें।

इंसानी तरक्की और विश्व शांति साथ चले

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उप राष्ट्रपति

उन्होंने कहा कि टकराव और विरोधाभासों से जूझ रही दुनिया में, 'नई दिल्ली लीडर्स डिक्लेरेशन' को सर्वसम्मति से अपनाना एक बड़ी उपलब्धि थी। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि कूटनीति का पहला मकसद देशों के बीच अच्छे संबंध बनाना है।

भारत वैश्विक मंच पर उभर रहा

उप राष्ट्रपति ने कहा कि भारत शांति, तरक्की और खुशहाली के लिए एक मजबूत आवाज बनकर उभरा है। उन्होंने 'वसुधैव कुटुंबकम' की बात पर जोर दिया और 'वैक्सीन मैत्री', भारत की आपदा-प्रबंधन कोशिशों, 'लाइफ' और इंटरनेशनल सोलर अलायंस के उदाहरण दिए।

1995 के सुप्रीम फैसले को चुनौती देने वाली याचिका खारिज

उपभोक्ता कानून के दायरे में ही रहेंगे डॉक्टर, मरीजों के प्रति जवाबदेह होंगे

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि डॉक्टर और अस्पताल आगे भी उपभोक्ता संरक्षण कानून के तहत ही मरीजों के प्रति जवाबदेह रहेंगे। इस बारे में दायर एक सुधारात्मक याचिका को सुप्रीम कोर्ट की पांच जजों की पीठ ने खारिज कर दिया। याचिका में 1995 के सुप्रीम कोर्ट के उस फैसले को चुनौती दी गई थी जिसमें चिकित्सा सेवाओं को उपभोक्ता संरक्षण कानून (सीपीए) के दायरे में लाया गया था।

मेडिको लीगल सोसाइटी ऑफ इंडिया ने दायर की थी याचिका

जस्टिस विक्रम नाथ, जस्टिस बीवी नागरत्ना, जस्टिस एमएम सुंदरेश, जस्टिस प्रशांत कुमार मिश्रा और जस्टिस केवी विश्वनाथन की पांच जजों की पीठ ने 9 सितंबर को याचिका खारिज करते हुए कहा, क्यूरेटिव याचिका पर विचार करने के लिए तय किए गए नियमों के तहत कोई मामला नहीं बनता है। याचिका मेडिको लीगल सोसाइटी ऑफ इंडिया के डॉ. राजीव डी जोशी ने दायर की थी।

वकीलों को मिली छूट को बनाया था आधार

याचिका में सुप्रीम कोर्ट के उस आदेश का हवाला दिया गया था जिसमें शीर्ष कोर्ट ने कहा था कि कानूनी पेशेवरों (वकीलों) के खिलाफ सेवा में कमी के लिए उपभोक्ता संरक्षण कानून के तहत कार्रवाई नहीं की जा सकती। इस फैसले के आधार पर क्यूरेटिव याचिका में 1995 के फैसले पर पुनर्विचार का अनुरोध किया गया था। पीठ ने कहा, यह संदर्भ गैर-जरूरी था। वकीलों से जुड़ा पिछला फैसला खास तौर पर कानूनी पेशे से संबंधित था और उपभोक्ता संरक्षण कानून से वकीलों को बाहर रखने का मतलब यह नहीं है कि चिकित्सा पेशेवरों पर लागू कानून के मामले को फिर से खोलने की जरूरत है।

मथुरा के कोसीकलां की ज्वेलरी शॉप से 14 करोड़ की चोरी

10.5 किलो सोना और 15 लाख नकदी चोरी की थी

पुलिस हिरासत में पूर्व कर्मचारी आरोपी से सोना-नकदी बरामद

मथुरा ⏭ नई दिल्ली

कोसीकलां में रविवार रात कस्बे के सबसे बड़े सर्राफ जुगल किशोर अमित कुमार एंड संस के शोरूम में 10.50 किलो सोना और 15 लाख की नकदी उन्हीं के पुराने कर्मचारी पप्पू ने चुराई थी।

उसने अकेले ही इस वारदात को अंजाम दिया था। पुलिस ने देर रात पप्पू को हिरासत में ले लिया है। सूत्रों का कहना है कि उसके पास से सोना बरामद भी हो गया है।

सीसीटीवी में दिखा चोरी का सामान ले जाता हुआ शख्स

दुकान की छत से अंदर घुसा

आरोपी चोर पड़ोसी घर की बाउंड्री वॉल पर चढ़कर और कई घरों की छतों को पार करके दुकान की छत तक पहुंचा। इसके बाद उसने दुकान में घुसने के लिए गैस कटर से लोहे की जाली काटी, जो बंदरों को अंदर आने से रोकने के लिए लगाई गई थी।

11 टीमों ने रात भर दबिश दी

सर्राफ ने कद-काठी के मुताबिक, उसके अपने पूर्व कर्मचारी पप्पू के होने की आशंका जताई। पुलिस की 11 टीमों ने रात भर तलाश की। कोसीकलां के ही रहने वाले पप्पू को हिरासत में ले लिया गया है। सूत्रों का कहना है कि उसके पास से 8 किलो सोना और 12 लाख रुपए की नकदी बरामद हुई है। लेकिन पुलिस अभी इस पूरे मामले में कुछ नहीं बोल रही है। एसएसपी का कहना है कि मामले में आरोपित की जांच की जा रही है।

अकेले ही की थी वारदात

कोसीकलां में सराफा बाजार स्थित जुगल किशोर अमित कुमार एंड संस के शोरूम में रात में पड़ोसी दुकान की छत से चढ़े चोर ने जीने में लगा दरवाजा काटा, इसके बाद शोरूम में दाखिल हुआ। शोरूम के स्ट्रांग रूम का दरवाजा भी उसने काटा। फिर वहां रखी चाबी से तिजोरी खोली। यहां रखा साढ़े दस किलो सोना और 15 लाख रुपये नकद पार कर दी। चोर सात घंटे तक शोरूम के अंदर रहा। मुंह ढककर आते-जाते समय उसका चेहरा सीसीटीवी में कैद हो गया।

दुकान में 8 घंटे तक रहा

बता दें, रविवार रात करीब 9.30 बजे काले कपड़े पहने एक शख्स मथुरा में एक ज्वैलरी शॉप की छत के रास्ते अंदर घुस गया, वह लगभग आठ घंटे तक अंदर रहा और सुबह 5.30 बजे बाहर निकला। उसने दुकान से 14 करोड़ रुपये का 10 किलो से ज़्यादा सोना और करीब 14 लाख रुपये नकद गायब कर दिया। इसके साथ ही दुकान का सीसीटीवी डिजिटल वीडियो रिकॉर्डर (डीवीआर) भी गायब मिला।

जबलपुर
बुधवार 16 सितंबर 2026
भाद्रपद मास शुक्ल पक्ष-5
वर्ष : 21, अंक : 134
पृष्ठ : 14 मूल्य : 3.00 *

मौसम
अधि. 29
न्यून. 22

हरिभूमि
मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

सेवा संकल्प अभियान के राष्ट्रीय समिति के सदस्य ओपी चौधरी के साथ डॉ. हिमांशु द्विवेदी की खास बातचीत

सेवा, संकल्प अभियान है विकसित भारत का विजनः ओपी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

देश की राजधानी में 17 सितंबर 2026 एक ऐतिहासिक पड़ाव के रूप में दर्ज होने जा रहा है। नरेंद्र मोदी बतौर मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री लगातार 25 वर्ष पूरे करने वाले स्वतंत्र भारत के पहले नेता बन रहे हैं। इसी दिन वे अपने जीवन के 75 वर्ष भी पूर्ण करेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संवैधानिक पद (मुख्यमंत्री एवं प्रधानमंत्री) पर 25 वर्ष पूरे होने और 75वें जन्मदिन के उपलक्ष्य में भारतीय जनता पार्टी 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक एक माह का सेवा संकल्प अभियान चला रही है। इस अभियान की राष्ट्रीय समिति के सदस्य व छत्तीसगढ़ के वित्तमंत्री ओपी चौधरी ने खास बातचीत में बताया, यह आयोजन केवल संगठन का नहीं, बल्कि समाज, सरकार और संगठन तीनों की सहभागिता से जनसेवा को समर्पित एक ऐतिहासिक पहल है। हरिभूमि-आईएनएच के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी से खास मुलाकात में ओपी चौधरी ने न केवल इस अभियान की रूपरेखा बताई, बल्कि नरेंद्र मोदी के 25 वर्षों की राजनीतिक यात्रा, उपलब्धियों और भाजपा की आगे की रणनीति पर भी विस्तार से चर्चा की।

inh विशेष

प्रस्तुत हैं प्रमुख अंश

प्रश्नः सेवा संकल्प अभियान के लिए एक समिति बनी। आपसे जानना यह है, समिति जो बनी उसे कार्यक्रम दिया गया या जो समिति बनी उसने कार्यक्रम बनाया? पहले तो यहां से शुरुआत करते हैं। थोड़ा इस पर रोशनी डालेंगे?

उत्तरः जी, भारतीय जनता पार्टी की जो कार्यप्रणाली है, आप भी बहुत अच्छे तरीके से समझते हैं, बहुत ही सामूहिकता की कार्यप्रणाली होती है और उसमें हर तरह के फीडबैक्स को वेलकम किया जाता है। कोई बहुत जूनियर कार्यकर्ता हो, कोई बहुत सीनियर कार्यकर्ता हो, कोई अनुभवी होते हैं, कोई यंग ब्लड होते हैं, सब तरह के विचारों को सुना जाता है, अलग-अलग फोरम से डेलिब्रेशंस किया जाता है। उसके बाद एक अच्छी योजना बना करके ऐसे काम किए जाते हैं जिससे जनता के दिल में स्थान बने, जिसमें एक्चुअल में जनता को फायदा भी हो। जन्मदिवस अगर नरेंद्र मोदी जी का मना रहे हैं तो 'सेवा दिवस' के रूप में मना रहे हैं। तो हम सेवा की थीम को लेकर के आगे बढ़ें और यह सब एक सामूहिक निर्णय प्रक्रिया के तहत होता है और बहुत ही क्लैरिटी के साथ जनसेवा उसका मुख्य थीम है।

प्रश्नः क्या पार्टी के शीर्ष नेतृत्व ने पहले कार्यक्रम की परिकल्पना की फिर आप सबको याद किया, या आप सबको याद किया और फिर कार्यक्रम की परिकल्पना आई?

उत्तरः अलग-अलग प्लेटफॉर्म्स से, अलग-अलग तरीके से, अलग-अलग लोगों से डेलिब्रेशन करके बहुत सारे कार्यक्रमों की सूची बनी थी। उस सूची को हम लोगों ने तैयार किया, पूरी टीम ने सामूहिकता के साथ सूची तैयार की। उस समिति में, उस कमेटी में जो लोग हैं, उसके बाहर के भी अनेक महत्वपूर्ण लोगों से हमने चर्चा की, उनके फीडबैक लिए, सुझाव लिए और एक कलेक्शन बनाया। और उसके बाद हमने अपने ऊपर के संगठन के, हमारे सीनियर लोगों को दिखाकर के फिर उन्होंने फिर उसको शॉर्टलिस्टेड भी करना था, ऑब्वियस सी बात है बहुत सारे कार्यक्रम नहीं हो सकते, तो फिर बाद में हमारे इस संगठन के अनुभवी लोगों से हमने परामर्श करके शॉर्टलिस्टिंग का काम किया।

प्रश्नः तो फाइनल कार्यक्रम का स्वरूप क्या बना है? एक महीने तक कार्यक्रम चलाना है, एक दिन का समझ में आता है, एक हफ्ते का भी समझ में आता है, आप तो एक महीने तक ले बैठे हैं।

उत्तरः भारतीय जनता पार्टी में एक महीना क्या, 365 दिन काम करने वाले हमारे सभी कार्यकर्ता साथी हैं। भारत देश की जनता में भी इतना नरेंद्र मोदी के लिए समर्पण है कि नरेंद्र मोदी के लिए आम लोग, सामाजिक लोग, शैक्षणिक लोग, विभिन्न प्रकार के प्रोफेशनल लोग भी हमेशा उनके लिए कुछ अच्छा करने के लिए प्रतिबद्ध रहते हैं। तो एक महीना क्या, हम तो एक साल तक भी इस तरह के अच्छे काम को जनता के हित में चला सकते हैं।

खबर संक्षेप

राज्यपाल की नियुक्ति मामले में फैसला सुरक्षित

जबलपुर। मप्र के राज्यपाल मंगुभाई पटेल का पांच साल का कार्यकाल पूरा होने के बाद नए राज्यपाल की नियुक्ति नहीं होने को लेकर दायर जनहित याचिका पर मंगलवार को हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद खंडपीठ ने फैसला सुरक्षित रख लिया। मंगुभाई पटेल ने 8 जुलाई 2021 को राज्यपाल पद संभाला था और उनका कार्यकाल 7 जुलाई 2026 को पूरा हो चुका है।

राजपाल को दो हफ्ते में जमा करने होंगे 2 करोड़

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को अभिनेता राजपाल यादव को चेक बाउंस मामले में दो हफ्ते के भीतर कम से कम 2 करोड़ रुपए रजिस्ट्री में जमा करने का आखिरी मौका दिया। मामले में उन पर मुरली प्रोडक्शंस के मालिक के करीब 5 करोड़ रुपए बकाया होने का आरोप है। यादव के वकील ने कोर्ट को भरोसा दिलाया कि तय समय में 2 करोड़ रुपए जमा किए जाएंगे और बाकी रकम के लिए जमानत दी जाएगी।

बेरोजगारी दर छह महीने के निचले स्तर पर पहुंची

नई दिल्ली। अगस्त में भारत की बेरोजगारी दर घटकर छह महीने के निचले स्तर 5% पर आ गई, जो जुलाई में 5.1% थी। ताजा आंकड़ों के अनुसार, बेरोजगारी में कमी की प्रमुख वजह ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार की स्थिति में सुधार रहा। ग्रामीण बेरोजगारी दर जुलाई के 4.5% से घटकर 4.1% हो गई, जबकि शहरी बेरोजगारी 6.7% से बढ़कर 6.8% हो गई। अगस्त में वर्कर पॉपुलेशन रेश्यो बढ़कर 52.8% हो गया।

यूपीआई शुल्क के मुद्दे पर कांग्रेस ने केंद्र सरकार पर हमला बोला

नेशनल पेमेंट्स कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया का बड़ा ऐलान

यूपीआई से 2000 रु. से अधिक के लेन-देन पर 0.4% तक एमडीआर

इससे प्राप्त आय का उपयोग भुगतान बुनियादी ढांचे में निवेश के लिए किया जाएगा। साथ ही, साइबर सुरक्षा, नवाचार और ग्राहक सेवा को बेहतर बनाने में भी मदद मिलेगी

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

नेशनल पेमेंट्स कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया (एनपीसीआई) ने मंगलवार को एक महत्वपूर्ण घोषणा की है। 15 अक्टूबर से चुनिंदा पर्सन-टू-मर्चेंट (पी2एम) यूपीआई लेन-देन पर मर्चेंट डिस्काउंट रेट (एमडीआर) लगेगा। यह बदलाव डिजिटल भुगतान के क्षेत्र में एक नया अध्याय शुरू करेगा। एनपीसीआई के अनुसार, 2,000 रुपए से अधिक के लेनदेन पर व्यापारियों को 0.4 फीसदी का शुल्क देना होगा। 75,000 रुपए या उससे अधिक के प्रति भुगतान पर अधिकतम शुल्क 300 रुपए तय किया गया है। यह नया ढांचा यूपीआई पारिस्थितिकी तंत्र के लिए अधिक टिकाऊ वाणिज्यिक मॉडल बनाने के उद्देश्य से है। इससे प्राप्त आय का उपयोग भुगतान बुनियादी ढांचे में निवेश के लिए किया जाएगा। साथ ही, साइबर सुरक्षा, नवाचार और ग्राहक सेवा को बेहतर बनाने में भी मदद मिलेगी। यह कदम डिजिटल लेनदेन को और मजबूत करेगा।

यह फैसला 15 अक्टूबर से लागू होगा एमडीआर यानी मर्चेंट डिस्काउंट रेट

फाइल फोटो

▸▸ 75,000 रुपए या उससे अधिक के भुगतान पर अधिकतम शुल्क 300 रुपए तय किया गया

▸▸ अगस्त 2026 में यूपीआई पर करीब 2451 करोड़ लेन-देन हुए, कुल कीमत करीब 29.82 लाख करोड़ रही

सरकार ने छोटे दुकानदारों के लिए प्रोत्साहन योजना शुरू की थी

सरकार ने यूपीआई को प्रमोट करने और फ्री रखने के लिए 2021-22 से प्रोत्साहन योजना शुरू की थी। इसके तहत ग्राहक से छोटे दुकानदार को होने वाले 2,000 तक के यूपीआई पेमेंट पर 0.15% इंसेंटिव दिया जाता था। 2024-25 तक इस पर 8,276 करोड़ का इंसेंटिव दिया गया।

एमडीआर क्या होता है?

एमडीआर यानी मर्चेंट डिस्काउंट रेट वो फीस है जो दुकानदार या कारोबारी डिजिटल पेमेंट स्वीकार करने के बदले बैंक या पेमेंट कंपनी को देता है। डेबिट और क्रेडिट कार्ड के मामले में ऐसी फीस लगती है। लेकिन दिसंबर 2019 से यूपीआई पर यह फीस खत्म थी।

यूपीआई शुल्क पर राहुल गांधी का तंज

अमेरिकी दबाव के आगे सरेंडर कर रहे मोदी

यूपीआई शुल्क के मुद्दे पर कांग्रेस ने केंद्र सरकार पर हमला बोला है। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एक बार फिर अमेरिकी दबाव के आगे झुक रहे हैं और सरकार ने 2000 रुपए से अधिक के मर्चेंट यूपीआई लेन-देन पर शुल्क लगाने का रास्ता खोल दिया है। उन्होंने दावा किया कि ऐसे लेनदेन संख्या में भले करीब 5 प्रतिशत हों, लेकिन यूपीआई की कुल ट्रांजेक्शन वैल्यू में इनकी हिस्सेदारी लगभग 65 प्रतिशत है।

राहुल गांधी

छात्रों की गूंज पर विजयवर्गीय बोले

रैपर को बुलाने की जरूरत क्या है राहुल गांधी खुद ही काफी हैं

कैलाश विजयवर्गीय

इंदौर। 19 सितंबर को इंदौर में राहुल गांधी के प्रस्तावित कार्यक्रम छात्रों की गूंज को लेकर मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने कार्यक्रम में रैपर को बुलाए जाने पर कहा कि रैपर को बुलाने की आवश्यकता क्या है, राहुल गांधी खुद ही काफी हैं। विजयवर्गीय ने बताया कि जिस स्थान पर कार्यक्रम की अनुमति मांगी गई थी, वहां कोर्ट के चलते अनुमति नहीं मिल सकी।

पुलिस भीड़ को नियंत्रित करने के दौरान हल्का बल प्रयोग करते हुए

गर्भवती महिला से मारपीट के आरोप में बवाल

थाना घेरा... पुलिस पर पथराव लाठियों व आंसू गैस से खदेड़ा

▸▸ दोषी पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई और पीड़ित परिवार को मुआवजे की मांग

▸▸ जिले के अलग-अलग क्षेत्रों से बड़ी संख्या में लोग किरनापुर थाने पहुंचे

जिले भर से जुटे लोग

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बालाघाट

किरनापुर थाने में पति-पत्नी से कथित मारपीट के मामले को लेकर मंगलवार को मरार माली समाज के हजारों लोगों ने प्रदर्शन किया। जिले के अलग-अलग क्षेत्रों से बड़ी संख्या में लोग किरनापुर पहुंचे और रैली निकालकर थाने का घेराव किया। प्रदर्शनकारियों ने मामले में दोषी पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई और पीड़ित परिवार को न्याय व मुआवजे देने की मांग की। इसी दौरान कुछ लोगों ने थाने के सामने का गेट खोलकर अंदर प्रवेश करने का प्रयास किया।

चार पुलिसवाले निलंबित किए जा चुके

घटना 2 सितंबर की है, जबकि मामला 7 सितंबर को सामने आया। मामला सामने आने के बाद एसपी आदित्य मिश्रा ने उपनिरीक्षक दामेंद्र तुरकर, प्रधान आरक्षक आशीष बघेल, आरक्षक कपिल बघेल और महिला आरक्षक मेघा टेकाम को निलंबित कर दिया था। एसपी ने मामले की जांच के लिए डीएसपी प्रतिष्ठा राठौर के नेतृत्व में चार सदस्यीय एसआईटी का गठन भी किया है।

दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे पर भीषण हादसा

खड़े ट्रक में जा घुसी कार, 3 श्रद्धालुओं की मौत, एक गंभीर

हरियाणा से सांवरिया सेठ और खाटू श्याम जी के दर्शन के लिए आ रहे थे

हरिभूमि न्यूज ▸▸ मंदसौर

दुर्घटना के बाद कार की स्थिति

दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे पर मंगलवार तड़के एक दर्दनाक सड़क हादसे में तीन श्रद्धालुओं की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसा गरोठ थाना क्षेत्र में सुबह करीब 4:30 बजे हुआ, जब हरियाणा से सांवरिया सेठ और खाटू श्याम जी के दर्शन के लिए जा रही एक तेज रफ्तार कार सड़क किनारे खड़े ट्रक से टकरा गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार टक्कर इतनी भीषण थी कि कार का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया।

कर्नल सोफिया कुरैशी पर टिप्पणी का मामला

शाह के खिलाफ केस चलाने की अनुमति नहीं देगी सरकार

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

ऑपरेशन सिंदूर के दौरान सेना के पराक्रम की जानकारी देश के सामने रखने वाली सैन्य अधिकारी कर्नल सोफिया कुरैशी पर विवादित टिप्पणी करने वाले मंत्री विजय शाह के खिलाफ मुकदमा चलाने की अनुमति नहीं देने का फैसला सरकार ने किया है। राज्य सरकार इस संबंध में अपनी रिपोर्ट सुप्रीम कोर्ट में पेश करेगी। कैबिनेट की अनुशंसा पर राज्यपाल मंगुभाई पटेल की मंजूरी के बाद गृह विभाग ने आदेश के प्रारूप का विधि एवं विधायी विभाग से परीक्षण कराकर उसे मुख्यमंत्री कार्यालय भेज दिया है। सीएमओ से हरी झंडी मिलते ही गृह विभाग आदेश जारी कर सुप्रीम कोर्ट में रिपोर्ट दाखिल करेगा।

विजय शाह

कैबिनेट की अनुशंसा पर राज्यपाल की मंजूरी सुप्रीम कोर्ट में देगी रिपोर्ट

भोपाल पहुंचे ओवैसी, यूसीसी पर भाजपा सहयोगियों को घेरा

संविधान देता है हमें धर्म पालन की स्वतंत्रता धार्मिक कानून अन्य समुदाय पर थोपना गलत



भाजपा से वैचारिक मतभेद हैं तो सहयोगी दल समान नागरिक संहिता का विरोध करें

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी मंगलवार को पार्टी के कार्यक्रम में शामिल होने भोपाल पहुंचे। सेंट्रल लाइब्रेरी परिसर में आयोजित कार्यक्रम से पहले उन्होंने मीडिया से बातचीत में समान नागरिक संहिता (यूसीसी) का विरोध किया। ओवैसी ने कहा कि संविधान नागरिकों को अपने धर्म का पालन करने की स्वतंत्रता देता है। ओवैसी ने भाजपा के सहयोगी दलों से भी यूसीसी का विरोध करने की अपील की।

अनुच्छेद 14, 25, 26 और 29 का हवाला दिया

ओवैसी ने संविधान के अनुच्छेद 14, 25, 26 और 29 का हवाला देते हुए कहा कि नागरिकों को समानता के साथ अपने धर्म का पालन करने का अधिकार मिला है। उन्होंने आरोप लगाया कि उत्तराखंड, गुजरात और असम में लागू किए जा रहे यूसीसी के जरिए गैर-हिंदुओं पर हिंदू उत्तराधिकार, विवाह और दत्तक एवं भरण-पोषण से जुड़े कानून लागू करने की कोशिश की जा रही है।

जस्टिस के अवकाश पर होने से नहीं हो सकी सुनवाई

भोपाल के रहवासी इलाकों में कारोबार

62,500 प्रतिष्ठानों के मामले में सुप्रीम कोर्ट की सुनवाई टली

निगम 8,084 को नोटिस और 190 प्रतिष्ठान बंद करने की रिपोर्ट दाखिल कर चुका

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

शहर के रहवासी इलाकों में संचालित व्यावसायिक प्रतिष्ठानों के मामले में मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट में प्रस्तावित सुनवाई टल गई। संबंधित जस्टिस के अवकाश पर होने के कारण सुनवाई नहीं हो सकी। अब अगली तारीख बाद में तय की जाएगी। मामले में भोपाल के करीब 62,500 प्रतिष्ठानों का रिकॉर्ड और नगर निगम की अब तक की कार्रवाई अहम है। निगम सुप्रीम कोर्ट में अपनी एक्शन टेकन रिपोर्ट दाखिल कर चुका है, जबकि रहवासियों की ओर से कार्रवाई पर सवाल उठाते हुए दस्तावेज और आपत्तियां कोर्ट के समक्ष रखी गई हैं। रहवासियों का दावा है कि नगर निगम की कार्रवाई के बावजूद कुछ प्रतिष्ठान दोबारा खुल गए हैं। इससे कार्रवाई की प्रभावशीलता पर सवाल उठ रहे हैं। आवासीय भवनों के व्यावसायिक उपयोग और अवैध निर्माण के मामले में सुप्रीम कोर्ट ने 5 अगस्त को महत्वपूर्ण आदेश दिए थे। इसके बाद नगर निगम ने रहवासी क्षेत्रों में संचालित व्यावसायिक प्रतिष्ठानों को नोटिस जारी करने की कार्रवाई शुरू की थी।

मेटा ने भारत में बच्चों के यौन शोषण से जुड़े मामलों को लेकर बड़ा फैसला किया

इंस्टाग्राम और फेसबुक पर आने वाले गंभीर मामलों की जांच में मिलेगी मदद

ऐसे मामलों की जानकारी भारतीय कानून लागू करने वाली एजेंसियों के साथ साझा करने पर सहमति जताई

अगर मेटा के प्लेटफॉर्म पर बच्चों के यौन शोषण से जुड़ा कोई गंभीर मामला सामने आता है, तो उसकी जानकारी सिर्फ कंटेंट हटाने तक सीमित नहीं रहेगी

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

भारत सरकार सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर बच्चों से जुड़े यौन शोषण और हानिकारक कंटेंट को लेकर सख्त है। इसी बीच मेटा ने ऐसे मामलों की जानकारी भारतीय कानून लागू करने वाली एजेंसियों को देने पर सहमति जताई है। इससे इंस्टाग्राम और फेसबुक पर सामने आने वाले गंभीर मामलों की जांच में मदद मिल सकती है। सरकार सोशल मीडिया कंपनियों के साथ बातचीत कर रही है। मेटा ने भारत में बच्चों के यौन शोषण से जुड़े मामलों को लेकर बड़ा फैसला किया है कंपनी ऐसे मामलों की जानकारी भारतीय कानून लागू करने वाली एजेंसियों के साथ शेयर करने पर सहमत हो गई है।

फाइल फोटो

आखिर पूरा मामला क्या है?

भारत में सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर बच्चों की सुरक्षा को लेकर सरकार का दबाव बढ़ रहा है। खासकर बच्चों से जुड़े यौन शोषण के कंटेंट को लेकर कंपनियों से सवाल पूछे जा रहे हैं। इसी सिलसिले में राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग यानी एनसीपीसीआर ने मेटा के अधिकारियों को भी बुलाया था।

पॉक्सो कानून भी है अहम

भारत में बच्चों के यौन अपराधों से जुड़े मामलों में पॉक्सो कानून लागू होता है। इस कानून के तहत बच्चों को यौन अपराधों से बचाने के लिए सख्त प्रावधान हैं। ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर ऐसे मामलों की जानकारी मिलने के बाद समय पर कार्रवाई करना जरूरी है।

चिंतन

धरती के लिए खतरा बढ़ा रही अंतरिक्ष में हथियारों की आहट

अमेरिका ने पहली बार सार्वजनिक रूप से यह स्वीकार किया है कि उसने अंतरिक्ष में हथियार तैनात कर रखे हैं। अमेरिकी वायुसेना के सचिव ट्रॉय मिंक का यह खुलासा ऐसे समय हुआ है, जब अमेरिका, रूस और चीन के बीच अंतरिक्ष में रणनीतिक बढ़त हासिल करने की होड़ लगातार तेज हो रही है। सवाल इसलिए केवल यह नहीं है कि अमेरिका ने अंतरिक्ष में कौन से हथियार तैनात किए हैं, बल्कि यह भी है कि इस खुलासे का समय क्या संकेत देता है? क्या यह ईरान और पश्चिम एशिया में चल रहे घटनाक्रम से दुनिया का ध्यान हटाने की कोशिश है या फिर अंतरिक्ष में हथियारों की होड़ के एक नए दौर का सार्वजनिक ऐलान? अमेरिकी अधिकारी ने यह तो कहा कि ऑर्बिट में मौजूद हथियार जरूरत पड़ने पर अमेरिकी सैनिकों और अंतरिक्ष प्रणालियों को दुश्मन के हमले से बचाने के लिए इस्तेमाल किए जा सकते हैं, लेकिन यह नहीं बताया कि ये हथियार किस प्रकार के हैं, कितने हैं और इन्हें कब अंतरिक्ष में भेजा गया। यही गोपनीयता इस पूरे घटनाक्रम को और गंभीर बनाती है। आज के युद्ध में सैटेलाइट किसी देश की आंख, कान और संचार व्यवस्था की रीढ़ बन चुके हैं। सेना इनके जरिए संपर्क बनाए रखती है, दुश्मन की गतिविधियों पर नजर रखती है, मिसाइलों की चेतावनी हासिल करती है और अपने सैनिकों तथा हथियारों की स्थिति का पता लगाती है। इसलिए अंतरिक्ष पर नियंत्रण का अर्थ धीरे-धीरे युद्ध के मैदान पर बढ़त हासिल करने से जुड़ता जा रहा है। अमेरिका लंबे समय से रूस और चीन की अंतरिक्ष सैन्य क्षमताओं को लेकर चिंता जताता रहा है। रूस के अंतरिक्ष में परमाणु क्षमता विकसित करने की आशंकाओं को लेकर भी अमेरिका चिंता जाहिर करता रहा है, हालांकि मॉस्को इन आरोपों से इनकार करता है। दूसरी ओर, चीन भी अपनी सैन्य आधुनिकीकरण नीति के तहत अंतरिक्ष और एंटी-सैटेलाइट तकनीक में तेजी से आगे बढ़ रहा है। ऐसे में अमेरिका का यह कहना कि उसके पास भी ऑर्बिट में हथियार मौजूद हैं, सुरक्षा की मजबूरी के रूप में पेश किया जा सकता है। समस्या यह है कि एक देश की सुरक्षा दूसरे देश के लिए खतरा बन सकती है। परिणाम वही होगा जो दुनिया ने परमाणु हथियारों की होड़ में देखा। सुरक्षा के नाम पर शुरू हुई प्रतिस्पर्धा धीरे-धीरे असुरक्षा को बढ़ाती चली गई। इस घटनाक्रम का सबसे चिंताजनक पहलू यही है कि अंतरिक्ष अब केवल वैज्ञानिक अनुसंधान, संचार और मानव प्रगति का क्षेत्र नहीं रह गया है। वह तेजी से सैन्य रणनीति का नया मोर्चा बन रहा है। यदि किसी बड़े संघर्ष में सैटेलाइटों को निशाना बनाया गया तो उसका असर केवल सैनिक अभियानों तक सीमित नहीं रहेगा। नेविगेशन, विमानन, समुद्री परिवहन, मौसम पूर्वानुमान, आपदा प्रबंधन, दूरसंचार और वित्तीय सेवाओं तक पर असर पड़ सकता है। अंतरिक्ष में मुठभेड़ हुई तो उसकी कीमत धरती पर आम आदमी चुका सकता है। यहीं 1967 की आउटर स्पेस ट्रीटी की प्रासंगिकता सामने आती है। इस संधि ने पृथ्वी की कक्षा में परमाणु हथियारों और सामूहिक विनाश के अन्य हथियारों की तैनाती पर रोक लगाई थी। लेकिन इसमें पारंपरिक हथियारों के अंतरिक्ष में इस्तेमाल पर वैसी स्पष्ट और व्यापक रोक नहीं है। अमेरिका का ताजा खुलासा इसलिए दुनिया के लिए चेतावनी है कि अंतरिक्ष को युद्ध का नया मैदान बनने से रोकने के लिए मौजूदा अंतरराष्ट्रीय नियम पर्याप्त नहीं हैं। दुनिया को अब यह तय करना होगा कि अंतरिक्ष में कौन-सी सैन्य गतिविधियां स्वीकार्य होंगी और कौन-सी नहीं।



पश्चिम एशिया संकट
अखिलेश आर्येन्दु

ऊर्जा जरूरत और अर्थव्यवस्था पर असर

> तेल की कीमत 100 डालर के पार पहुंच गई है, जिसका असर दुनियाभर में साफ-साफ दिखाई दे रहा है। भारत जैसे बड़े तेल आयातक देश के लिए इसका अर्थ है-ऊर्जा सुरक्षा के लिए बड़ी चुनौती, रुपये पर दबाव, महंगाई का जोखिम और आयात बिल में वृद्धि। जैसे-जैसे सैन्य तनाव बढ़ता जा रहा है, वैसे-वैसे तमाम तरह की समस्याएं बढ़ रही हैं। सवाल खड़ा किया जा रहा है कि क्या भारत की बड़ी अर्थव्यवस्था की ऊर्जा सुरक्षा इतनी अधिक आयातित तेल पर निर्भर रह सकती है? पश्चिम एशिया में संघर्ष और महत्वपूर्ण समुद्री मार्गों पर व्यवधान ने तेल की आपूर्ति को लेकर चिंता बढ़ा दी है। भारत के लिए यह चिंता इसलिए बड़ी है क्योंकि देश अपनी तेल जरूरतों का बड़ा हिस्सा आयात करता है।

पश्चिम एशिया संकट सुलझता हुआ दिखाई नहीं दे रहा है। अमेरिका पीछे हटने को तैयार नहीं है और न ईरान ही। ऐसा लग रहा है कि यह युद्ध रूस-यूक्रेन जैसा लम्बा खिंचेगा। तेल की कीमत 100 डालर के पार पहुंच गई है, जिसका असर दुनियाभर में साफ-साफ दिखाई दे रहा है। भारत जैसे बड़े तेल आयातक देश के लिए इसका अर्थ है-ऊर्जा सुरक्षा के लिए बड़ी चुनौती, रुपये पर दबाव, महंगाई का जोखिम और आयात बिल में वृद्धि। जैसे-जैसे सैन्य तनाव बढ़ता जा रहा है, वैसे-वैसे तमाम तरह की समस्याएं बढ़ रही हैं।

सवाल खड़ा किया जा रहा है कि क्या भारत की बड़ी अर्थव्यवस्था की ऊर्जा सुरक्षा इतनी अधिक आयातित तेल पर निर्भर रह सकती है? पश्चिम एशिया में संघर्ष और महत्वपूर्ण समुद्री मार्गों पर व्यवधान ने तेल की आपूर्ति को लेकर चिंता बढ़ा दी है। भारत के लिए यह चिंता इसलिए बड़ी है क्योंकि देश अपनी तेल जरूरतों का बड़ा हिस्सा आयात करता है। ऐसे में तेल की अंतरराष्ट्रीय कीमत में हर उछाल भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए चुनौती लेकर आता है। तेल केवल पेट्रोल पंप पर बिकने वाला ईंधन नहीं है, इसका संबंध अर्थव्यवस्था के तकरीबन हर क्षेत्र से है। परिवहन, कृषि, विमानन, पेट्रोकेमिकल उद्योग में कच्चे तेल से बनने वाले उत्पादों का इस्तेमाल होता है। प्लास्टिक, रसायन, सिंथेटिक फाइबर और अनेक औद्योगिक वस्तुओं की लागत भी ऊर्जा कीमतों से जुड़ी होती है। इसलिए कच्चे तेल की कीमत बढ़ने का असर धीरे-धीरे ही सही, हर क्षेत्र में दिखाई देता है। सबसे पहले आयात बिल बढ़ता है। इसके बाद डालर की मांग बढ़ती है और रुपये पर दबाव बढ़ जाता है। रुपया लगातार प्रतिदिन गिर रहा है। रुपया कमजोर होने पर भारत में आयातित तेल और महंगा हो जाता है। यानी भारत के सामने दोहरा दबाव पैदा हो जाता है- अंतरराष्ट्रीय बाजार में तेल महंगा और डालर के मुकाबले रुपया कमजोर। रुपया कमजोर होने का मतलब डालर की मांग बढ़ना और आयात की हुई हर वस्तु की कीमत अधिक चुकता करना। महंगाई बढ़ने की बड़ी वजह रुपये का लगातार कमजोर होते जाना है। इसलिए एशिया संकट जितनी जल्दी खत्म होगा, भारत के लिए उतना ही अच्छा होगा। पश्चिम एशिया में तेल की कीमतों का लगातार बढ़ते जाने के बावजूद भारत में उस तरह की महंगाई का दौर नहीं आया, जैसे दुनिया के दूसरे देशों में देखने में आया और अभी भी बना हुआ है। सवाल यह है कि तेल के दाम बढ़ते जाने के असर से भारत में वस्तुओं के दाम स्थिर बनाए रखना क्या हर स्थिति में संभव होगा? अर्थशास्त्रियों के अनुसार दुनिया में तेल संकट के बाद भी भारत में महंगाई उस दर से नहीं बढ़ी, जैसे भारत के पड़ोसी देशों में बढ़ी। इसकी वजह है भारत के पास दुनिया की बड़ी रिफाइनिंग क्षमता वाला सुरक्षा कवच का होना। इस सुरक्षा कवच के कारण कच्चा तेल आयात करके उसे पेट्रोल, डीजल, विमानन ईंधन और दूसरे पेट्रोलियम उत्पाद में बदल सकता है। दूसरी बात, भारत ने रूस सहित अलग-अलग देशों से तेल खरीदकर पिछले वर्षों में अपने आयात स्रोतों को भी विधिवत बनाया है,लेकिन यह सुरक्षा कवच बहुत लम्बे समय तक सुरक्षा नहीं दे सकता है। यदि तेल आयात पूरी तरह ठप हो जाए तो भारत के सामने ऊर्जा के दूसरे विकल्पों का इस्तेमाल करने के लिए मजबूर होना पड़ेगा। इसलिए

अभी से ही विकल्पों को दुरुस्त करना होगा। सवाल यह है कि क्या रूस पर निर्भरता ऊर्जा समस्या का समाधान है या असली समाधान के लिए वैकल्पिक ऊर्जा पर निर्भरता बढ़ाना समाधान है? पश्चिम एशिया संकट के बीच अक्सर कहा जाता है कि भारत को अपने सबसे विश्वसनीय मित्र रूस से अधिक तेल खरीदना चाहिए बजाय मध्य-पूर्व देशों से। जानकारों के अनुसार रूस पर निर्भरता कुछ हद तक ही ठीक है।

एक देश पर निर्भरता के बजाय भारत को चाहिए कि वह अनेक स्रोतों और अनेक तकनीकों के संतुलित मिश्रण को अपनाए। यानी स्थायी समाधान भारत को मुकम्मल रूप से खुद तैयार करना होगा। हर तेल संकट भारत को एक ही संदेश देता है-तेल आयात पर निर्भरता कम करनी होगी। इसके लिए केंद्र सरकार लगातार वैकल्पिक ऊर्जा का विस्तार कर रही है। सौर ऊर्जा और पवन ऊर्जा में लगातार विस्तार कर रही है। गैर-जीवाश्म ऊर्जा क्षमता में तेजी से वृद्धि हुई है। केवल सौर पैनल लगा देने से तेल समस्या खत्म नहीं होगी। अभी गैर-जीवाश्म ऊर्जा से चलने वाले वाहनों की संख्या बहुत कम है। गैर जीवाश्म ऊर्जा से चलने वाले दो और चार पहिया वाहनों की खरीदारी बढ़ी तो है, लेकिन उतनी नहीं, जिससे तेल संकट के वक्त काम आ सकें। इसी तरह सार्वजनिक परिवहनों, रेलवे का विद्युतीकरण, ऊर्जा-कुशल माल ढुलाई जैसे विकल्प बढ़े हैं, लेकिन यह बहुत कम हैं। इसके लिए वैटरी भंडारण और ग्रिड क्षमता को बढ़ाने की जरूरत है। ठंडक के दिनों में कोहरा छाए रहने, बरसात में कई दिनों तक बादल छाए रहने पर सौर ऊर्जा कम प्राप्त हो पाती है। हालिया ऊर्जा समस्या के समाधान में केंद्र सरकार ने कोयले और तेल पर निर्भरता कम करने के लिए परमाणु, सौर, पवन, जलविद्युत, बैटरी भंडारण और हरित हाइड्रोजन जैसे विविध स्रोतों पर निर्भरता बढ़ाने का कार्य किया है। इससे ऊर्जा सुरक्षा को लेकर होने वाली चिंताओं में राहत दिखाई दी है। हाल में यह बताया गया कि तेल संकट के साथ देश में बिजली संकट भी बढ़ सकता है, क्योंकि मांग की अपेक्षा आपूर्ति नहीं हो पा रही है। आज की तारीख में देश के 59 कोयला आधारित बिजली संयंत्रों में कोयले का भंडार बेहद कम है। आज की रिपोर्ट के अनुसार इन संयंत्रों के पास या तो निर्धारित स्टाक का 25 प्रतिशत से कम था या तीन दिन से कम उत्पादन जितना कोयला उपलब्ध था। बिजली की मांग करीब 267 गेगा वाट पहुंची और रिकार्ड 270 गेगा वाट के आसपास बनी हुई है। अब जब कि तेल, कोयला दोनों का संकट बढ़ रहा है, देश को ऊर्जा सुरक्षा मिशन की जरूरत बढ़ गई है। अब केंद्र सरकार को ऐसी ऊर्जा नीति बनानी होगी, जो किसी भी संकट के वक्त सुरक्षा कवच के रूप में मौजूद रहे। पहला लक्ष्य यह होना चाहिए कि तेल आयात पर धीरे-धीरे निर्भरता कम की जाए। दूसरी नीति रणनीतिक रूप से पेट्रोलियम भंडार को बढ़ाया जाए। तीसरी सुरक्षा यह होनी चाहिए कि एलपीजी और प्राकृतिक गैस की आपूर्ति के वैकल्पिक मार्ग विकसित किए जाएं। चौथी सुरक्षा इलेक्ट्रोलिकल सार्वजनिक परिवहन को तेज गति से बढ़ाया जाए जैसे दिल्ली सरकार ने किया है। पांचवीं सुरक्षा बैटरी स्टोरेज और राष्ट्रीय बिजली ग्रिड को मजबूत किया जाए। छठे सुरक्षा के रूप में परमाणु ऊर्जाऔर नवीकरणीय ऊर्जा के संतुलित विस्तार को बढ़ाया जाए और ऊर्जा आयात के लिए एक ही क्षेत्र पर अत्यधिक निर्भरता धीरे-धीरे कम की जाए। बढ़ते ऊर्जा संकट में केंद्र सरकार बड़ी सावधानी से आगे बढ़ रही है। उम्मीद की जानी चाहिए कि तेल और गैस संकट से भारत अपने वैकल्पिक ऊर्जा स्रोतों का बेहतर इस्तेमाल कर उबर जाएगा और ऐसा संकट नहीं आएगा कि जनता त्राहि-त्राहि करने लगेगी।

(लेखक स्वतंत्र स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

विश्व ओजोन दिवस
रोहित कौशिक

नया शोध, नई जानकारी लेकिन खतरा टला नहीं

विकास एक लगातार चलने वाली प्रक्रिया है। यही कारण है कि विश्व के ज्यादातर देश किसी न किसी रूप से विकास कर रहे हैं। जीवन स्तर सुधारने के लिए विकास की यह प्रक्रिया सुखद है, लेकिन क्या इस विकास से सच्चे अर्थों में हमारा जीवन स्तर सुधर पाया है? भौतिक रूप से देखें तो निश्चित रूप से हमारा जीवन स्तर सुधरा है, लेकिन विकास की इस प्रक्रिया ने हमारे पर्यावरण को भारी क्षति पहुंचाई है। इसका असर न केवल प्रकृति के स्वास्थ्य बल्कि हमारे स्वास्थ्य पर भी पड़ा है। इस दृष्टि से देखें तो हमारा जीवन स्तर सुधरा नहीं है, अपितु खराब ही हुआ है। विकास की इस प्रक्रिया ने प्रकृति को कई जख्म दिए है। प्रकृति के इन जख्मों ने इंसान के स्वास्थ्य पर बहुत ज्यादा प्रभाव डाला है। विभिन्न तरह से हमारी रक्षा करने वाली ओजोन परत का क्षरण भी विकास की अंधाधुंध प्रक्रियाओं का ही नतीता है। समय-समय पर ओजान परत को लेकर कई अध्ययन प्रकाशित होते रहते हैं। दरअसल, ओजोन परत पृथ्वी के वातावरण की एक महत्वपूर्ण है। यह परत हमें सूर्य की हानिकारण पैराबैंगनी किरणों से बचाती है। 1980 के दशक में वैज्ञानिकों को पता चला था कि यह परत तेजी से पतली हो रही है। मुख्य रूप से अंटार्कटिका के ऊपर एक ओजोन छेद बन रहा था। वैज्ञानिकों ने बताया था कि इसका मुख्य कारण क्लोरोफ्लोरोकार्बन जैसे रसायन हैं जो फ्रिज, एयरकंडीशनर और स्प्रे उत्पादों में इस्तेमाल किए जाते हैं। अब एक नए अध्ययन में बताया गया है कि ओजोन परत का क्षरण 1985 में अंटार्कटिका के ऊपर ओजोन छिद्र की खोज से बहुत पहले ही शुरू हो चुका था। मैसाचुसेट्स इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (एमआईटी) ने अपने नए अध्ययन में दावा किया है कि अगर आज जैसी उन्नत निगरानी तकनीकें पहले उपलब्ध होतीं तो वैज्ञानिक ओजोन क्षरण के संकेत 1957 में ही पकड़ सकते थे। इसका अर्थ यह है कि ओजोन छिद्र की खोज से लगभग तीन दशक पहले ही इस सुरक्षात्मक परत को नुकसान होना शुरू हो चुका था।

अब तक मुख्य रूप से क्लोरोफ्लोरोकार्बन को ही ओजोन परत के शुरुआती क्षरण के लिए जिम्मेदार माना जाता रहा है, लेकिन बताया गया है कि क्लोरोफ्लोरोकार्बन नहीं बल्कि कार्बन टेट्राक्लोराइड नाम का एक औद्यागिक रयासन ओजोन परत के क्षरण के लिए जिम्मेदार था। दरअसल, लगातार हो रहे वैज्ञानिक अनुसंधानों का सबसे बड़ा लाभ यही है कि नई-नई जानकारियां सामने आती रहती है। ऐसे अध्ययनों में कई बार पिछले अध्ययनों को नकार भी दिया जाता है। यही विज्ञान की सबसे बड़ी ताकत है। विज्ञान की इसी ताकत के बल पर नए आविष्कार होते हैं और नया शोध प्रमाण के साथ सामने आता है। ओजोन परत पर हुए इस नए अध्ययन के नतीजे प्रतिष्ठित जर्नल प्रोसीडिंग्स ऑफ द नेशनल एकेडमी ऑफ साइंसेज (पीएनएएस) में प्रकाशित हुए हैं। कार्बन टेट्राक्लोराइड 1930 के दशक से ही ड्राईक्लीनिंग और मशीनों की सफाई में चिकनाई हटाने वाले सॉल्वेंट के रूप में इस्तेमाल हो रहा था। बर्फ की गहराइयों से निकाले गए आइस कोर नमूनों में भी इसके निशान मिले। यही रसायन ओजोन परत का शुरुआती क्षरण कर रहा था। हालांकि, अब कार्बन टेट्राक्लोराइड का इस्तेमाल दुनिया के कई हिस्सों में बंद किया जा चुका है। अब कई अध्ययनों में यह बात सामने आई है कि ओजोन परत का क्षरण कम हुआ है। इस दौर में पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ रही है। विभिन्न देशों की सरकारें भी इस दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठा रही हैं। हालांकि पर्यावरण के मुद्दे पर अभी भी कई देशों का व्यवहार खोखले आदर्शवाद की परिधि में आता है। यह तो मानना ही पड़ेगा कि इस दौर में पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ी है और इस दिशा में कुछ काम भी हो रहा है। यही कारण है कि आज ओजोन परत की स्थिति में सुधार हुआ है। ओजोन परत की दशा सुधारने के लिए कई तरीके के उपाय किए गए। यह भी कटु सत्य है कि पर्यावरण के विभिन्न मुद्दों पर होने वाली वैश्विक संगोष्ठियों में कई बार अपेक्षित निर्णय नही लिए जाते। अनेक बार कई तरह के विरोधाभास भी उभर आते हैं, लेकिन इन सब विसंगतियों के बावजूद जब बार-बार ऐसे मुद्दों पर चर्चा होती है तो कुछ सार्थक परिणाम भी सामने आते ही हैं। इन परिणामों का ही यह नतीजा है कि आज ओजोन परत की स्थिति में सुधार हुआ है। हालांकि इस सुधार के आधार पर यह मान लेना कि खतरा पूरी तरह टल गया है, उचित नहीं है। हमें इस दिशा में लगातार प्रयास करने होंगे। अगर इन प्रयासों में कहीं भी कमी हुई तो ओजोन परत के क्षरण का खतरा पुनः पैदा हो सकता है। हमें यह समझना होगा कि ओजोन परत को संरक्षित करना जिंदगी के लिए बहुत जरूरी है।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

मनुष्य इंद्रिय विषयों में करता है आनंद अनुभव



संकलित
दर्शन

भक्ति विभिन्न रूपों में प्रकाशित होती है। पहला है श्रद्धा। लोग मंदिरों और पवित्र स्थानों के प्रति श्रद्धा इसलिए प्रकट करते हैं, क्योंकि वहां भगवान की पूजा होती है, ऐसे स्थानों में उनकी सत्ता अधिक अनुभूति होती है। प्रत्येक देश में लोग धर्माचार्यों के प्रति श्रद्धा इसलिए प्रकट करते हैं, क्योंकि ये आचार्य उन्हीं भगवान की महिमा का उपदेश देते हैं। इस श्रद्धा का मूल है प्रेम। हम जिससे प्रेम नहीं करते, उसके प्रति कभी श्रद्धालु नहीं हो सकते। इसके बाद है प्रीति अर्थात ईश्वर चिंतन में आनंद। मनुष्य इंद्रिय विषयों में तीव्र आनंद अनुभव करता है। इंद्रियों को अच्छी लगने वाली चीजों के लिए वह भटकता फिरता है और बड़ा से बड़ा जोखिम उठाने के लिए तैयार रहता है। भक्त को चाहिए कि वह भगवान के प्रति इसी प्रकार का तीव्र प्रेम रखे। इसके उपरांत आता है विरह। विरह प्रेमास्पद के अभाव में उत्पन्न होने वाला तीव्र दुख। यह दुख संसार के समस्त दुखों में सबसे मधुर है। जब मनुष्य भगवान को न पा सकने के कारण, संसार में एकमात्र जानने योग वस्तु को न जान सकने के कारण तीव्र वेदना अनुभव करने लगता है और अत्यंत व्याकुल हो पागल-सा हो जाता है, उस दशा को विरह कहते हैं। मन की ऐसी दशा में प्रेमास्पद को छोड़ उसे और कुछ अच्छा नहीं लगता। बहुधा यह विरह सांसारिक प्रणय में देखा जाता है। जब पराभक्ति हृदय पर अपना प्रभाव जमा लेती है तो अन्य अप्रिय विषयों की उपस्थिति हमें खटकने लगती है, यहां तक कि प्रेमास्पद भगवान के अतिरिक्त अन्य किसी विषय पर बातचीत तक कहना हमारे लिए अरुचिकर हो जाता है।

मैं भी मेला देखने जाऊंगी



संकलित
प्रेरणा

एक गांव में मां-बेटी रहती थीं। एक दिन वह अपनी मां से कहने लगी कि गांव के सब लोग गणेश मेला देखने जा रहे हैं, मैं भी मेला देखने जाऊंगी। मां ने कहा कि वहां बहुत भीड़ होगी कहीं गिर जाओगी तो चोट लगेगी। लड़की ने मां की बात नहीं सुनी और मेला देखने चल पड़ी। मां ने जाने से पहले बेटी को दो लड्डू दिए और एक घंटी में पानी दिया। मां ने कहा कि एक लड्डू तो गणेश जी को खिला देना और थोड़ा पानी पिला देना। दूसरा लड्डू तुम खा लेना और बचा पानी भी पी लेना। लड़की मेले में चली गई। मेला खत्म होने पर सभी गांववाले वापिस आ गए लेकिन लड़की वापस नहीं आई। लड़की मेले में गणेश जी के पास बैठ गई और कहने लगी कि एक लड्डू और पानी गणेश जी तुम्हारे लिए और एक लड्डू और बाकी बचा पानी मेरे लिए। इस तरह कहते-कहते सारी रात बीत गई। गणेश जी यह देखकर सोचने लगे कि अगर मैने यह एक लड्डू और पानी नहीं पीया तो यह अपने घर नहीं जाएगी। यह सोचकर गणेश जी एक लड़के के वेश में आए और उससे एक लड्डू लेकर खा लिया और साथ ही थोड़ा पानी भी पी लिया फिर वह कहने लगे कि मांगों तुम क्या मांगती हो? वह मन में सोच रही थी तो गणेश जी उसके मन की बात को जान गए। वह लड़की से बोले कि तुम अपने घर जाओ और तुमने जो भी मन में सोचा है वह सब तुम्हें मिलेगा। लड़की घर पहुंची तो मां ने पूछा कि इतनी देर कैसे हो गई? बेटी ने कहा कि आपने जैसा कहा था मैंने वैसा ही किया है और देखते ही देखते जो भी लड़की ने सोचा था वह सब कुछ हो गया।

अंतर्मन

आज की पाती

युवाओं के हौसले का विजयघोष

आज का भारत उस दौर से गुजर रहा है, जहां प्रतिभा किसी बड़े शहर, संपन्न परिवार या महंगे संसाधनों की मोहताज नहीं रह गई है। देश के छोटे कस्बों, गांवों और सामान्य परिवारों से निकलकर युवा अपनी मेहनत, लगन और आत्मविश्वास के दम पर दुनिया के मंच पर भारत का नाम रोशन कर रहे हैं। तीरंदाज धीरज बोम्मादेवरा की विश्व कप फाइनल में स्वर्णिम सफलता इसी बदलते भारत और उसके युवाओं के बढ़ते हौसले का जीवंत उदाहरण है। यह केवल एक खिलाड़ी की जीत नहीं, बल्कि उन लाखों युवाओं के सपनों की जीत है, जो सीमित साधनों के बावजूद बड़ा लक्ष्य लेकर आगे बढ़ रहे हैं। मैक्सिको के साल्टिलो में तीरंदाजी विश्व कप फाइनल के पुरुष व्यक्तिगत रिकर्व वर्ग में धीरज ने जापान के जुन्या नाकानिशी को रोमांचक मुकाबले में शूट ऑफ के जरिए हराकर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। *- गीता चाहर, हिसार*

ट्रेंड

डिफेंस स्टार्टअप्स

भारत में डिफेंस स्टार्टअप्स की एक नई लहर उठ रही है। ये स्टार्टअप्स ड्रोन टेक्नोलॉजी, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और साइबर सिक्योरिटी जैसे क्षेत्रों में आधुनिक डिफेंस सेक्टर को एक नई दिशा दे रहे हैं। आज का इनोवेशन ही कल की मिलिट्री क्षमता है। - **राजनाथ सिंह,** रक्षा मंत्री

सेवा संकल्प अभियान

'सेवा संकल्प अभियान' इस साल इसलिए भी खास है क्योंकि 7 अक्टूबर 2001 को नरेंद्र मोदी ने गुजरात के मुख्यमंत्री के तौर पर शपथ ली थी और तब से वे लगातार 25 सालों से जनसेवा में समर्पित हैं।
- **जगत प्रकाश नड्डा,** केंद्रीय स्वास्थ्यमंत्री

शिक्षा सिस्टम



भारत का शिक्षा सिस्टम उसी पीढ़ी को निराश कर रहा है जिसे उसे ऊपर उठाना था। पेपर लीक होना। बहुत ज़्यादा फ़ीस। खस्ताहाल इंफ्रास्ट्रक्चर। लाखों युवा भारतीय ईमानदारी से काम करते हैं, फिर भी सिस्टम उन्हें निराश करता है।
- **राहुल गांधी,** सांसद, कांग्रेस

लोकतंत्र दिवस

लोकतंत्र के इस अंतरराष्ट्रीय दिवस पर, हमें खुद को यह याद दिलाना चाहिए कि 'हम, भारत के लोग' ही लोकतंत्र की असली नींव और आत्मा हैं। सरकार की यह ज़िम्मेदारी है कि वह इस तरह काम करे जिससे लोगों का कल्याण हो। जो लोकतंत्र अपने लोगों की बात नहीं सुनता, वह लोकतंत्र नहीं है।
-**अरविंद केजरीवाल,** पूर्व सीएम, नई दिल्ली

करंट अफेयर

बांग्लादेश व चीन ने प्रस्तावित आर्थिक गलियारे पर की चर्चा

चीन के राजदूत याओ वेन ने बांग्लादेश की कनिष्ठ विदेश मंत्री शमा ओबैद इस्लाम से मुलाकात की तथा उन्होंने ढाका को म्यांमा और चीन से जोड़ने वाले प्रस्तावित आर्थिक गलियारे के संबंध में सहयोग पर चर्चा की। स्थानीय मीडिया की खबर में यह जानकारी दी गई। विदेश मंत्रालय का हवाला देते हुए बांग्लादेश की सरकारी समाचार एजेंसी 'बीएसएस' ने बताया कि सोमवार को मंत्री के कार्यालय में यह बैठक हुई, जिसमें दोनों पक्षों ने बुनियादी ढांचा, ऊर्जा, मानव संसाधन विकास और आर्थिक सहयोग पर भी चर्चा की। प्रस्तावित आर्थिक गलियारा का मकसद म्यांमा के रास्ते बांग्लादेश और दक्षिण-पश्चिमी चीन के बीच कनेक्टिविटी को बेहतर बनाना है। यह पूर्व में प्रस्तावित बांग्लादेश-चीन-भारत-म्यांमा (बीसीआईएम) आर्थिक गलियारा से अलग है। इस प्रस्तावित गलियारे से बीजिंग को बंगाल की खाड़ी तक व्यापार और कनेक्टिविटी का एक अतिरिक्त रास्ता मिल सकता है। खबर के अनुसार, दोनों पक्षों ने रंगपुर में 1,000 बिस्तरों वाले प्रस्तावित अस्पताल, शिक्षा और मानव-संसाधन विकास, दोनों देशों की जनता के स्तर पर संपर्क, ऊर्जा के क्षेत्र में सहयोग और महिला सशक्तीकरण पर भी चर्चा की।

ऑफ बीट

एआई से बढ़ी वित्तीय धोखाधड़ी सावधानी बरतने की जरूरत



फोन की घंटी बजती है और दूसरी तरफ आपके पोते की घबराई हुई आवाज सुनाई देती है। वह बताता है कि उसके साथ दुर्घटना हो गई है और उसे तत्काल पैसों की जरूरत है। आवाज पोते की आवाज जैसी ही होती है लेकिन पोते की आवाज नहीं होती। यह कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) की मदद से तैयार की गई आवाज होती है, जिसे इंटरनेट पर उपलब्ध किसी वीडियो या ऑडियो क्लिप से तैयार किया गया है। कई वर्षों से कृत्रिम बुद्धिमत्ता और साइबर सुरक्षा को लेकर चेतावनियों का केंद्र कॉरपोरेट नेटवर्क और सरकारी प्रणालियां रही हैं। हालांकि, ये खतरे वास्तविक हैं, लेकिन अमेरिकी संघीय जांच ब्यूरो (एफबीआई) के धोखाधड़ी संबंधी आंकड़ों से एक अलग तस्वीर सामने आती है—घरेलू खातों से बड़ी मात्रा में धन निकल रहा है। एफबीआई की 2025 की वार्षिक रिपोर्ट के अनुसार, उसकी इंटरनेट क्राइम कंप्लेंट सेंटर (आईसी3) इकाई ने पहली बार एआई से जुड़े मामलों को अलग से दर्ज करना शुरू किया। अमेरिकियों ने ऐसे 22,000 से अधिक मामले दर्ज कराए और करीब 89 .3 करोड़ अमेरिकी डॉलर के नुकसान की सूचना दी। इनमें से 63 .2 करोड़ डॉलर का नुकसान निवेश संबंधी धोखाधड़ी में हुआ जबकि 60 वर्ष से अधिक आयु के लोगों को 35 .2 करोड़ डॉलर का नुकसान हुआ।

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
66/1 इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मप्र)
पिन कोड-482002
ई-मेल : edit@haribhoomi.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

मेडिकल यूनिवर्सिटी के विभाजन पर हाईकोर्ट सख्त, चिकित्सा शिक्षा, विधि विभाग व चांसलर को नोटिस

सभी से मांगा जवाब, अगली सुनवाई 2 नवंबर को

जबलपुर। मध्य प्रदेश आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय (मेडिकल यूनिवर्सिटी), जबलपुर का विभाजन कर उज्जैन में धन्वंतरि विश्वविद्यालय स्थापित किए जाने और जबलपुर विश्वविद्यालय के अधिकारों व आर्थिक संसाधनों में कटौती के खिलाफ दायर याचिका पर मप्र हाईकोर्ट ने कड़ा रुख अपनाया है। हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस अल्पेश वाय कोगजे और जस्टिस विवेक रूसिया की डिवीजन बेंच ने एक जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए अनावेदकों को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। मामले की अगली सुनवाई 2 नवंबर को तय की गई है।

जबलपुर के साथ भेदभाव का आरोप

नागरिक उपभोक्ता मार्गदर्शक मंच के अध्यक्ष डॉ. पी.जी. नाजपांडे तथा सामाजिक कार्यकर्ता रजत भार्गव की ओर से दायर इस याचिका में राज्य सरकार के उस संशोधन अधिनियम को चुनौती दी गई है, जिसके तहत मेडिकल यूनिवर्सिटी जबलपुर का विभाजन किया गया है। याचिकाकर्ताओं का तर्क है कि विभाजन में जबलपुर शहर के साथ घोर भेदभाव किया गया है। अधिवक्ता दिनेश उपाध्याय ने कोर्ट को बताया कि अधिनियम में उज्जैन स्थित नई यूनिवर्सिटी को 6 संभाग, 31 जिले और 80 में से 64 कॉलेज दिए गए हैं, जबकि जबलपुर के पास केवल 4 संभाग, 24 जिले और मात्र 16 कॉलेज ही छोड़े गए हैं। 16,000 कुल छात्रों में से 14,000 छात्र उज्जैन यूनिवर्सिटी के अधीन चले गए हैं, जबकि जबलपुर के पास केवल 2,000 छात्र ही रह जाएंगे।तर्क दिया कि विभाजन के बाद यूनिवर्सिटी की सालाना आय 50 करोड़ रुपये से घटकर महज 2 करोड़ रुपये रह जाएगी, जिससे मूल विश्वविद्यालय जबलपुर दिवालियापन की कगार पर पहुंच जाएगा।

250 करोड़ का रिजर्व फंड ट्रांसफर करने का विरोध

याचिका में 250 करोड़ रुपये के रिजर्व फंड को उज्जैन स्थानांतरित करने के कदम को भी असंवैधानिक और अवैध ठहराया गया है। अधिवक्ता उपाध्याय ने दलील दी कि बिना किसी विशेषज्ञ अध्ययन, प्रभाव आकलन या जन-परामर्श के लिया गया यह नीतिगत फैसला भारतीय संविधान के अनुच्छेद 14 का सीधा उल्लंघन है। हाईकोर्ट से मांग की गई है कि इस विभाजन और फंड ट्रांसफर पर तत्काल रोक लगाई जाए।

नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी पर तीन-तीन साल की सजा

जबलपुर। नौकरी दिलाने का झांसा देकर 6.69 लाख रुपये की ठगी करने वाले दो आरोपियों को जेएमएफसी कोर्ट ने तीन-तीन वर्ष के कारावास की सजा सुनाई। आरोपियों को चार-चार हजार रुपये के अर्थदंड से भी दंडित किया गया। प्रकरण के अनुसार, फरियादी अमित कुमार ताम्रकार सहित अन्य लोगों से आरोपी रामदीन उमरे और मनोज कुमार डोंगरे ने आदिमजाति कल्याण विभाग के छात्रावास अधीक्षक पद पर नौकरी दिलाने के नाम पर रुपये लिए थे। अमित से 70 हजार रुपये, सुनील कुमार कुर्मी से 2.99 लाख रुपये तथा महेंद्र कुमार पटेल से 2.99 लाख रुपये लिए गए। आरोपियों ने राशि के बदले चेक भी दिए, जो खाते में पर्याप्त राशि नहीं होने के कारण बाउंस हो गए। रामदीन स्वयं को डीआईजी और मनोज को शिक्षा विभाग का बड़ा अधिकारी बताता था। मार्च 2013 के बाद दोनों ने मोबाइल बंद कर दिए। शिकायत पर थाना सिहोरा में अपराध दर्ज कर विवेचना के बाद अभियोग पत्र पेश किया गया। अभियोजन की ओर से एडीपीओ अजय दुबे ने पैरवी की।

एसएआईटी में टेक्नो-एक्सपो 'अंकुरण 2026' का भव्य आयोजन

जबलपुर। सेंट अलॉयसियस इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (**SAIT**), जबलपुर में विद्यार्थियों की रचनात्मकता, नवाचार एवं तकनीकी प्रतिभा को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से टेक्नो-एक्सपो 'अंकुरण 2026' का आयोजन किया गया। प्रदर्शनी में विभिन्न विद्यालयों एवं महाविद्यालयों के विद्यार्थियों ने 152 से अधिक मॉडल प्रस्तुत किए। एक्सपो में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (**AI**), रोबोटिक्स, नवीकरणीय ऊर्जा, जल प्रबंधन, ऑटोमेशन एवं कंट्रोल तथा स्मार्ट सिटी जैसे विषयों पर वर्किंग एवं स्टैटिक मॉडल प्रदर्शित किए गए। विद्यार्थियों ने दैनिक जीवन और सामाजिक

समस्याओं के तकनीकी समाधान भी प्रस्तुत किए। कार्यक्रम में महापौर जगत बहादुर सिंह, नगर निगम अध्यक्ष रिंकू विज, जबलपुर बिशप एमेरिटस मोस्ट रेव. जेराल्ड अल्मेडा, **SAIT** निदेशक फादर थैकाचन जोस, प्राचार्य डॉ. स्मिता श्रीवास्तव एवं रजिस्ट्रार अनूप बनर्जी सहित गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। अतिथियों ने विद्यार्थियों के मॉडलों का अवलोकन कर उनकी प्रतिभा और वैज्ञानिक सोच की सराहना की। मॉडलों का मूल्यांकन विशेषज्ञ निर्णायक मंडल में डॉ. एस. मोहंती, डॉ. डी.के. सेन, डॉ. फेमिना सोबिन, डॉ. करकीरत कौर एवं डॉ. एन.एम. डामले ने किया। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र प्रदान किए जाएंगे। कार्यक्रम का समन्वय डॉ. राकेश हल्दकर ने किया।

राष्ट्रीय चयन प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन, भारतीय टीम में बनाई जगह

मान्या ने ताइक्वांडो चयन में जीता स्वर्ण ब्राजील में करेंगी भारत का प्रतिनिधित्व

हरिभूमि, जबलपुर।

रायपुर में स्कूल फेडरेशन द्वारा आयोजित दो दिवसीय अंडर-17 ताइक्वांडो राष्ट्रीय चयन प्रतियोगिता में मध्यप्रदेश की प्रतिभावान खिलाड़ी मान्या मिश्रा ने शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक हासिल किया। 14 और 15 सितंबर को आयोजित प्रतियोगिता में स्वर्ण जीतने के साथ मान्या ने ब्राजील में होने वाली आगामी अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए भारतीय टीम में अपना स्थान पक्का कर लिया। मान्या की इस उपलब्धि से परिवार के साथ मध्यप्रदेश के खेल प्रेमियों में भी खुशी है। उनकी सफलता में प्रशिक्षकों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। प्रतियोगिता के दौरान मुख्य प्रशिक्षक जगजीत सर एवं जय मैम ने उनका मार्गदर्शन किया। वहीं शुरुआती प्रशिक्षण देने वाले अरुण यादव एवं नमिता मैम के मार्गदर्शन और मेहनत ने उनकी खेल प्रतिभा को निखारने में अहम भूमिका निभाई। मान्या मूलतः मऊगंज जिले की हनुमना तहसील के ग्राम पांती की निवासी हैं। उनके पिता विद्याशंकर मिश्रा जबलपुर उच्च न्यायालय में अधिवक्ता हैं। मान्या के अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत का प्रतिनिधित्व करने के चयन पर खेल संघ के पदाधिकारियों, खेल प्रेमियों एवं शुभचिंतकों ने उन्हें बधाई देते हुए ब्राजील में होने वाली प्रतियोगिता के लिए शुभकामनाएं दी हैं।

इकीगाई किड्स इंटरनेशनल प्रीस्कूल में हिंदी दिवस समारोह

जबलपुर। इकीगाई किड्स इंटरनेशनल प्रीस्कूल, जबलपुर में मंगलवार को हिंदी दिवस हर्षोल्लास और उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर पी.जी., नर्सरी, एल.के.जी. एवं यू.के.जी. के नन्हे विद्यार्थियों के लिए विभिन्न मनोरंजक एवं ज्ञानवर्धक गतिविधियों का आयोजन किया गया। बच्चों ने हिंदी कहानी वाचन, कविताओं,

कला गतिविधियों और विशेष आगमन गतिविधियों में उत्साहपूर्वक सहभागिता की। समारोह का विशेष आकर्षण बच्चों द्वारा हिंदी अक्षरों एवं व्यंजनों की रचनात्मक प्रस्तुति रही। नन्हे बच्चे विभिन्न हिंदी अक्षरों के रूप में रंग-बिरंगी और आकर्षक वेशभूषा में विद्यालय पहुंचे। अपनी कल्पनाशीलता और आत्मविश्वास के साथ बच्चों ने हिंदी भाषा को जीवंत रूप प्रदान किया। आयोजन में शिक्षा, रचनात्मकता और मनोरंजन का सुंदर समन्वय देखने को मिला। विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से बच्चों ने खेल-खेल में हिंदी भाषा की सुंदरता, समृद्धि एवं महत्व को समझा। विद्यालय प्रबंधन ने कहा कि ऐसे आयोजन बच्चों में रचनात्मकता, आत्मविश्वास और सीखने के प्रति रुचि विकसित करने के साथ उन्हें हिंदी भाषा एवं भारतीय संस्कृति से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

कैंसर की रोकथाम के लिए 18 सितंबर से नमो प्रेरणा अभियान

तीन दिवसीय मेगा शिविर में विशेषज्ञ करेंगे जांच और उपचार

जबलपुर। कैंसर की समय पर पहचान, रोकथाम और उपचार के लिए जबलपुर जिले में 18 सितंबर से नमो प्रेरणा अभियान शुरू होगा। कलेक्टर राघवेंद्र सिंह की पहल पर शुरू हो रहे अभियान की निगरानी जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अभिषेक गहलोत करेंगे। अभियान 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक चलने वाले सेवा संकल्प अभियान के दौरान संचालित किया जाएगा। अभियान के शुभारंभ पर 18, 19 और 20 सितंबर को सेठ गोविंददास जिला चिकित्सालय (विक्टोरिया अस्पताल) में तीन दिवसीय मेगा स्वास्थ्य शिविर लगाया जाएगा। इसमें राज्य कैंसर दल के विशेषज्ञ मरीजों की जांच एवं उपचार करेंगे। जरूरत के अनुसार सीटी स्कैन, एमआरआई, सोनोग्राफी, एफएनएसी, पैप स्मियर और रोग-विज्ञान जांच सहित अन्य आवश्यक जांच कराई जाएंगी। जिले के अस्पतालों एवं स्वास्थ्य केंद्रों में भी कैंसर जांच शिविर लगाए जाएंगे। नागरिकों को तंबाकू, बीड़ी और शराब से होने वाले नुकसान तथा कैंसर के शुरुआती लक्षणों की जानकारी दी जाएगी। स्वास्थ्य विभाग ने असामान्य गांठ या सूजन, निगलने में परेशानी, लंबे समय तक मुंह के छाले, असामान्य रक्तस्राव, तिल-मस्से में बदलाव और लगातार खांसी जैसे लक्षणों को नजरअंदाज न करने की सलाह दी है। कलेक्टर राघवेंद्र सिंह ने नागरिकों से अभियान में सक्रिय भागीदारी की अपील की। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी एवं सिविल सर्जन डॉ. नवीन कोठारी के निर्देशन में शिविर की तैयारियां जारी हैं।

छात्र से मारपीट कर मोबाइल और नकदी लूटी

जबलपुर। लम्हेटा बायपास चौराहे के पास एक स्कूली छात्र से मारपीट कर मोबाइल और 800 रुपये लूटने का मामला सामने आया है। ग्राम तेवर, भेड़ाघाट निवासी रोहित सिंह लोधी (19) आदर्श ज्योति स्कूल, धनवंतरी नगर में कक्षा 12वीं का छात्र है। पुलिस के अनुसार रात करीब 8:45 बजे चैकीताल निवासी गोलू उर्फ अर्पित पटेल मोटरसाइकिल से रोहित के पास पहुंचा और उसकी जेब से 800 रुपये निकाल लिए। विरोध करने पर थप्पड़ मारे और मोबाइल छीनकर भागने लगा। इसी दौरान उसकी बाइक डिवाइडर से टकरा गई, लेकिन आरोपी मौके से फरार हो गया। शिकायत पर पुलिस ने धारा 309 बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

यूपीआई भुगतान पर शुल्क की खबर से व्यापारियों में चिंता

कैशलेस अर्थव्यवस्था अभियान को लग सकता है झटका : जबलपुर चैंबर

जबलपुर। 2,000 रुपये से अधिक के व्यापारी यूपीआई भुगतान पर 0.4 प्रतिशत तक व्यापारी छूट दर (एमडीआर) लगाए जाने की खबरों से व्यापारियों में चिंता बढ़ गई है। जबलपुर चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री ने कहा कि यूपीआई भुगतान पर किसी भी प्रकार का अतिरिक्त शुल्क लगाए जाने से छोटे और मध्यम व्यापारियों के मुनाफे पर सीधा असर पड़ेगा।

चैंबर के अनुसार प्रस्तावित व्यवस्था में 2,000 रुपये से अधिक के व्यापारी-ग्राहक यूपीआई लेन-देन पर 0.4 प्रतिशत तक शुल्क, अधिकतम 300 रुपये प्रति लेन-देन लगाए जाने की बात सामने आई है। यह व्यवस्था 15 अक्टूबर 2026 से लागू होने की खबर है। चैंबर का कहना है कि सीमित लाभ पर कारोबार करने वाले व्यापारियों की लागत बढ़ने से इसका असर ग्राहकों पर भी पड़ सकता है। शुल्क लागू होने पर कुछ व्यापारी ग्राहकों को नकद भुगतान के लिए प्रेरित कर सकते हैं, जिससे डिजिटल लेन-देन और नकदी रहित अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने के प्रयासों को झटका लग सकता है। चैंबर अध्यक्ष प्रेम दुबे ने कहा कि यूपीआई भुगतान पर अतिरिक्त शुल्क व्यापारियों के लिए परेशानी बढ़ाएगा। सरकार को व्यापारियों पर वित्तीय बोझ डालने के बजाय डिजिटल भुगतान को प्रोत्साहित करना चाहिए।

पशु चिकित्सा सर्जनों को मेडिकल-डेंटल डाक्टरों के समान टाइम स्केल

हाईकोर्ट ने राज्य की अपील खारिज की, रिट कोर्ट का आदेश बरकरार

जबलपुर। मप्र हाईकोर्ट ने पशु चिकित्सा सर्जनों को मेडिकल और डेंटल सर्जनों के समान टाइम स्केल वेतन लाभ देने के मामले में राज्य सरकार के विरोध को दरकिनार कर दिया है। जस्टिस आनंद पाठक व जस्टिस बीपी शर्मा की डिवीजन बेंच ने राज्य की रिट अपील खारिज करते हुए पूर्व आदेश को बरकरार रखा। मामला जबलपुर डॉ. विष्णु कुमार गुप्ता सहित अन्य पशु चिकित्सा सर्जनों से जुड़ा है। उनका कहना था कि मेडिकल और डेंटल सर्जनों को पांच, 10, 15 और 30 वर्ष की सेवा पर टाइम स्केल लाभ मिलता है, जबकि पशु चिकित्सा सर्जनों को आठ वर्ष की सेवा के बाद ही यह लाभ दिया जाता है। रिट कोर्ट ने उन्हें डेंटल सर्जनों के समान लाभ देने का निर्देश दिया था। राज्य सरकार ने अपील में कहा कि पशु चिकित्सा और मेडिकल-डेंटल सेवाएं अलग विभागों तथा नियमों से संचालित हैं, इसलिए समान लाभ का दावा नहीं किया जा सकता। हाईकोर्ट ने पाया कि दोनों वर्गों को समान वेतनमान व अन्य लाभ प्राप्त हैं। ऐसे में करियर प्रगति के लाभ में भेदभाव उचित नहीं है। कोर्ट ने पशु चिकित्सा सेवाओं की कठिन प्रकृति और ग्रामीण आबादी के लिए उनके महत्व को भी रेखांकित किया। याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता मणिकांत शर्मा ने पक्ष रखा।

अभियंता दिवस पर गोष्ठी का आयोजन छह अभियंताओं का किया सम्मान

जबलपुर। रोटरी क्लब जबलपुर साउथ द्वारा अभियंता दिवस के अवसर पर अभियंताओं का सम्मान एवं गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में भारत रत्न मोक्षगुंडम विश्वेश्वरैया की स्मृति में भारत सरकार द्वारा स्थापित अभियंता दिवस के महत्व पर प्रकाश डाला गया। मुख्य वक्ता युवा उद्यमी एवं अभियंता रवि वैश्य ने राष्ट्र निर्माण में अभियंताओं की महत्वपूर्ण भूमिका बताते हुए उनके योगदान की तुलना सीमा पर तैनात सैनिकों से की। उन्होंने कहा कि लोगों को ऐसे कारखानों एवं निर्माण स्थलों का निरीक्षण करना चाहिए, जहां अभियंता अपनी मेहनत और ज्ञान से कल्पनाओं को साकार करते हैं। क्लब अध्यक्ष अखिल खंडेलवाल ने कहा कि अभियंताओं का ज्ञान एवं रचनाशीलता विकसित समाज की आधारशिला है। उन्होंने अभियंताओं के प्रति सदैव कृतज्ञ रहने का आह्वान किया। कार्यक्रम में अभियंता अमरेंद्र नारायण, प्रमोद कुमार वैश्य, उमंग अग्रवाल, हरीश रिझवानी, कपिल बाछानी एवं रवि वैश्य को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर पूर्व प्रांतपाल अखिल मिश्र, पूर्व अध्यक्ष एवं अस्थि रोग विशेषज्ञ डॉ. जितेंद्र जामदार, अवतार सिंह छग्गर, सारंग भिड़े, राकेश गिदरोनियां, स्पर्श जैन एवं नवीन खंडेलवाल की गरिमामयी उपस्थिति रही।

सागर रत्ना और असांजो रेस्टोरेंट में खाद्य सुरक्षा विभाग का छापा

मिली एक दिन पुरानी दाल मखनी और उबले चने, नमूने जांच के लिए भेजे

जबलपुर। मिलावटी एवं दूषित खाद्य सामग्री की बिक्री रोकने के लिए कलेक्टर राघवेंद्र सिंह के निर्देश पर खाद्य सुरक्षा विभाग का जांच अभियान जारी है। इसी क्रम में मंगलवार को खाद्य सुरक्षा अधिकारियों ने राइट टाउन स्थित सागर रत्ना और असांजो रेस्टोरेंट का निरीक्षण किया।

खाद्य सुरक्षा अधिकारी अमित गुप्ता के अनुसार सागर रत्ना के रसोईघर एवं भंडार कक्ष की जांच के दौरान फ्रिज में एक दिन पुरानी दाल मखनी और उबले चने विक्रय के लिए रखे मिले। पनीर सहित अन्य खाद्य सामग्री के नमूने जांच के लिए लिए गए। रसोईघर में साफ-सफाई भी संतोषजनक नहीं मिली। मामले में खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम

की धारा 32 के तहत नोटिस जारी करने की कार्रवाई की जा रही है। इसके बाद टीम ने असांजो रेस्टोरेंट की जांच की। यहां बर्तन धोने वाले क्षेत्र में गंदगी मिली। रसोईघर में रखे पनीर और सूरजमुखी तेल के नमूने भी लिए गए। विभाग के अनुसार दोनों प्रतिष्ठानों से लिए गए खाद्य नमूने जांच के लिए राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला, भोपाल भेजे जा रहे हैं। जांच रिपोर्ट आने के बाद खाद्य सुरक्षा मानकों के उल्लंघन की स्थिति में नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

मनमानी पर लगेगी रोक, तय स्टॉपेज और पार्किंग स्थल होंगे निर्धारित

तीन जोन में बंटेंगे 9 हजार ई-रिक्शा, रंगों से होगी रूट की पहचान

जबलपुर। शहर की बिगड़ती यातायात व्यवस्था को सुधारने के लिए परिवहन विभाग और यातायात पुलिस ने करीब 9 हजार ई-रिक्शा के संचालन को व्यवस्थित करने की योजना तैयार की है। इसके तहत पूरे शहर को तीन यातायात जोन में बांटकर प्रत्येक क्षेत्र के ई-रिक्शा के लिए अलग-अलग रंग निर्धारित किए जाएंगे। इससे वाहन की निर्धारित क्षेत्र की पहचान आसानी से हो सकेगी। क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी रिंकू शर्मा के अनुसार योजना का उद्देश्य ई-रिक्शा चालकों को परेशान करना नहीं, बल्कि सार्वजनिक परिवहन को व्यवस्थित करना है। निर्धारित जोन से बाहर ई-रिक्शा चलाने पर नियमानुसार चालानी कार्रवाई की जाएगी। सड़क किनारे मनमाने ढंग से वाहन खड़े कर सवारी भरने पर भी रोक लगाई जाएगी। इसके लिए अधिकृत स्टॉपेज और पार्किंग स्थल तय किए जाएंगे। यातायात दबाव वाले संवेदनशील मार्गों पर ई-रिक्शा के प्रवेश पर प्रतिबंध रहेगा। योजना में जोन सीमांकन, रूट निर्धारण, तीन रंगों की पहचान, अधिकृत पार्किंग स्थल और प्रतिबंधित क्षेत्रों को प्रमुख आधार बनाया गया है। अधिकारियों के अनुसार व्यवस्था लागू होने के बाद ई-रिक्शा संचालन में अनुशासन आने के साथ शहर के प्रमुख मार्गों और चौराहों पर लगने वाले जाम से भी राहत मिलने की उम्मीद है।

बिजली कंपनी के आउटसोर्स मैनपावर टेंडर पर हाई कोर्ट की रोक

जबलपुर। मप्र हाईकोर्ट ने मध्य प्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा नौ लाट में आउटसोर्स मैनपावर उपलब्ध कराने के लिए जारी निविदा प्रक्रिया पर रोक लगा दी है। चीफ जस्टिस अल्पेश यशवंत कोगजे व जस्टिस विवेक रूसिया की डिवीजन बेंच ने यह अंतरिम आदेश उस याचिका पर दी, जिसमें निविदा की तकनीकी मूल्यांकन और बराबरी की स्थिति में निर्णय के लिए तय मापदंडों को चुनौती दी गई है। याचिकाकर्ता एजेंसी उर्मिला इंटरनेशनल सर्विसेस, भोपाल की ओर से दलील दी गई कि निविदा में क्षेत्रीय बोलीदाता के

तकनीकी मूल्यांकन में क्षेत्रीय अनुभव के मापदंड को चुनौती

अनुभव के लिए प्रतिबंधात्मक मापदंड तय किए गए हैं, जबकि देशभर में प्राप्त समान अनुभव को तकनीकी मूल्यांकन में उचित महत्व नहीं दिया गया। याचिका में पांच अगस्त 2026 के उस संशोधन आदेश को भी चुनौती दी गई है, जिसके माध्यम से 31 जुलाई को प्रस्तुत पूर्व-बोली आपत्ति को खारिज कर दिया गया था। याचिकाकर्ता के अनुसार वह पिछले तीन वर्षों से विद्युत वितरण कंपनी के लिए तकनीकी और गैर-तकनीकी आउटसोर्स कर्मचारियों की सेवाएं उपलब्ध करा रहा है। उसका दावा है कि कार्य के दौरान उसे प्रशंसा प्रमाण पत्र भी मिले हैं। इसके बावजूद नई निविदा में ऐसे तकनीकी मापदंड रखे गए, जिनसे उसे प्रतिस्पर्धा से बाहर किए जाने की आशंका है। याचिका में यह भी कहा गया है कि निविदा में तकनीकी मूल्यांकन में प्राप्त अंक महत्वपूर्ण हैं, जबकि मूल्य बोली निर्धारित है। ऐसे में तकनीकी अंकों और बराबरी की स्थिति में अपनाए जाने वाले मापदंडों का निविदा के परिणाम पर सीधा प्रभाव पड़ेगा। याचिकाकर्ता ने इन मापदंडों को मनमाना, भेदभावपूर्ण और समान अवसर के सिद्धांत के विपरीत बताया है।

22 सितंबर को होगी अहम सुनवाई

सागर जहरीली शराब मामला हाई कोर्ट में याचिका दायर

जबलपुर। सागर जिले की बंडा और शाहगढ़ तहसीलों में संदिग्ध जहरीली शराब के सेवन से कई निर्दोष लोगों की जान चली गई और दर्जनों लोग गंभीर रूप से बीमार हो गए। इस भीषण त्रासदी ने पूरे प्रदेश को हिलाकर रख दिया है। इस दुखद घटना की उच्चस्तरीय निष्पक्ष जांच कराने और प्रशासनिक व्यवस्था की जवाबदेही तय करने के उद्देश्य से मध्य प्रदेश हाईकोर्ट में एक जनहित याचिका दायर की गई है। हाईकोर्ट ने इस मामले की गंभीरता को देखते हुए सुनवाई के लिए 22 सितंबर की तारीख निर्धारित की है।इस जनहित याचिका को दमोह के निवासी और सामाजिक कार्यकर्ता वैभव सिंह ने दायर किया है। याचिकाकर्ता का मानना है कि इस तरह की त्रासदियों को केवल प्रशासनिक लीपापोती से नहीं दबाया जा सकता, बल्कि इसके पीछे छिपे जिम्मेदार चेहरों को बेनकाब करना जरूरी है। याचिका में राज्य शासन, गृह विभाग और पुलिस व आबकारी विभाग के उच्च अधिकारियों को पक्षकार (अनावेदक) बनाया गया है ताकि शासन और प्रशासन की जवाबदेही तय की जा सके। याचिका में मध्य प्रदेश शासन,प्रमुख सचिव, गृह विभाग, प्रमुख सचिव, आबकारी विभाग,पुलिस महानिदेशक, आबकारी आयुक्त, कलेक्टर सागर,पुलिस अधीक्षक सागरजिला आबकारी अधिकारीसागर, थाना प्रभारी, पुलिस थाना बंडा को पक्षकार बनाया गया है । याचिका में राज्य की कानून-व्यवस्था और जनस्वास्थ्य की सुरक्षा के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठाने का आग्रह किया गया है।मांग की गई है कि घटना की निष्पक्ष और पारदर्शी जांच के लिए हाई कोर्ट के सेवानिवृत्त न्यायाधीश की अध्यक्षता में एक स्वतंत्र 'फैक्ट-फाइंडिंग' (तथ्य-अन्वेषण) जांच समिति का गठन किया जाए। घटना से ठीक पहले संदिग्ध शराब के स्टॉक को कथित तौर पर दी गई क्लीन चिट और पूर्व में मिली शिकायतों को नजरअंदाज करने वाले अधिकारियों की भूमिका की गहराई से जांच की जाए। अंतरिम राहत के रूप में मांग की गई है कि सागर के कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक का तत्काल प्रभाव से जिले से स्थानांतरण किया जाए, ताकि जांच प्रक्रिया प्रभावित न हो सके। पड़ोसी राज्य उत्तर प्रदेश (ललितपुर) से जुड़े अवैध और जहरीली शराब के अंतरराज्यीय नेटवर्क को ध्वस्त करने तथा आबकारी विभाग की जांच प्रणाली को मजबूत बनाने के लिए राज्यव्यापी कड़े दिशा-निर्देश (गाइडलाइंस) जारी किए जाएं।

ईडब्ल्यूएस अभ्यर्थियों को आयु सीमा में अंतरिम राहत

सहायक ग्रेड-थ्री भर्ती में 45 वर्ष तक के अभ्यर्थियों के अवसर का रास्ता खुला

जबलपुर। मप्र हाईकोर्ट ने जिला न्यायालयों में सहायक ग्रेड-थ्री के 1174 पदों पर भर्ती में ईडब्ल्यूएस अभ्यर्थियों की आयु सीमा से जुड़े मामले में याचिकाकर्ता को अंतरिम राहत दी है।भर्ती के लिए आवेदन की अंतिम तिथि बढ़ाकर 30 सितंबर कर दी गई है। मामले में ईडब्ल्यूएस अभ्यर्थियों को आयु सीमा में उचित छूट देने का प्रश्न विचाराधीन है। मामला पन्ना निवासी सत्येंद्र कुमार खरे की याचिका से संबंधित है। भर्ती विज्ञापन में सामान्य और ईडब्ल्यूएस वर्ग के पुरुष अभ्यर्थियों के लिए अधिकतम आयु सीमा 40 वर्ष निर्धारित की गई है, जबकि अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग के अभ्यर्थियों को 45 वर्ष तक आवेदन का अवसर दिया गया है। याचिका में ईडब्ल्यूएस वर्ग को 10 प्रतिशत आरक्षण दिए जाने के बावजूद आयु सीमा में छूट नहीं देने को संविधान के अनुच्छेद 14 में निहित समानता के अधिकार के विपरीत बताया गया। याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता विकास मिश्रा और धीरज तिवारी ने पक्ष रखा।

सिद्ध गणेश मंदिर में एकदंत स्वरूप का सहस्रार्चन

हजारों फलों से हुआ पूजन, बड़ी संख्या में पहुंचे श्रद्धालु

जबलपुर। ग्वारीघाट स्थित श्री सिद्ध गणेश मंदिर में गणपति जन्म महोत्सव के द्वितीय दिवस भगवान श्री गणेश के द्वादश स्वरूपों में से एक एकदंत स्वरूप का विधिवत पूजन-अर्चन एवं सहस्रार्चन किया गया। श्रद्धालुओं की सुख-समृद्धि एवं मनोकामना पूर्ति की भावना से भगवान श्री सिद्ध गणेश का हजारों फलों से सहस्रार्चन किया गया। मान्यता है कि भगवान को जो अर्पित किया जाता है, उसका अनंत गुना फल प्राप्त होता है। पूजन में रुद्रांश तिवारी, श्रीमती शशि दिलीप ब्रजपुरिया, श्रीमती रुचि अभिषेक व्रजपुरिया, श्रीमती ज्योति आलोक तिवारी, श्लोक अग्रवाल एवं प्रियंका अग्रवाल सहित अन्य भक्तों ने भाग लिया। भगवान गणेश के दर्शन एवं मनोकामना की अर्जी लगाने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु मंदिर पहुंचे। मंदिर में गणपति जन्म महोत्सव के तृतीय दिवस भगवान श्री सिद्ध गणेश के कपिल स्वरूप को क्रीम रंग के वस्त्रों से सुसज्जित कर लाजवंती के पुष्पों से सहस्रार्चन किया जाएगा। महोत्सव को लेकर श्रद्धालुओं में उत्साह बना हुआ है।

जैन धार्मिक स्थलों में अराजकता बंद हो : जैन समाज

जबलपुर। दिगंबर जैन परिषद के प्रदेश उपाध्यक्ष सुमन कुमार जैन ने कहा कि जैन धार्मिक स्थलों पर कथित अवैध गतिविधियों एवं अमर्यादित आचरण को तत्काल रोका जाना चाहिए। उन्होंने विशेष रूप से पवित्र तीर्थ क्षेत्र श्री सम्मेद शिखरजी का उल्लेख करते हुए कहा कि धार्मिक स्थल की पवित्रता और मर्यादा बनाए रखने के लिए प्रभावी कदम उठाने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि तीर्थ क्षेत्रों में धार्मिक भावनाओं और आस्था का सम्मान सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। इस दिशा में झारखंड सरकार को प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने के साथ ही केंद्र सरकार को भी आवश्यक हस्तक्षेप करना चाहिए। दिगंबर जैन परिषद, विश्व जैन संगठन एवं सकल जैन समाज से जुड़े पूर्व विधायक सुनील जैन, कमलेश जैन, विभाष जैन, डॉ. नीलेश जैन, डॉ. संदीप सिंघई, प्रदीप चौधरी, राकेश सेठ, संजय जैन किपी, देवेंद्र जैन, डॉ. चंद्रेश जैन, डॉ. एम.के. जैन, राजेन्द्र जैन बंधु, राजकुमार जैन मामा, निर्मलचंद जैन, शरद समैया, संजय जैन, अमित जैन युवा, संजय विद्यासागरम, नवीन चिल्लर एवं कपिल जैन ने झारखंड सरकार एवं केंद्र सरकार से 1008 श्री सम्मेद शिखरजी की पवित्रता एवं धार्मिक मर्यादा बनाए रखने के लिए आवश्यक कदम उठाने की मांग की है।

जबलपुर में 81वीं अखिल भारतीय रेलवे फुटबॉल चैंपियनशिप का आगाज

उद्घाटन मुकाबले में पश्चिम मध्य रेल ने उत्तर पश्चिम रेलवे को 6-1 से

जबलपुर। 81वीं अखिल भारतीय रेलवे (पुरुष) फुटबॉल चैंपियनशिप 2026-27 के लीग राउंड का शुभारंभ 15 सितंबर को रेलवे स्टेडियम, जबलपुर में पश्चिम मध्य रेल के महाप्रबंधक श्री दिलीप कुमार सिंह ने किया। प्रतियोगिता 15 से 24 सितंबर तक रेलवे स्टेडियम एवं शिवाजी ग्राउंड, सदर में आयोजित हो रही है, जिसमें 13 रेलवे टीमें भाग ले रही हैं।

इस अवसर पर पश्चिम मध्य रेल खेलकूद संघ के अध्यक्ष मनोज गुरुमुखी, उपाध्यक्ष अनिरुद्ध कौशल, प्रमुख मुख्य कार्मिक अधिकारी एस.डी. पाटीदार, प्रमुख मुख्य सुरक्षा आयुक्त राजीव कुमार यादव एवं सचिव महाप्रबंधक जे.पी. सिंह सहित वरिष्ठ अधिकारी, रेलकर्मी एवं खिलाड़ी उपस्थित रहे। प्रतियोगिता में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, उत्तर सीमांत रेलवे, रेलवे बोर्ड, दक्षिण रेलवे, बनारस लोकोमोटिव वर्क्स, रेल व्हील फैक्ट्री, पश्चिम मध्य रेलवे, पश्चिम रेलवे, पूर्व रेलवे, रेल कोच फैक्ट्री, दक्षिण मध्य रेलवे, उत्तर पश्चिम रेलवे एवं दक्षिण तटीय रेलवे की टीमें हिस्सा ले रही हैं। उद्घाटन मुकाबले में पश्चिम मध्य रेल ने उत्तर पश्चिम रेलवे को 6-1 से हराया। अन्य मुकाबलों में रेल कोच फैक्ट्री ने पूर्व रेलवे को 2-0, दक्षिण रेलवे ने बनारस लोकोमोटिव वर्क्स को 7-0 तथा पश्चिम रेलवे ने दक्षिण मध्य रेलवे को 7-0 से पराजित किया। प्रतियोगिता के आगामी मुकाबलों में खिलाड़ियों के बीच रोमांचक मुकाबले देखने को मिलेंगे।

छात्रसंघ चुनाव बहाल करने की मांग, अभाविप ने सौंपा ज्ञापन

जबलपुर। मध्यप्रदेश के विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों में छात्रसंघ चुनाव तत्काल बहाल करने की मांग को लेकर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद महाकौशल प्रांत ने उच्च शिक्षा मंत्री के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। परिषद ने सरकार से छात्रसंघ चुनाव की तारीख एवं विस्तृत कार्यक्रम शीघ्र घोषित करने की मांग की। अभाविप ने कहा कि प्रदेश में वर्ष 2017 से छात्रसंघ चुनाव बंद हैं, जिसके कारण लाखों विद्यार्थी निर्वाचित छात्र प्रतिनिधित्व से वंचित हैं। छात्रसंघ चुनाव विद्यार्थियों को लोकतांत्रिक मूल्यों से जोड़ने के साथ नेतृत्व क्षमता एवं सामाजिक चेतना विकसित करने का अवसर प्रदान करते हैं। परिषद के अनुसार उच्च न्यायालय द्वारा छात्रसंघ चुनाव को लेकर आवश्यक निर्देश दिए जाने के बाद सरकार ने सितंबर में चुनाव कराने का आश्वासन दिया था, लेकिन अब तक आधिकारिक कार्यक्रम जारी नहीं किया गया है। इससे विद्यार्थियों में असमंजस की स्थिति बनी हुई है। प्रांत मंत्री सुव्रत बाझल ने कहा कि अकादमिक कैलेंडर के अनुसार निष्पक्ष, पारदर्शी एवं समयबद्ध चुनाव कराए जाएं और सरकार तत्काल चुनाव की तारीख घोषित करे। महानगर मंत्री आर्यन पुंज ने कहा कि मांग को लेकर अभाविप लोकतांत्रिक एवं संवैधानिक माध्यमों से अपनी आवाज उठाता रहेगा।

रवि शर्मा बने भाजपा जिला मीडिया प्रभारी

जबलपुर। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल की सहमति से महानगर अध्यक्ष रत्नेश सोनकर ने छह जिला पदाधिकारियों की नियुक्ति की है। रवि शर्मा को जिला मीडिया प्रभारी, नरेश चौधरी को सह मीडिया प्रभारी, सुंदर अग्रवाल को जिला प्रवक्ता, अनिल सिंह चौहान को जिला प्रचार मंत्री, राजेश रोहरा को कार्यालय प्रभारी तथा राहुल तिवारी को सह कार्यालय प्रभारी बनाया गया है। रवि शर्मा इससे पहले जिला सह मीडिया प्रभारी की जिम्मेदारी संभाल रहे थे। उनकी कार्यकुशलता को देखते हुए उन्हें नई जिम्मेदारी दी गई है। नवनियुक्त पदाधिकारियों को राकेश सिंह, सुमित्रा वाल्मीकि, आशीष दुबे, अखिलेश जैन, अशोक रोहाणी, अभिलाष पांडे, जगत बहादुर सिंह अन्नू, संदीप जैन, रिकुंज विज, प्रशांत केसरवानी, श्रीकान्त साहू एवं डॉ. वाणी अहलुवालिया सहित भाजपा पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने बधाई दी।

पंचवटी मोड़ पर सड़क में कटाव, हादसे का खतरा

भेड़ाघाट। पंचवटी से धुआंधार बायपास मार्ग पर पंचवटी मोड़ के पास पानी के तेज बहाव से सड़क का किनारा कट गया है। सड़क पर हुए कटाव और गड्ढे के कारण यहां कभी भी गंभीर सड़क हादसा होने की आशंका बनी हुई है।स्थानीय लोगों के अनुसार मोड़ पर सड़क का हिस्सा लगातार कमजोर हो रहा है, लेकिन लोक निर्माण विभाग द्वारा अब तक आवश्यक मरम्मत एवं सुरक्षा इंतजाम नहीं किए गए हैं। रात के समय स्थिति और अधिक खतरनाक हो जाती है, जिससे दोपहिया वाहन चालकों के गड्ढे में गिरने का खतरा बना रहता है। लोगों का कहना है कि यदि समय रहते सड़क के कटाव की मरम्मत नहीं कराई गई तो किसी बड़े हादसे के बाद ही जिम्मेदार विभाग की नींद खुलेगी। स्थानीय नागरिकों ने प्रशासन एवं लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों से तत्काल स्थल का निरीक्षण कर सड़क की मरम्मत तथा सुरक्षा के आवश्यक इंतजाम कराने की मांग की है।

नर्मदा दर्शन करने गया युवक, लौटकर देखा तो बाइक गायब

जबलपुर। लॉर्डगंज थाना क्षेत्र के पुरानी चरहाई से अज्ञात चोर एक युवक की **HF Deluxe** मोटरसाइकिल क्रमांक **MP** 20 **NW** 4011 चोरी कर ले गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार अर्पित अग्रवाल पुरानी चरहाई में चाइनीज की दुकान लगाता है। 14 सितंबर की रात करीब 1 बजे दुकान बंद करने के बाद वह बड़ा फुहारा गया। रात करीब 1:38 बजे लौटकर उसने अपनी बाइक चाय की दुकान के पास खड़ी की और दोस्त की मोटरसाइकिल से ग्वारीघाट नर्मदा दर्शन के लिए चला गया। करीब 3 बजे वापस लौटने पर बाइक मौके से गायब मिली। आसपास तलाश करने तथा दोस्तों व रिश्तेदारों से जानकारी लेने के बाद भी बाइक का पता नहीं चला। इसके बाद अर्पित ने लॉर्डगंज थाने में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ वाहन चोरी का प्रकरण दर्ज कर आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगालना शुरू कर दिया है।

विद्युत अभियंता संघ ने धूमधाम से मनाया अभियंता दिवस

जबलपुर। भारत रत्न एवं महान अभियंता सर मोक्षगुंडम विश्वेश्वरय्या की जयंती पर मध्यप्रदेश विद्युत मंडल अभियंता संघ द्वारा अभियंता दिवस धूमधाम से मनाया गया। संघ कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में विद्युत विभाग के अभियंताओं ने सहभागिता की। कार्यक्रम में इंजीनियर सुबोध निगम, एफके मेश्राम, एसके गिरिया एवं एसके गायकवाड़ का स्वागत किया गया। अतिथियों ने विश्वेश्वरय्या की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्ज्वलित किया। संघ अध्यक्ष हितेश तिवारी ने अभियंताओं से देश की प्रगति में योगदान देने और विद्युत उपभोक्ताओं के हित में शासन-प्रशासन के साथ समन्वय बनाकर कार्य करने का आह्वान किया। महासचिव विकास शुक्ला ने अभियंता दिवस को "कर्मठता, नवाचार और प्रगति का उत्सव" बताते हुए अभियंताओं से अभियांत्रिकी कौशल एवं परिश्रम से राष्ट्र निर्माण में योगदान देने की अपील की। अंजू नीखरे ने विश्वेश्वरय्या के जीवन एवं उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। संचालन इंजीनियर जितेंद्र तिवारी एवं आभार इंजीनियर सुरेश त्रिवेदी ने व्यक्त किया। कार्यक्रम में सुरेश त्रिवेदी, प्रशांत सिंह भदौरिया, नरेंद्र चंदेल, विकास श्रीवास्तव, अर्पित चौबे, संग्राम मरावी, नितिन सोनी, नरेंद्र पटेल, गौरव साहू, कविंद्र अहिरवार, श्रेया घोष, रश्मि गुलाटी सहित अनेक अभियंता उपस्थित रहे। वरिष्ठ अभियंताओं देवाशीष चक्रवर्ती, एमडी पालनदे, प्रतीश दुबे, शशांक दातार, आरके मिश्रा एवं राजेश द्विवेदी को स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया गया।

त्योहारों में बढ़ती चुनौतियों पर एकजुट हों व्यापारी : कैट

जबलपुर। अखिल भारतीय व्यापारी परिसंघ (कैट) की बैठक प्रदेश महामंत्री जितेंद्र पचौरी के मुख्य आतिथ्य में, प्रदेश मंत्री आशीष गुप्ता की अध्यक्षता तथा प्रदेश उपाध्यक्ष संदेश जैन, संभागीय अध्यक्ष दीपक सेठी एवं संभागीय महामंत्री राजा सराफ के विशिष्ट आतिथ्य में संपन्न हुई। बैठक में आगामी त्योहारों के दौरान व्यापारियों की एकजुटता, संगठन के विस्तार एवं नवीन कार्यकारिणी के गठन सहित विभिन्न विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। वक्ताओं ने कहा कि वर्तमान समय में व्यापारी वर्ग के सामने अनेक प्रकार की चुनौतियां एवं समस्याएं हैं। ऐसे में व्यापारियों का संगठित होकर अपनी समस्याओं को मजबूती से उठाना तथा उनके निराकरण के लिए सामूहिक प्रयास करना समय की आवश्यकता है। वक्ताओं ने कहा कि त्योहारों के दौरान व्यापारिक गतिविधियां बढ़ने के साथ ही व्यापारियों के सामने विभिन्न नई चुनौतियां भी सामने आती हैं। इनका सामना करने के लिए संगठन को मजबूत बनाते हुए सभी व्यापारियों को एकजुट होकर कार्य करना होगा। बैठक का संचालन बालमुकुंद गुप्ता ने किया। इस अवसर पर सुरेश सोनी, आशीष जैन, विपिन सोनी, संजय सोनी, रमाकांत दीक्षित, संजय चौदहा, आशीष कंदेले, स्वप्निल पुरवार, नीरज चौदहा, सुधीर कनकने, श्रीकांत गट्टानी, विजय पटेल, सुकांत गुप्ता, आशीष सोनी एवं सचिन गुप्ता सहित अन्य व्यापारी उपस्थित रहे।

मोदी के जन्मदिन पर एक माह तक चलेंगे सेवा कार्य : बरकड़े

सिहोरा भाजपा मंडल कार्यसमिति की बैठक में बनी कार्यक्रमों की रूपरेखा

सिहोरा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का जन्मदिन भारतीय जनता पार्टी द्वारा 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक सेवा संकल्प अभियान के रूप में मनाया जाएगा। इस दौरान एक माह तक विभिन्न सेवा कार्य एवं जनकल्याणकारी कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। यह बात सिहोरा विधायक संतोष बरकड़े ने मंडल अध्यक्ष सतीश पटेल के संयोजन में विधायक कार्यालय में आयोजित मंडल कार्यसमिति की बैठक में कही।

बैठक में पूर्व विधायक दिलीप दुबे, नगर पालिका अध्यक्ष संध्या दुबे, जनपद पंचायत अध्यक्ष रश्मि मनेन्द्र अग्निहोत्री, जिला महामंत्री राजेश दाहिया, उपाध्यक्ष अनुपम सराफ, हरि सिंह गौर, राजा मोर, नपा उपाध्यक्ष शारदा तिवारी, अरुण जैन एवं सत्यप्रकाश खरे सहित भाजपा पदाधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में तय किया गया कि 17 सितंबर को बाबाताल सहित प्रत्येक घर में मातृशक्ति द्वारा आशीर्वाद का दीपक जलाया जाएगा। इसके अलावा लाभार्थी संपर्क, जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी, पौधारोपण, स्कूलों में रंगोली कार्यक्रम, आंगनवाड़ी केंद्रों में आंगन मिलन एवं सेवा की कहानी, स्वच्छता अभियान सहित विभिन्न कार्यक्रम बूथ स्तर तक आयोजित किए जाएंगे। बैठक में कार्यक्रमों में अधिक से अधिक कार्यकर्ताओं एवं नागरिकों की सहभागिता सुनिश्चित करने की रूपरेखा बनाई गई। वहीं जन्मस्थान बड़नगर से बनारस एवं सेवा क्षेत्र बनारस से बड़नगर तक सेवा ज्योति यात्रा निकाली जाएगी, जो 22 सितंबर को सिहोरा पहुंचेगी, जहां भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा यात्रा का स्वागत किया जाएगा। इस अवसर पर शिशिर पांडे, माधव मिश्रा, अंकित तिवारी, अभिषेक परौहा, बेटू शर्मा, प्रवीण कुररिया, सारिका साहू, वीरेन्द्र पटेल, दिनेश गौतम, नगर महामंत्री सुग्रीव सेन, रश्मि मिश्रा, गोली तिवारी, सुशीला शुक्ला, सुधाकर तिवारी, गजेन्द्र सिंह सरपंच, वर्षा ठाकुर, सुनील चक्रवर्ती, पलाश दुबे, अभिषेक जैन, विनय श्रीपाल, आयूष सेठी, विजय श्रीपाल, सजल कुररिया, रोहित यादव, सुप्पी बर्मन एवं रीतेश मिश्रा सहित भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

श्री अशोक कुमार शर्मा- जसूजा सिटी धनवंतरी नगर निवासी श्री अशोक कुमार शर्मा (57) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

श्रीमती बिट्टी बाई- सेठी नगर गुप्तेश्वर निवासी श्री भगवानदीन की धर्मपत्नी श्रीमती बिट्टी बाई (74) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

श्रीमती रामसीता नेमानी- सत्यानंद विहार रामपुर निवासी श्री एनबीएस नेमानी की धर्मपत्नी श्रीमती रामसीता नेमानी (81) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

श्री हरि प्रसाद वाल्मीक- द्वारका नगर लालमाटी निवासी श्री हरि प्रसाद वाल्मीक (88) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

श्रीमती पार्वती विश्वकर्मा- आहूजा परिसर धनी कुटिया अधारताल निवासी श्री मिट्ठू लाल विश्वकर्मा की धर्मपत्नी श्रीमती पार्वती विश्वकर्मा (92) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

श्री ईशान केसरवानी- गंगासागर एकता चौक निवासी श्री महेश केसरवानी के पुत्र श्री ईशान केसरवानी (38) का निधन हो गया।

अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

श्री कलीराम यादव- दुर्गा नगर भटौली गौरीघाट निवासी श्री कलीराम यादव (63) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

श्री बबलू छतवानी- महर्षि अरविंद वार्ड निवासी श्री शंकर लाल छतवानी के पुत्र श्री बबलू छतवानी (45) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

श्रीमती उषा राय नामदेव- जयप्रकाश नगर अधारताल निवसी श्री हरिशचंद्र राय नामदेव की धर्मपत्नी श्रीमती उषा राय नामदेव (68) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

श्री धर्मेंद्र सिंह ठाकुर- करियापाथर आचार्य विनाबा भावे वार्ड निवासी श्री हरी सिंह ठाकुर के पुत्र श्री धर्मेंद्र सिंह ठाकुर (35) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

सुश्री रचना कश्यप- जेडीए कॉलोनी बाजनामठ मेडिकल निवासी श्री लखन कश्यप की पुत्री सुश्री रचना कश्यप (53) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

श्री रितेश साहू- सिद्धबाबा साहू मोहल्ला निवासी श्री राम कुमार साहू के पुत्र श्री रितेश साहू (41) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

सुश्री शीला हालदार- मान सरोवर कॉलोनी अधारताल निवासी श्री नित्य गोपाल हालदार की पुत्री सुश्री शीला हालदार (67) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

श्रीमती राजकुमारी- उपरैनगंज निवासी श्री उमाशंकर डुमार की धर्मपत्नी श्रीमती राजकुमारी (56) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

श्री रमेश चौधरी- शांति नगर दमोहनाका निवासी श्री रमेश चौधरी (65) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

हरिभूमि
बिजी/शोक/उठावना, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए
सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग:-9303508294, 9407362100

1800 मीटर रनवे से होगी शुरुआत, 2700 मीटर तक होगा विस्तार

सिंहस्थ के पूर्व उज्जैन एयरपोर्ट पर विकसित की जाएगी दताना-मताना स्थित हवाई पट्टी

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के नेतृत्व में सिंहस्थ-2028 के दृष्टिगत उज्जैन में अधोसंरचना विकास के कार्यों को प्राथमिकता के साथ आगे बढ़ाया जा रहा है। देश-विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं, पर्यटकों और अन्य यात्रियों के सुगम आवागमन को ध्यान में रखते हुए दताना-मताना स्थित हवाई पट्टी को एयरपोर्ट के रूप में विकसित किया जा रहा है। यह प्रदेश का 10वां एयरपोर्ट होगा। सिंहस्थ से पूर्व इसके निर्माण को पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। दताना-मताना हवाई पट्टी का विकास केंद्र सरकार की आरसीएस-उड़ान 5.2 योजना के अंतर्गत किया जा रहा है। परियोजना के लिए लगभग 120 एकड़ शासकीय भूमि भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण को हस्तांतरित की जा चुकी है। दताना-मताना में वर्तमान हवाई पट्टी को 1800 मीटर रनवे के लिए विकसित किया जा रहा है। भविष्य की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए रनवे की लंबाई 2700 मीटर तक बढ़ाये जाने की योजना है।

सिंहस्थ-2028 की तैयारियों में महत्वपूर्ण कड़ी

सिंहस्थ-2028 उज्जैन के लिए देश और दुनिया के सबसे बड़े धार्मिक आयोजनों में से एक होगा। आयोजन के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं और पर्यटकों के पहुंचने की संभावना है। ऐसे में दताना-मताना एयरपोर्ट का विकास सिंहस्थ की तैयारियों की महत्वपूर्ण अधोसंरचनात्मक कड़ी है। एयरपोर्ट के माध्यम से उज्जैन तक हवाई मार्ग से पहुंचना अधिक सुगम होगा, जिससे बड़े आयोजन के दौरान यात्रियों को आवागमन का एक अतिरिक्त और सुविधाजनक विकल्प उपलब्ध होगा। एयरपोर्ट के विकास से वर्षभर देश के विभिन्न हिस्सों से उज्जैन आने वाले श्रद्धालुओं और पर्यटकों को सुविधा मिलेगी। इससे धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा मिलने के साथ व्यापार, स्थानीय परिवहन, होटल, खान-पान और अन्य सेवा क्षेत्रों में आर्थिक गतिविधियों के विस्तार की संभावनाएं भी मजबूत होंगी।

महत्वपूर्ण मुलाकात...

गणेशोत्सव के प्रथम दिन नई दिल्ली में केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल के आवास पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गणपति के दर्शन किए। वहीं पर राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के अखिल भारतीय कार्यकारिणी सदस्य सुरेश सोनी से उनकी भेंट हुई। सोनी भी गोयल के आवास पर गणपति पूजा में शामिल होने के लिए आए हुए थे।

खबर संक्षेप

छेड़छाड़ का विरोध करने पर पेट्रोल डालने से झुलसी युवती की अस्पताल में मौत

रायपुर। छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर के माना थाना क्षेत्र में छेड़छाड़ का विरोध करने पर एक युवक ने युवती पर पेट्रोल डालकर आग लगा दी। गंभीर रूप से झुलसी पीड़िता को तत्काल अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां कल देर रात युवती की मौत हो गई। गौरतलब है कि युवती को बेहद नाजुक हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां डॉक्टरों ने उसे बचाने का हरसंभव प्रयास किया लेकिन आखिर में युवती ने दम तोड़ दिया। बता दें कि आरोपी के साथ कहासुनी के बाद आरोपी ने उस पर पेट्रोल उड़ेलकर आग लगा दी थी। युवती जब अचानक आग की लपटों में घिर गई, तो उसने बचाव के लिए जोर-जोर से चिल्लाना शुरू किया।

आदिवासी क्षेत्रों में स्वच्छ पेयजल और स्वास्थ्य सुविधाएं सुनिश्चित हों

भोपाल। प्रदेश के आदिवासी बहुल क्षेत्रों में स्वच्छ पेयजल की बदहाल स्थिति पर अपना दल (एस) के राष्ट्रीय महासचिव एवं मप्र प्रभारी आर.बी. सिंह पटेल ने प्रदेश सरकार से आदिवासी बस्तियों में तत्काल स्वच्छ पेयजल एवं प्राथमिक स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने की मांग की है। पटेल ने कहा कि आजादी के दशकों बाद भी आदिवासी इलाकों में लोगों को साफ पानी उपलब्ध नहीं हो पाना चिंताजनक है। बालाघाट जिले के मैहर क्षेत्र सहित अनेक आदिवासी इलाकों में इंडिया मार्का हैंडपंपों की कमी तथा उपलब्ध हैंडपंपों के खराब पड़े रहने की शिकायतें सामने आती रही हैं। इसके चलते ग्रामीणों को आज भी नालों, झरनों और अन्य प्राकृतिक जलस्त्रोतों से पानी जुटाकर अपनी प्यास बुझाने को मजबूर होना पड़ता है।

प्रदेश में सेवा-संकल्प अभियान 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक होगा संचालित

पीएम के जन्मदिन पर दीप प्रज्वलन का विश्व रिकॉर्ड कायम करने का प्रयास हो: मुख्यमंत्री

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

सीएम बोले-बेहतर समन्वय और अधिक से अधिक जनसहभागिता की जाए सुनिश्चित

मुख्यमंत्री डॉ यादव ने की सेवा-संकल्प अभियान की तैयारियों की समीक्षा

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा प्रज्वलित विकास के दीपक का प्रकाश देश भर में फैल रहा है। यह मोदी के सेवा और जिम्मेदारी के 25 वर्षों के उजास का प्रतीक है। प्रदेश में सेवा-संकल्प अभियान 17 सितम्बर से 17 अक्टूबर तक संचालित होगा।

प्रदेशवासी प्रधानमंत्री मोदी के जन्म दिवस पर बड़ी संख्या में दीप प्रज्वलित कर उनके प्रति आभार प्रदर्शित करेंगे, हमारा प्रयास हो कि इस अवसर पर दीप प्रज्वलन का विश्व रिकॉर्ड कायम हो। डॉ यादव ने सेवा संकल्प अभियान की प्रदेश में जारी तैयारियों की समत्व भवन में समीक्षा के दौरान यह निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सेवा संकल्प अभियान का आयोजन ग्राम और नगर स्तर पर अधिक से अधिक जनसहभागिता सुनिश्चित करते हुए उत्साह पूर्वक किया जाए। सभी कार्यक्रमों की पूर्व तैयारी के लिए अधिकारियों-कर्मचारियों की जिम्मेदारी तय कर प्रभावी मॉनीटरिंग हो। विभिन्न कार्यक्रमों की व्यवस्था के लिए अधिकारियों-कर्मचारियों के साथ ही जनप्रतिनिधियों से भी बेहतर समन्वय और सभी संबंधितों की शत-प्रतिशत सहभागिता सुनिश्चित की जाए।

मुख्यमंत्री डॉ यादव ने की सेवा-संकल्प अभियान की तैयारियों की समीक्षा की।

आशीर्वाद का दीया कार्यक्रम से अभियान की शुरुआत

सेवा-संकल्प अभियान की शुरुआत प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्म दिवस 17 सितम्बर को आशीर्वाद का दीया कार्यक्रम अंतर्गत प्रदेश में दीप प्रज्वलन के साथ होगी। उज्जैन के महाकाल महालोक सहित प्रदेश की सभी ग्राम पंचायतों और नगरीय निकायों के प्रत्येक वार्ड में शाम 7 बजे एकसाथ दीप प्रज्वलित किए जाएंगे। मुख्यमंत्री डॉ यादव, उज्जैन से कार्यक्रम में सहभागिता करेंगे। प्रदेश के सभी लाभार्थी परिवारों और संस्थाओं को दीप प्रज्वलन में शामिल किया जाए। इसी दिन सभी स्वास्थ्य केंद्रों और मेडिकल कॉलेजों में रक्तदान शिविर आयोजित होंगे। बैठक में रक्त संग्रह, परिवहन और संग्रहण के लिए आवश्यक व्यवस्था के भी निर्देश दिए हैं। कार्यक्रम के राज्य प्रभारी, नगरीय विकास एवं आवास कैलाश विजयवर्गीय होंगे। सेवा-संकल्प अभियान अंतर्गत मेरे सपनों का भारत कार्यक्रम में 19 से 26 सितम्बर तक जिलास्तर पर और 4 व 5 अक्टूबर को राज्यस्तर पर चित्रकला और भाषण प्रतियोगिताएं होंगी। इनमें सभी शासकीय और निजी स्कूल, कॉलेज भागीदारी करेंगे। राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के विजेता विद्यार्थियों को पुरस्कार और मुख्यमंत्री डॉ यादव द्वारा हस्ताक्षरित प्रमाण-पत्र वितरित किए जाएंगे। कार्यक्रम के राज्य प्रभारी, स्कूल शिक्षा मंत्री राव उदय प्रताप सिंह होंगे।

सेवा संकल्प अभियान के तहत होंगे ये कार्यक्रम

सेवा संकल्प अभियान के तहत पूरे माह विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इसके तहत नमो सेवा-अनकही कहानियां गतिविधि 19 सितम्बर से 5 अक्टूबर तक होंगी। आंगन मिलन सेवा का आयोजन 26 सितम्बर से 5 अक्टूबर तक सभी आंगनवाड़ियों में होगा। सेवा ज्योति कलश यात्रा 7 अक्टूबर को प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में निकाली जाएगी। वड़नगर (गुजरात)-वाराणसी सेवा यात्रा की अवधि 17 सितम्बर से 7 अक्टूबर तक रहेगी। प्रदेश के सभी जिलों से यह यात्रा गुजरेगी। सेवा मेरा योगदान कार्यक्रम 2 अक्टूबर से 10 अक्टूबर तक होगा। सेवा सेतु अभियान 2 से 10 अक्टूबर तक होगा। सेवा के रंग-राष्ट्र के संग कार्यक्रम में भोपाल, इंदौर, जबलपुर, ग्वालियर, झाबुआ और अलीराजपुर में 9 और 10 अक्टूबर को बड़े पैमाने पर जनसहभागिता से ह्युमन रंगोली का निर्माण किया जाएगा।

किसी भी आरोपी को बख्शा नहीं जाएगा, की जा रही सख्त कार्रवाई

दूषित शराब से पीड़ित परिवार के खाते में तीन दिन के अंदर पहुंचेगी मुआवजा राशि

बीएमसी पहुंचे खाद्य मंत्री, मरीजों और परिजनों से की मुलाकात

तीन मरीजों को बेहतर इलाज के लिए तत्काल भोपाल एम्स भेजने की व्यवस्था

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

सागर जिले के बण्डा क्षेत्र में दूषित शराब के सेवन से बीमार हुए लोगों का हाल जानने के लिए खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत बुंदेलखंड मेडिकल कॉलेज पहुंचे। उन्होंने अस्पताल में भर्ती मरीजों एवं उनके परिजन से मुलाकात कर उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली तथा चिकित्सकों से उपचार की स्थिति के संबंध में चर्चा की। उन्होंने कहा कि इस दुखद घटना से सरकार बेहद गंभीर है और पीड़ित परिवारों को हरसंभव सहायता उपलब्ध कराई जाएगी। मंत्री राजपूत ने कहा कि दूषित शराब के सेवन से जिन लोगों की मृत्यु हुई है अथवा जो प्रभावित हुए हैं, उनके परिवारों को तीन दिन के अंदर मुआवजा राशि उपलब्ध कराई जाएगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि जिन पीड़ितों के पास संबल कार्ड नहीं है, उन्हें भी नियमानुसार मुआवजा उपलब्ध कराने की व्यवस्था की जाएगी। सरकार का उद्देश्य है कि संकट की इस घड़ी में पीड़ित परिवारों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े।

तीन मरीजों की आंखों में गंभीर परेशानी, भोपाल एम्स भेजने की व्यवस्था

बीएमसी के निरीक्षण के दौरान मंत्री राजपूत को सुनील विश्वकर्मा, सुल्तान सिंह, गोविंद अहिरवार नाम के तीन मरीजों की आंखों में अधिक परेशानी होने की जानकारी मिली। मामले को गंभीरता से लेते हुए उन्होंने तत्काल बेहतर उपचार के लिए तीनों मरीजों को भोपाल भेजने की व्यवस्था कराई। मंत्री ने दूरभाष पर भोपाल एम्स के चिकित्सकों से चर्चा कर मरीजों के इलाज की व्यवस्था सुनिश्चित की और उन्हें तत्काल भोपाल भेजा गया। मंत्री ने कहा कि मरीजों के उपचार में किसी प्रकार की कमी नहीं रहने दी जाएगी। आवश्यकता पड़ने पर उन्हें बेहतर से बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी और सरकार उपचार का पूरा ध्यान रखेगी।

शराब माफिया पर कार्रवाई कर पुलिस-प्रशासन ने कमर तोड़ दी

दूषित शराब मामले में पुलिस एवं प्रशासन की ओर से की जा रही कार्रवाई पर मंत्री राजपूत ने संतुष्टि जताई। उन्होंने कहा कि सरकार ने पूरे मामले को गंभीरता से लिया है और पुलिस तथा प्रशासन पूरी ताकत के साथ आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई कर रहे हैं। शराब माफिया के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा रही है और यह कार्रवाई लगातार जारी रहेगी। दोषियों को किसी भी स्थिति में बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने कहा कि इस पूरे मामले में जो भी व्यक्ति दोषी पाया जाएगा।

सरकार पीड़ितों के साथ, दोषियों पर होगी सख्त कार्रवाई

मंत्री राजपूत ने कहा कि इस दुखद घटना में जिन परिवारों ने अपने परिजन को खोया है, उनके प्रति सरकार की गहरी संवेदनाएं हैं। सरकार पीड़ित परिवारों के साथ पूरी मजबूती से खड़ी है, उन्हें हरसंभव सहायता पहुंचाई जा रही है।

सिविल लाइन थाना क्षेत्र का मामला आरोपी गिरफ्तार

प्रेमी ने अवयस्क प्रेमिका के नाबालिग प्रेमी पर कैंची से किया प्राणघातक हमला, चेहरे पर आईं गंभीर चोटें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोरबा

जिले के सिविल लाइन थाना क्षेत्र के पथर्रीपारा में प्रेम-प्रसंग को लेकर खूनी संघर्ष का मामला सामने आया है। एक सिरफिरे आशिक ने अपने नाबालिग प्रतिद्वंदी पर कैंची से जानलेवा हमला कर दिया। हमले में किशोर के चेहरे पर गंभीर चोटें आई हैं। वारदात के बाद इलाके में सनसनी फैल गई। सूचना मिलते ही सिविल लाइन पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी सागर यादव को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ हत्या के प्रयास का मामला दर्ज किया है।

जानकारी के अनुसार आरोपी सागर यादव उम्र 18 साल 03 माह निवासी पथर्रीपारा का एक नाबालिग लड़की के साथ प्रेम-प्रसंग चल रहा था। कुछ समय बाद लड़की ने आरोपी से दूरी बना ली और उसी मोहल्ले के दूसरे नाबालिग किशोर के साथ नजदीकियां बढ़ा लीं। इसी बात को लेकर सागर यादव अंदर ही अंदर रंजिश पाले हुए था और बदला लेने की फिराक में था। बताया जा रहा है कि बीती रात इसी पुरानी रंजिश को लेकर दोनों के बीच विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ा कि सागर यादव ने आवेश में आकर अपने पास रखी कैंची से नाबालिग किशोर के चेहरे पर ताबड़तोड़ वार कर दिया। हमले में किशोर लहूलुहान होकर जमीन पर गिर पड़ा। चीख-पुकार सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और घायल किशोर को तत्काल अस्पताल पहुंचाया।

आरोपी पर पहले भी दर्ज हो चुके हैं कई प्रकरण

सिविल लाइन पुलिस के अनुसार ने बताया कि पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने घायल किशोर का बयान दर्ज कर आरोपी सागर यादव को हिरासत में लिया। पूछताछ में आरोपी ने जुर्म कबूल कर लिया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 109 हत्या के प्रयास के तहत अपराध पंजीबद्ध कर उसे गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है। पुलिस जांच में सामने आया है कि आरोपी सागर यादव आदतन अपराधी है। इसके पहले भी उसके खिलाफ आपराधिक प्रकरण दर्ज हो चुका है।

नाबालिग रहते बाल सुधार गृह में रह चुका निरुद्ध

नाबालिग रहने के दौरान एक अन्य मामले में उसे बाल सुधार गृह में निरुद्ध किया गया था। बालिग होते ही उसने फिर से वारदात को अंजाम दिया। पुलिस का कहना है कि मामले में सभी पहलुओं पर जांच की जा रही है और घायल किशोर का मेडिकल परीक्षण कराया गया है। प्रेम-प्रसंग के इस खूनी खेल ने एक बार फिर नाबालिगों के बीच बढ़ते अपराध पर सवाल खड़े कर दिए हैं।

सरगुजा के अम्बिकापुर अंतर्गत आने वाले सीतापुर थाना क्षेत्र का मामला

गो-हत्या मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को किया गिरफ्तार, चार किग्रा गोमांस और दो टांगी बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सरगुजा

छत्तीसगढ़ के सरगुजा जिले के अम्बिकापुर अंतर्गत आने वाले सीतापुर थाना क्षेत्र में गौ हत्या के मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। यह पूरा मामला ग्राम रजौटी के सान्याघुटरी जंगल का है। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपियों के पास से लगभग चार किलोग्राम गौमांस और दो टांगी बरामद की हैं। वहीं, इस मामले में शामिल तीन अन्य आरोपी फिलहाल फरार हैं, जिनकी तलाश में पुलिस संभावित ठिकानों पर लगातार दबिश दे रही है। पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि ग्राम रजौटी के सान्याघुटरी जंगल में कुछ लोग गाय काट रहे हैं। सूचना के आधार पर पुलिस की टीम ने मौके पर पहुंचकर इलाके की घेराबंदी की। इस कार्रवाई के दौरान पुलिस ने अजय कुमार कुजूर और रंजीत कुजूर को मौके से ही पकड़ लिया। वहीं, इस आपराधिक कृत्य में शामिल तीन अन्य आरोपी पुलिस टीम को देखकर मौके से भागने में सफल रहे। पुलिस अब फरार आरोपियों की सरगर्मी से तलाश कर रही है।

दोनों आरोपियों को भेजा जेल

कार्रवाई के दौरान पुलिस ने पकड़े गए आरोपियों के पास से दो टांगी और करीब चार किलोग्राम गौमांस बरामद किया। इसके अलावा पुलिस टीम ने घटनास्थल से कटे हुए गाय के अवशेष भी जब्त किए हैं। अन्य सभी साक्ष्यों को भी पुलिस ने अपनी कार्रवाई में शामिल किया है। पुलिस पूछताछ में आरोपियों से कथित तौर पर पता चला कि गौमांस को आपस में बांटने की योजना थी। इसके अलावा बचा हुआ मांस बेचने की बात भी सामने आई है। पुलिस ने संबंधित धाराओं के तहत अपराध दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कार्रवाई के बाद दोनों गिरफ्तार आरोपियों को न्यायिक प्रक्रिया के तहत जेल भेज दिया गया है।

श्रम और स्वावलंबन को सम्मान देने का सीएम साय ने दिया अद्भुत संदेश, मौके पर बना उत्सुकता का माहौल

अचानक बीच सड़क रुका मुख्यमंत्री साय का काफिला, एक हजार के खरीदे दीये

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

तेलीबांधा मरीन ड्राइव में सड़क किनारे मिट्टी के दीये बेच रही मीरा उस वक्त हैरान रह गई, जब मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का काफिला अचानक उसके छोटे से पसरे के पास रुक गया। मुख्यमंत्री ने बिना किसी औपचारिकता के मीरा से बातचीत की और उसके बनाए मिट्टी के दीये देखे। इसके बाद उन्होंने 'आशीर्वाद का दीया' कार्यक्रम के लिए मीरा से एक दीया खरीदा और उसे 1000 रुपए दिए। मुख्यमंत्री की इस सहज पहल ने सड़क किनारे छोटे कारोबार के जरिए आजीविका चलाने वाली मीरा के श्रम और स्वावलंबन को सम्मान देने का संदेश दिया। मुख्यमंत्री के अचानक वहां पहुंचने से आसपास मौजूद लोगों में भी उत्सुकता का माहौल बन गया।

बातचीत के दौरान मुख्यमंत्री ने मीरा से उसके कामकाज और परिवार के बारे में जानकारी ली। उन्होंने यह भी पूछा कि केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ उसे मिल रहा है या नहीं। मीरा ने बताया कि उसका प्रधानमंत्री जनधन योजना के तहत बैंक खाता खुला हुआ है। इसके साथ ही उसे महतारी वंदन योजना के तहत हर महीने 1000 रुपए की राशि भी मिल रही है। योजनाओं का लाभ मिलने की जानकारी पर मुख्यमंत्री ने प्रसन्नता जताई। उन्होंने कहा कि सरकारी योजनाओं की सार्थकता तभी है, जब उनका लाभ पात्र और जरूरतमंद लोगों तक सीधे पहुंचे और उनके जीवन को बेहतर बनाने में मदद करे।

पीएम जनधन योजना के तहत खुला बैंक खाता

आम जनता तक पहुंचाना है योजना का लाभ

स्थानीय उत्पाद खरीदना कारीगर के आत्मसम्मान को सहारा देना

मुख्यमंत्री ने कहा कि सड़क किनारे सामान बेचने वाले छोटे विक्रेता, कुम्हार, शिल्पकार और स्थानीय उत्पाद तैयार करने वाली महिलाएं आत्मनिर्भर छत्तीसगढ़ की ताकत हैं। उनके श्रम और हुनर को प्रोत्साहित करना समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि स्थानीय उत्पाद खरीदना सिर्फ किसी वस्तु की खरीदारी नहीं है, बल्कि इसके जरिए किसी परिवार की आजीविका, कारीगर के हुनर और उसके आत्मसम्मान को भी सहारा मिलता है। मीरा से मुख्यमंत्री द्वारा खरीदा गया मिट्टी का दीया 'सेवा संकल्प अभियान' के तहत आयोजित होने वाले 'आशीर्वाद का दीया' कार्यक्रम का हिस्सा बनेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि भारतीय संस्कृति में दीया सिर्फ प्रकाश का माध्यम नहीं, बल्कि आशा और सकारात्मक संकल्प का प्रतीक है। समाज का प्रत्येक व्यक्ति सेवा का छोटा-सा संकल्प लेकर आगे बढ़े तो सामूहिक प्रयास से बड़ा बदलाव लाया जा सकता है।

जरूरतमंद की मदद करना सराहनीय समाजसेवा

जरूरतमंद की मदद करना, पौधा लगाना, स्वच्छता में योगदान देना या स्थानीय कारीगर से सामान खरीदना भी समाजसेवा का महत्वपूर्ण माध्यम हो सकता है। तेलीबांधा के सड़क किनारे लगे मीरा के छोटे से पसरे पर मुख्यमंत्री की यह मुलाकात कई संदेश छोड़ गई। एक ओर जहां मीरा के श्रम और स्वावलंबन को सम्मान मिला, वहीं सरकारी योजनाओं की जमीनी पहुंच की जानकारी सामने आई। मुख्यमंत्री द्वारा खरीदा गया यही मिट्टी का दीया अब 'आशीर्वाद का दीया' कार्यक्रम के जरिए सेवा, जनभागीदारी और विकास के संकल्प का प्रतीक बनेगा।

'सेवा संकल्प अभियान' से जुड़ने की अपील की

मुख्यमंत्री ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक जीवन के 25 वर्ष राष्ट्र और जनसेवा को समर्पित होने के अवसर पर 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक 'सेवा संकल्प अभियान' आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने प्रदेशवासियों से अभियान से जुड़ने की अपील करते हुए स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण, जरूरतमंदों की सहायता और जनसेवा से जुड़े कार्यों में भागीदारी करने का आह्वान किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि सेवा का कोई काम छोटा नहीं होता।

खबर संक्षेप

अमेजन ने भारत में बढ़ाया नेटवर्क, 20 नए भंडार जोड़े

नई दिल्ली। ई-कॉमर्स क्षेत्र की प्रमुख कंपनी अमेजन ने आगामी त्योहारी सत्र से पहले भारत में अपने परिचालन नेटवर्क के विस्तार की घोषणा की। कंपनी ने 20 नए भंडार एवं वितरण केंद्र (एफसी), छह छंटाई केंद्र और 150 अंतिम छोर तक आपूर्ति करने वाले डिलिवरी स्टेशन शुरू किए हैं। अमेजन ने बयान में कहा कि यह विस्तार कंपनी द्वारा भारत में अपने परिचालन और बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के लिए घोषित 2,800 करोड़ रुपये से अधिक के निवेश का हिस्सा है।

रुपया 38 पैसे लुढ़ककर 95.92 प्रति डॉलर पर

मुंबई। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया मंगलवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 38 पैसे लुढ़ककर 95.92 (अस्थायी) पर रहा।

पश्चिम एशिया में बढ़ते संघर्ष और ब्रेंट कच्चे तेल की ऊंची कीमतों से घरेलू मुद्रा पर दबाव है। ब्रेंट कच्चे तेल की कीमत 108 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच गई। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि तेल आयातकों की ओर से डॉलर की बढ़ती मांग ने भारत के बाहरी संतुलन और मुद्रास्फीति को लेकर चिंता बढ़ा दी है।

टाटा समूह की कंपनियों के शेयर में तेजी

नई दिल्ली। टाटा समूह की कंपनियों के शेयर में मंगलवार को तेजी रही। टाटा केमिकल्स का शेयर 20 प्रतिशत चढ़ गया। भारतीय रिजर्व बैंक के टाटा संस के प्रमुख

निवेश कंपनी का पंजीकरण वापस करने के आवेदन को खारिज करने की खबरों के बीच यह तेजी आई है। बीएसई पर टाटा केमिकल्स के शेयर में 20 प्रतिशत की तेजी आई। टाटा इन्वेस्टमेंट कॉरपोरेशन का शेयर 15.24 प्रतिशत, टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स का 5.89 प्रतिशत, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) का 5.47 प्रतिशत, टाटा एल्क्सी का 4.28 प्रतिशत, टाटा पावर का 3.41 प्रतिशत, टाटा कम्युनिकेशंस का 3.21 प्रतिशत, टाटा स्टील का 1.96 प्रतिशत और टाटा कंज्यूमर प्रोडक्ट्स का 1.72 प्रतिशत चढ़ा।

आरबीआई ने वीआरआरआर से जुटाई 3.93 लाख करोड़

मुंबई। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने परिवर्तनीय दर रिवर्स रेपो (वीआरआरआर) नीलामी के जरिये मंगलवार को

3,93,352 करोड़ रुपये की नकदी जुटाई। प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, केंद्रीय बैंक को अधिसूचित पांच लाख करोड़ रुपये की राशि के लिए 3,93,352 करोड़ रुपये की बोलियां मिलीं। इन बोलियों को 5.24 प्रतिशत की 'कट-ऑफ' दर और भारित औसत दर पर स्वीकार किया गया।

प्रणव कंस्ट्रक्शंस का शेयर 6 प्रतिशत बढ़कर सूचीबद्ध

नई दिल्ली। रियल एस्टेट कंपनी प्रणव कंस्ट्रक्शंस के शेयर अपनी सूचीबद्धता के दिन मंगलवार को 124 रुपये के निर्गम मूल्य के मुकाबले छह प्रतिशत से अधिक चढ़कर बंद हुए। कंपनी का शेयर बीएसई पर 162 रुपये पर सूचीबद्ध हुआ, जो निर्गम मूल्य से 30.64 प्रतिशत अधिक है। एक समय यह 32.66 प्रतिशत चढ़कर 164.50 रुपये तक पहुंच गया था। हालांकि, बाद में इसने ज्यादातर बढ़त गंवा दी और 4.51 प्रतिशत बढ़त के साथ 129.60 रुपये पर बंद हुआ।

इंजीनियरिंग में नौकरियों से कहीं अधिक उम्मीदवार उपलब्ध

एजेंसी ▶▶| मुंबई

इंजीनियरिंग क्षेत्र में उम्मीदवारों की उपलब्धता और भर्ती की मांग के बीच अंतर बढ़ रहा है। प्रवेश स्तर की नौकरियों की तलाश करने वाले उम्मीदवार कुल प्रतिभा का 45 प्रतिशत हैं, जबकि ऐसी नौकरियों की मांग केवल 28 प्रतिशत है। एक रिपोर्ट में यह बात सामने आई। प्रतिभा मंच फाउंडइट (मॉन्स्टर) की रिपोर्ट के अनुसार, इंजीनियरिंग प्रतिभाओं की उपलब्धता और मांग के बीच सबसे अधिक अंतर प्रवेश स्तर पर है। 0-3 वर्ष के अनुभव वाले पेशेवर सक्रिय इंजीनियरिंग उम्मीदवारों के कुल पूल का करीब 45 प्रतिशत हैं, लेकिन उनके लिए उपलब्ध नौकरियों की हिस्सेदारी केवल 28 प्रतिशत है।

प्रतिभा मंच फाउंडइट ने जारी की रिपोर्ट

अगस्त में 6.68 लाख नौकरियां उपलब्ध थी

अगस्त, 2026 के अनुमान के अनुसार, कुल 39.59 लाख सक्रिय इंजीनियरिंग उम्मीदवारों के मुकाबले इंजीनियरिंग पृष्ठभूमि वाली 6.68 लाख नौकरियां उपलब्ध थीं। यानी हर एक नौकरी के लिए 5.9 उम्मीदवार थे। हालांकि, यह अनुपात इंजीनियरिंग की अलग-अलग धाराओं में काफी अलग है। मोटर वाहन/स्वचालन इंजीनियरिंग में हर नौकरी के लिए 1.1 उम्मीदवार से लेकर 'इलेक्ट्रॉनिक्स' और 'इंस्ट्रूमेंटेशन' में 11.5 उम्मीदवार तक हैं।

करियर के शुरूआत में उपलब्धता सबसे अधिक होती है

रिपोर्ट के अनुसार, इंजीनियरिंग करियर की शुरुआत में उम्मीदवारों की उपलब्धता सबसे अधिक होती है और तीन साल से अधिक अनुभव होने के बाद यह काफी कम हो जाती है। 0-3 वर्ष के अनुभव वाले इंजीनियर उम्मीदवारों का सबसे बड़ा समूह हैं। वहीं, 15 वर्ष से अधिक अनुभव वाले समूह में उम्मीदवारों और नौकरियों का अनुपात 9.5 से घटकर 4.1 रह जाता है, यानी आधे से भी कम हो जाता है।

इंजीनियरिंग क्षेत्र में कुल मांग में 4-10 वर्ष के अनुभव वाले लोगों की हिस्सेदारी सबसे अधिक 54 प्रतिशत है। फाउंडइट के मुख्य उत्पाद एवं प्रौद्योगिकी अधिकारी (सीपीटीओ) तरुण शर्मा ने कहा, आज इंजीनियरिंग में करियर अब किसी एक क्षेत्र या पारंपरिक करियर मार्ग तक सीमित नहीं हैं। प्रौद्योगिकी, विनिर्माण, बुनियादी ढांचे, मोटर वाहन, इलेक्ट्रॉनिक और ऊर्जा जैसे क्षेत्रों में मांग बढ़ने के साथ इंजीनियर के पास अपना करियर बनाने के लिए अधिक व्यापक अवसर हैं। अवसर यह है कि उद्योग जिस दिशा में आगे बढ़ रहे हैं, उसके अनुरूप लगातार खुद को विकसित किया जाए और उभरते क्षेत्रों में इंजीनियरिंग की अपनी बुनियादी विशेषज्ञता का इस्तेमाल किया जाए।''

पेट्रोलियम उत्पादों के निर्यात में तेज वृद्धि से निर्यात बढ़ा

निर्यात अगस्त में 26 फीसदी बढ़कर 44 अरब डॉलर, व्यापार घाटा पांच माह के निचले स्तर पर

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

देश का वस्तु निर्यात अगस्त में सालाना आधार पर 26.12 प्रतिशत बढ़कर 43.81 अरब डॉलर रहा। पेट्रोलियम उत्पादों के निर्यात में तेज वृद्धि के कारण कुल निर्यात बढ़ा है। वहीं सोने के आयात में कमी से व्यापार घाटा भी कम होकर पांच महीने के निचले स्तर 26.86 अरब डॉलर पर आ गया। आयात अगस्त में 14.1 प्रतिशत बढ़कर 70.76 अरब डॉलर रहा।

- सोने के आयात में कमी से व्यापार घाटा कम हुआ

पिछले महीने वैश्विक मानक ब्रेंट क्रूड की कीमत 90 से 94 डॉलर प्रति बैरल के बीच रही। निर्यात में अगस्त महीने में वृद्धि जून, 2022 के बाद सबसे अधिक रही। जून, 2022 में निर्यात 30.12 प्रतिशत बढ़ा था। चालू वित्त वर्ष में अप्रैल-अगस्त के दौरान निर्यात 17.85 प्रतिशत बढ़कर 215.91 अरब डॉलर हो गया, जबकि आयात 18.21 प्रतिशत बढ़कर 363 अरब डॉलर रहा।

खास बातें

- ब्रेंट क्रूड की कीमत 90 से 94 डॉलर प्रति बैरल रही
- निर्यात में अगस्त महीने में वृद्धि जून, 2022 के बाद सबसे अधिक रही

पेट्रोलियम, कोयला ऊर्जा के कारण व्यापार घाटा बढ़ाः अग्रवाल ने कहा कि मुख्य रूप से पेट्रोलियम, कच्चा तेल, कोयला, कोक और ब्रिकेट जैसे ऊर्जा उत्पाद तथा इलेक्ट्रॉनिक सामान के कारण व्यापार घाटा बढ़ा है। उन्होंने निर्यात के मोर्चे पर कहा कि इंजीनियरिंग सामान, पेट्रोलियम उत्पाद, रसायन और कपड़े सहित कई वस्तुओं के निर्यात में वृद्धि से कुल निर्यात बढ़ा है।

व्यापार घाटा बढ़कर 147.09 अरब डॉलर

चालू वित्त वर्ष के पहले पांच महीनों में वस्तु व्यापार घाटा बढ़कर 147.09 अरब डॉलर हो गया, इससे पिछले वित्त वर्ष में अप्रैल-अगस्त के दौरान यह 123.88 अरब डॉलर था। बीते साल अगस्त में व्यापार घाटा 27.22 अरब डॉलर और जुलाई में 31.98 अरब डॉलर था। इससे पहले मार्च में यह 20.67 अरब डॉलर के निचले स्तर पर रहा था। देश का सोने का आयात अगस्त में 57.7 प्रतिशत घटकर 2.3 अरब डॉलर रहा, जो अगस्त, 2025 में 5.4 अरब डॉलर था।

निर्यात वृद्धि की गति बनी हुई

वाणिज्य सचिव राजेश अग्रवाल ने आंकड़ों की जानकारी देते हुए कहा कि निर्यात वृद्धि की अच्छी गति बनी हुई है और इसमें और तेजी आ रही है। उन्होंने कहा कि वित्त वर्ष 2026-27 के पहले पांच महीनों में आयात में वृद्धि मजबूत घरेलू आर्थिक विस्तार, ऊर्जा की बढ़ती जरूरतों और विनिर्माण क्षेत्र की तेज वृद्धि को बनाए रखने के लिए जरूरी महत्वपूर्ण कच्चे माल तथा अन्य वस्तुओं की मांग के कारण हुई है। इससे व्यापार घाटा भी बढ़ा है।

ब्रिक्स देशों को भारत का निर्यात 13.3 फीसदी बढ़ा

अग्रवाल ने कहा, ''यूरोपीय संघ, ब्रिक्स देशों और उभरती अर्थव्यवस्थाओं से मांग में वृद्धि हुई है। यह भारत की वैश्विक पहुंच के विस्तार को दर्शाता है और हमारी मजबूती, विविधता तथा रणनीतिक व्यापार एकीकरण के लक्ष्यों को भी मजबूत करता है।'' वित्त वर्ष 2026-27 के पहले पांच महीनों में ब्रिक्स देशों को भारत का निर्यात 13.3 प्रतिशत बढ़कर 34.5 अरब डॉलर रहा।

निर्यात में वृद्धि मात्रा के लिहाज से अच्छी रही

अग्रवाल ने कहा कि निर्यात में वृद्धि केवल मूल्य के लिहाज से ही नहीं, बल्कि मात्रा के लिहाज से भी अच्छी रही है। चालू वित्त वर्ष में अप्रैल-अगस्त के दौरान कच्चे तेल का आयात बढ़कर 95.57 अरब डॉलर हो गया, जो पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में 78.07 अरब डॉलर था।

इलेक्ट्रॉनिक सामान के आयात में वृद्धि

इसी तरह इलेक्ट्रॉनिक सामान का आयात आलोच्य अवधि में बढ़कर 66.48 अरब डॉलर हो गया जो बीते वित्त वर्ष में अप्रैल-अगस्त के दौरान 46.31 अरब डॉलर था। पेट्रोलियम उत्पादों का निर्यात चालू वित्त वर्ष में अप्रैल-अगस्त के दौरान बढ़कर 35.31 अरब डॉलर हो गया, जो पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में 25.32 अरब डॉलर था।

बेरोजगारी दर अगस्त में मामूली घटकर 5% पर

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

देश में 15 वर्ष और उससे अधिक आयु के लोगों की बेरोजगारी दर अगस्त में मामूली घटकर पांच प्रतिशत रही। जुलाई में यह 5.1 प्रतिशत थी। मंगलवार को जारी आवधिक यानी नियमित अंतराल पर होने वाले श्रम बल सर्वेक्षण (पीएलएफएस) के आंकड़ों में यह जानकारी दी गई। आधिकारिक बयान के अनुसार, बीते साल अगस्त में भी बेरोजगारी दर 5.1 प्रतिशत थी। ग्रामीण क्षेत्रों में बेरोजगारी दर मासिक आधार पर अगस्त में घटकर 4.1 प्रतिशत हो गई। जुलाई में यह 4.5 प्रतिशत थी।

- 15 और उससे अधिक आयु वर्ष के लोगों में रही यह दर

वहीं, शहरी क्षेत्रों में यह आलोच्य महीने में मामूली बढ़कर 6.8 प्रतिशत रही जबकि जुलाई में यह 6.7 प्रतिशत थी। अगस्त, 2025 की तुलना में अगस्त, 2026 में कुल और शहरी बेरोजगारी दर लगभग समान रही, जबकि ग्रामीण बेरोजगारी दर 0.2 प्रतिशत घटकर 4.1 प्रतिशत हो गई। अगस्त, 2025 में यह 4.3 प्रतिशत थी। जनवरी, 2026 के बाद ग्रामीण बेरोजगारी दर अगस्त में सबसे निचले स्तर पर रही।

महिलाओं की कुल बेरोजगारी दर घटी

महिलाओं में कुल बेरोजगारी दर लगातार दूसरे महीने घटकर अगस्त में 5.1 प्रतिशत रह गई। जून, 2026 में यह 5.9 प्रतिशत थी। ग्रामीण महिलाओं में बेरोजगारी दर अगस्त में घटकर 3.9 प्रतिशत रही, जो जुलाई में 4.3 प्रतिशत थी। वहीं शहरी महिलाओं में यह पिछले महीने की तुलना में लगभग स्थिर रही।

महिला व पुरुषों की दर में ज्यादा अंतर नहीं

सालाना आधार पर अगस्त, 2026 में पुरुषों और महिलाओं दोनों की कुल बेरोजगारी दर में कोई खास बदलाव नहीं हुआ। अखिल भारतीय स्तर पर अगस्त के मासिक अनुमान 3,70,160 लोगों से जुटाई गई जानकारी पर आधारित हैं।

एमएलडी जहाज निर्माण केंद्र पर करेगी 27,000 करोड़ रुपए निवेश

एजेंसी ▶▶| मुंबई

सार्वजनिक क्षेत्र की रक्षा कंपनी मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स लिमिटेड (एमडीएल) महाराष्ट्र के रायगढ़ जिले में दिघी बंदरगाह पर करीब 27,000 करोड़ रुपये के निवेश से नया जहाज निर्माण क्लस्टर स्थापित करेगी जिससे करीब 90,000 रोजगार पैदा होंगे। राज्य सरकार ने मंगलवार को यह जानकारी दी। एमडीएल ने मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस की मौजूदगी में इस परियोजना के लिए नेशनल शिपबिल्डिंग एंड हेवी इंडस्ट्रीज पार्क महाराष्ट्र लिमिटेड (एनएसएचआईपीएमएल) के साथ समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए। समझौते के तहत एमडीएल ने दिघी में कम-से-कम 20 लाख टन जहाज निर्माण की वार्षिक क्षमता हासिल करने का लक्ष्य रखा है। परियोजना में बड़े वाणिज्यिक जहाजों का निर्माण किया जाएगा और इससे देश की समुद्री औद्योगिक क्षमता मजबूत होने की उम्मीद है। यह जहाज निर्माण परिसर महाराष्ट्र समुद्री बोर्ड और मुंबई बंदरगाह प्राधिकरण द्वारा परियोजना के लिए गठित विशेष प्रयोजन कंपनी एनएसएचआईपीएमएल के जरिये संयुक्त रूप से विकसित किया जा रहा है। राज्य सरकार के अनुसार, यह परियोजना आधुनिक जहाज निर्माण अवसंरचना तथा औद्योगिक एवं आपूर्ति श्रृंखला तैयार करेगी। इससे घरेलू जहाज निर्माण क्षमता बढ़ाने, प्रौद्योगिकी और निवेश आकर्षित करने, कुशल रोजगार पैदा करने तथा वैश्विक समुद्री क्षेत्र में भारत की प्रतिस्पर्धात्मक क्षमता बढ़ाने में मदद मिलने की उम्मीद है।

- देश का सबसे बड़ा जहाज निर्माण केंद्र होगा

90 हजार रोजगार पैदा होने का अनुमान

फडणवीस ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार मिलकर देश का सबसे बड़ा जहाज निर्माण परिसर (शिपयार्ड) बनाएंगी, जहां युद्धपोतों और वाणिज्यिक जहाजों का निर्माण किया जाएगा। शिपयार्ड में जहाज निर्माण के अलावा जहाज तोड़ने, जहाज पुनर्चक्रण और जहाज मरम्मत की गतिविधियां भी होंगी। उन्होंने कहा कि परियोजना से करीब 90,000 रोजगार पैदा होने का अनुमान हैं जिनमें से 15,000 प्रत्यक्ष और 75,000 अप्रत्यक्ष रोजगार होने की उम्मीद है।

सोना 1,000 रुपए टूटकर पांच सप्ताह के निचले स्तर पर

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में मंगलवार को कमजोर वैश्विक रुख और मजबूत डॉलर के बीच सोने की कीमतें 1,000 रुपये टूटकर 1,54,400 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर रह गईं, जो एक महीने से ज्यादा का निचला स्तर है। यह कीमती धातु इससे पहले सात अगस्त को इसी स्तर के आसपास कारोबार कर रही थी, जब स्थानीय बाजार में इसकी कीमत 1.54 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम थी। स्थानीय कारोबारियों के अनुसार, चांदी की कीमतें लगातार दूसरे दिन 2,34,600 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी कर सहित) पर स्थिर रहीं।

एचडीएफसी सिक्योरिटीज में वरिष्ठ विश्लेषक (जिंस) सौमिल गांधी ने कहा, ''मंगलवार को कमजोर वैश्विक संकेतों के बीच सोने की कीमतों में गिरावट आई। हाजिर सोना 4,300 डॉलर प्रति औंस से नीचे फिसल गया और एक महीने के निचले स्तर के करीब कारोबार कर रहा है।'' गांधी ने आगे कहा कि यह गिरावट मजबूत अमेरिकी डॉलर और बढ़ते बॉण्ड प्रतिफल के कारण आई है, क्योंकि कच्चे तेल की ऊंची कीमतों ने महंगाई की चिंता बढ़ा दी है और इस सप्ताह होने वाली नीतिगत बैठक में फेडरल रिजर्व द्वारा ब्याज दरें बढ़ाने की संभावनाओं को मजबूत किया है।

भारत के चावल निर्यातकों की नजर जॉर्डन, तुर्किये पर

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय चावल निर्यातक पारंपरिक बाजारों से अलग तुर्किये और जॉर्डन जैसे नए और कम पारंपरिक बाजारों की ओर ज्यादा ध्यान दे रहे हैं। उन्हें उम्मीद है कि दुनिया के सबसे बड़े आयातकों की तुलना में इन छोटे और तेजी से बढ़ते बाजारों से बेहतर लाभ मिल सकता है। यह सब ऐसे समय में हो रहा है जब यह उद्योग अक्टूबर में होने वाले 'भारतीय अंतरराष्ट्रीय चावल सम्मेलन' (बीआईआरसी) 2026 की तैयारी कर रहा है। भारत के चावल निर्यातक पारंपरिक बाजारों के अलावा तुर्किये और जॉर्डन को विकास के अगले बड़े मौके के तौर पर देख रहे हैं। अक्टूबर में होने वाले 'भारतीय अंतरराष्ट्रीय चावल सम्मेलन' (बीआईआरसी) 2026 की तैयारी के बीच, भारतीय चावल निर्यातक तुर्की और जॉर्डन जैसे नए बाजारों पर ध्यान दे रहे हैं। सम्मेलन के आयोजकों के अनुसार, जॉर्डन को होने वाले भारतीय चावल के निर्यात में लगभग आठ गुना बढ़ोतरी हुई है, जबकि तुर्किये को बासमती चावल का निर्यात दोगुना हो गया है।

- नए और कम पारंपरिक बाजारों पर अब ज्यादा ध्यान

इस बदलाव ने व्यापार जगत को चौंका दिया है, क्योंकि आमतौर पर इनमें से कोई भी देश दुनिया के शीर्ष चावल आयातकों में शामिल नहीं रहा है। बाजार का यह रुख बीआईआरसी-2026 में ''वर्ष 2027 में नजर रखने लायक शीर्ष 10 चावल बाजारः मांग के संकेत और प्रवेश की रणनीतियां' शीर्षक के सत्र का मुख्य विषय होगा।

वैश्विक चावल व्यापार में बढ़ोतरी होगी

गर्ग ने आगे कहा, ''तुर्की और जॉर्डन इसके बेहतरीन उदाहरण हैं। साल की शुरुआत में बहुत कम लोगों ने इन्हें खास बाजारों के तौर पर पहचाना होगा, फिर भी व्यापार के आंकड़ों में जबर्दस्त बदलाव आया।'' ओईसीडी-एफएओ कृषि परिदृश्य 2026-2035 के अनुसार, अगले दशक में वैश्विक चावल व्यापार में लगभग 2.2 करोड़ टन की बढ़ोतरी होने और वर्ष 2035 तक इसके लगभग 8.1 करोड़ टन तक पहुंचने का अनुमान है।

एस्सार की ईईटी करेगी एसजीएन का अधिग्रहण

नई दिल्ली। एस्सार एनर्जी ट्रांजिशन की खुदरा इकाई ने ब्रिटेन की पेट्रोल पंप संचालक कंपनी एसजीएन रिटेल का अधिग्रहण करने के लिए करार किया है। यह सौदा करीब 40 करोड़ पाउंड का बताया जा रहा है। इससे उसके नेटवर्क में 118 पेट्रोल पंप जुड़ जाएंगे और कुल नेटवर्क बढ़कर 235 पेट्रोल पंप का हो

जाएगा। ईईटी रिटेल ने बयान में कहा कि उसने ग्राहम पीकॉक और सुसान टोबेल द्वारा स्थापित एसजीएन रिटेल की 100 प्रतिशत हिस्सेदारी का अधिग्रहण करने पर सहमति जताई है। कंपनी ने सौदे की वित्तीय जानकारी का खुलासा नहीं किया है। हालांकि, सूत्रों के अनुसार, यह सौदा करीब 40 करोड़ पाउंड का है।

सेंसेक्स 778 अंक लुढ़का, निफ्टी पांच महीने के निचले स्तर पर

एजेंसी ▶▶| मुंबई

कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों, भू-राजनीतिक तनाव और वैश्विक बाजारों में कमजोर रुख के बीच घरेलू शेयर बाजार मंगलवार को भारी गिरावट के साथ बंद हुए। सेंसेक्स 778 अंक टूटकर तीन महीने के निचले स्तर पर आ गया, जबकि निफ्टी 279 अंक गिरकर पांच महीने के निचले स्तर पर बंद हुआ। बीएसई का 30 शेयरों वाला मानक सूचकांक सेंसेक्स 777.94 अंक की बड़ी गिरावट के साथ 74,003.82 अंक पर बंद हुआ। मजबूती के साथ खुला सेंसेक्स कारोबार के दौरान एक समय 787.73 अंक फिसलकर 73,994.03 अंक के निचले स्तर तक आ गया था। इसी तरह निफ्टी 279.50 अंक गिरकर 23,118.60 अंक पर बंद हुआ। यह छह अप्रैल, 2026 के बाद निफ्टी का सबसे निचला बंद स्तर है। जियोजीत इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, ''कच्चे तेल की ऊंची कीमतों और बढ़ते वैश्विक बॉण्ड प्रतिफल से निवेशक धारणा प्रभावित होने के कारण घरेलू बाजार में गिरावट जारी रही।'

- कच्चे तेल की बढ़ती कीमतें और खाड़ी युद्ध का असर

भारत इलेक्ट्रॉनिक्स में छह फीसदी की गिरावट

सेंसेक्स की 30 कंपनियों में भारत इलेक्ट्रॉनिक्स के शेयर में करीब छह प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई। इसके अलावा इंटरग्लोब एविएशन (इंडिगो), टाइटन, बजाज फिनसर्व, अदाणी पोर्ट्स, महिंद्रा एंड महिंद्रा और भारतीय स्टेट बैंक के शेयर भी नुकसान में रहे।

इन शेयरों में रही बढ़त

दूसरी तरफ, एचसीएल टेक्नोलॉजीज 3.98 प्रतिशत, इन्फोसिस 3.64 प्रतिशत, टेक महिंद्रा 2.31 प्रतिशत, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) 2.18 प्रतिशत और एचडीएफसी बैंक 1.27 प्रतिशत चढ़े। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 1.89 प्रतिशत बढ़कर 107.7 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया।

ग्रामीण विकास विभाग और पीएफआरडीए में हुआ एमओयू

'पेंशन सखियां' परिवारों में बढ़ाएंगी वित्तीय जागरूकता

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

ग्रामीण परिवारों में पेंशन के प्रति जागरूकता तथा सेवानिवृत्ति के बाद वित्तीय सुरक्षा बढ़ाने के लिए ग्रामीण विकास विभाग (डीओआरडी) और पेंशन कोष विनियामक एवं विकास प्राधिकरण (पीएफआरडीए) ने मंगलवार को एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए। इसके तहत देशभर के ग्रामीण क्षेत्रों में 'पेंशन सखियों' के सामुदायिक स्तर पर संपर्क तंत्र को तैयार करने और उसे सहयोग देने की व्यवस्था की जाएगी। ग्रामीण विकास मंत्रालय ने बयान में कहा कि एमओयू पर डीओआरडी के संयुक्त सचिव अमित शुक्ला और पीएफआरडीए की कार्यकारी

- देशभर के ग्रामीण क्षेत्रों में संपर्क तंत्र तैयार किया जाएगा

डिजिटल प्रणालियों का सहयोग मिलेगा: मंत्रालय ने कहा कि यह सहयोग डिजिटल डैशबोर्ड और मोबाइल तथा वेब आधारित समाधान के जरिये संपर्क एवं पंजीकरण की निगरानी को भी मजबूत करेगा। इसमें विभाग की अपनी प्रणाली भी शामिल है। इससे संबंधित संस्थाएं प्रगति पर नजर रख सकेंगी और 'कवरेज' में मौजूद कमियों की पहचान कर सकेंगी।

बैंकिंग प्रतिनिधि सखियां भी शामिल

इस दौरान ग्रामीण विकास विभाग के सचिव रोहित कंसल भी मौजूद रहे। इसमें कहा गया कि इस साझेदारी का उद्देश्य दीनदयाल अंत्योदय योजना-राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (डीएवाई-एनआरएलएम) के तहत बनाए गए व्यापक नेटवर्क का लाभ उठाना है। इसमें 'बैंकिंग प्रतिनिधि' (बीसी) सखियां भी शामिल हैं।

पेंशन के प्रति जागरूकता बढ़ेगी

इसके जरिये ग्रामीण परिवारों में पेंशन के प्रति जागरूकता, वित्तीय जागरूकता, पंजीकरण तथा उसके बाद सहायता को बढ़ावा दिया जाएगा। इस पहल के तहत महिलाओं के नेतृत्व वाले स्वयं सहायता समूहों (एसएचजी) के संस्थागत ढांचे की ताकत का इस्तेमाल किया जाएगा।

सुविधाकर्ता के रूप में काम करेंगी

पेंशन सखियां सामुदायिक स्तर पर सुविधाकर्ता के रूप में काम करेंगी और खास तौर पर एसएचजी सदस्यों, ग्रामीण महिलाओं, लखपति दीदियों तथा अन्य ग्रामीण लोगों तक पहुंच बनाएंगी। वे परिवारों को पेंशन और सेवानिवृत्ति की योजना से जुड़ी जानकारी देंगी, पंजीकरण की प्रक्रिया में मदद करेंगी और पेंशन संबंधी सेवाओं को समझने में सहायता करेंगी।

ग्रामीण परिवारों में बचत के तरीके अलग

इस अवसर पर कंसल ने कहा कि एसएचजी आंदोलन से जुड़े ग्रामीण परिवारों में बचत के तौर-तरीके, आजीविका एवं जोखिम की स्थिति अलग-अलग होती है। उन्होंने कहा, ''सामाजिक सुरक्षा केवल कमजोरियों से बचाव तक सीमित नहीं है, बल्कि यह परिवारों को निरंतर आर्थिक प्रगति के लिए प्रयास करने का भरोसा और मजबूती देने के बारे में भी है।''

एआई बदलेगा युद्ध का तरीका! रक्षा मंत्री बोले-आज की कल्पना बनेगी कल की ताकत

दिल्ली स्थित डीआरडीओ भवन में आयोजित किया गया विमर्श

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मंगलवार डीआरडीओ की ओर से आयोजित डीआरडीओ-इंडस्ट्री सिनर्जी मीट 'विमर्श 2026' को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि 2047 तक विकसित भारत का सपना केवल आर्थिक रूप से मजबूत देश बनाने तक सीमित नहीं है। इसका उद्देश्य ऐसा भारत बनाना है जो तकनीकी रूप से आत्मनिर्भर, सामाजिक रूप से समावेशी, पर्यावरण की दृष्टि से टिकाऊ और रणनीतिक रूप से सुरक्षित हो। भविष्य के युद्ध में तकनीकी बढ़त ही रणनीतिक बढ़त तय करेगी। आज हम जिस तकनीक की कल्पना कर रहे हैं, वही कल की सैन्य क्षमताओं का आधार बनेगी। इस व्यापक लक्ष्य को हासिल करने में रक्षा क्षेत्र की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण है और यह इस विजन का 'आधार स्तंभ' है।

डीआरडीओ-उद्योग साझेदारी को उत्पादन से आगे ले जाने की जरूरत

रक्षा मंत्री ने 2047 तक रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता पर जोर दिया

लक्ष्यों को हासिल करने के लिए सहयोग होना बेहद जरूरी

डीआरडीओ और उद्योग के बीच हुई साझेदारी

सिंह ने आगे कहा कि 2047 तक हमें महत्वपूर्ण प्रौद्योगिकियों में आत्मनिर्भरता हासिल करनी होगी, स्वदेशी सामग्री के इस्तेमाल में उल्लेखनीय वृद्धि करनी होगी, रक्षा निर्यात को कई गुना बढ़ाना होगा और यह सुनिश्चित करना होगा कि वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला में भारत की मजबूत मौजूदगी हो। इन लक्ष्यों को सहयोग के बिना हासिल नहीं किया जा सकता। इसके लिए रक्षा क्षेत्र से जुड़े सभी पक्षों के बीच साझेदारी और समन्वय को और मजबूत करना होगा। यह कार्यक्रम डीआरडीओ-इंडस्ट्री सिनर्जी मीट 'विमर्श 2026' के तहत नई दिल्ली स्थित डीआरडीओ भवन में आयोजित किया गया। सिंह ने कहा कि डीआरडीओ और उद्योग के बीच साझेदारी केवल उत्पादन तक सीमित नहीं रहनी चाहिए। इसे अनुसंधान, डिजाइन, परीक्षण, प्रमाणन और विनिर्माण की पूरी मूल्य श्रृंखला तक विस्तार दिया जाना चाहिए। बड़ी कंपनियों के साथ-साथ एमएसएमई और स्टार्टअप को भी इस पूरी मूल्य श्रृंखला का अभिन्न हिस्सा बनाया जाना चाहिए।

एआई और ड्रोन बदलेंगे भविष्य के युद्ध का स्वरूप

रक्षा मंत्री ने कहा कि उभरती प्रौद्योगिकियां, खासकर कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) और ड्रोन, भविष्य के युद्ध में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी। उन्होंने रक्षा क्षेत्र से तकनीकी नवाचार की गति तेज करने का आह्वान किया। आज हम देख रहे हैं कि एआई का इस्तेमाल ऐसी तस्वीर बनाने के लिए किया जा सकता है, जो 80 के दशक की प्रतीत होती है। असली खुशी तब होगी, जब हम आज से 40-50 साल आगे के भविष्य की तस्वीर पेश कर सकें।

तकनीकी में नेतृत्व करेगा भारत

सिंह ने कहा, हम 40-50 साल बाद भारत को जैसा देखना चाहते हैं, उसकी कल्पना ही हमारे उत्साह को नई ऊर्जा देगी। उन्होंने कहा कि जो कंपनियां नई और उभरती प्रौद्योगिकियों में निवेश करेंगी, वही भविष्य में तकनीकी नेतृत्व हासिल करेंगी। हमें केवल भविष्य की तकनीक की कल्पना नहीं करनी है, बल्कि भविष्य की तकनीक को आज ही विकसित करना है। क्योंकि भविष्य के युद्ध में केवल वही देश रणनीतिक बढ़त हासिल कर सकेगा, जो तकनीक के क्षेत्र में नेतृत्व करेगा। आज की हमारी कल्पना ही कल की सैन्य क्षमताओं का रूप लेगी।

खबर संक्षेप

पश्चिमी वायु कमान की संगोष्ठी आयोजित

नई दिल्ली। पश्चिमी वायु कमान (डब्ल्यूएसी) के स्टेशन मास्टर वारंट अधिकारियों (एमडब्ल्यूओ) के लिए मंगलवार को मुख्यालय डब्ल्यूएसी में एक संगोष्ठी आयोजित की गई। इसकी अध्यक्षता वायु अधिकारी कमांडिंग-इन-चीफ, एयर मार्शल जॉर्ज थॉमस ने की, जिसमें कमान क्षेत्र के सभी स्टेशन एमडब्ल्यूओ शामिल हुए। संगोष्ठी में सर्वोत्तम कार्यप्रणालियों को साझा करने, और परिवारों के कल्याण को मजबूत करने पर चर्चा हुई।

नाटो के लड़ाकू विमानों ने ड्रोन को मार गिराया

विलनियस। लिथुआनिया में नाटो के लड़ाकू विमानों ने सोमवार रात लिथुआनिया के हवाई क्षेत्र में दाखिल एक ड्रोन को मार गिराया। अधिकारियों के अनुसार, यह पहला मौका है जब लिथुआनिया के हवाई क्षेत्र में किसी ड्रोन को मार गिराया गया है। ड्रोन कहां से आया और उसका उद्देश्य क्या था, यह अभी स्पष्ट नहीं है। राजधानी विलनियस से करीब 100 किलोमीटर पश्चिम प्रतकुनाई गांव के पास कौनास जलाशय के नजदीक इसे मार गिराया गया। और मलवा बिखर गया।

मसूद अजहर पर 70 लाख के इनाम की झूठी घोषणा पर भारत ने पाकिस्तान को लताड़ा

पाक आतंकी के खिलाफ ठोस एक्शन ले, 'गुमराह' करने की कोशिश न करे

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत ने जैश-ए-मोहम्मद के प्रमुख मसूद अजहर की गिरफ्तारी या सजा दिलाने में मदद करने वाली जानकारी के लिए 70 लाख रुपए के इनाम की घोषणा करने पर पाकिस्तान की आलोचना की। भारत ने इसे झूठा कदम बताया और इस्लामाबाद से आतंकी संगठन के प्रमुख के खिलाफ ठोस कार्रवाई करने को कहा। अजहर पर इनाम बरकरार रखने के पाकिस्तान के फैसले पर प्रतिक्रिया देते हुए विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि इस्लामाबाद की घोषणा का कोई नतीजा निकलने की संभावना नहीं है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान के ऐसे हथकंडे और लोगों को गुमराह करने की कोशिशें कोई नई बात नहीं हैं। हमने पहले भी ऐसे हथकंडे देखे हैं। आतंकवाद को बढ़ावा देने वाले देश का ऐसी झूठी घोषणाएं करना, हम सभी जानते हैं वे कितनी खोखली होती हैं। पाकिस्तान को ऐसी घोषणाएं करने के बजाए ठोस कार्रवाई करनी चाहिए, जिनका आखिरकार कोई नतीजा नहीं निकलता। जैश-ए-मोहम्मद के प्रमुख मसूद अजहर को भारत में कई आतंकी हमलों के लिए वांछित माना जाता है, जिनमें 2001 का संसद हमला भी शामिल है। भारत ने जैश ए मोहम्मद को 2016 के पठानकोट एयरबेस हमलों और 2019 के पुलवामा बम विस्फोट के जिम्मेदार माना है। उसका नाम पहली बार 2021 में एफआईए की रेड बुक में शामिल किया गया था और इसे 2026 में भी बरकरार रखा गया है। बता दें कि पाकिस्तान की फेडरल इन्वेस्टिगेशन एजेंसी (एफआईए) ने आतंकियों की नई रेड बुक में मसूद अजहर को एक बार फिर भगोड़ा घोषित किया। पाकिस्तान ने यह कार्रवाई अक्टूबर में होने वाली एफएटीएफ की बैठक से पहले की है।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा कि पाकिस्तान के ऐसे हथकंडे और लोगों को गुमराह करने की कोशिशें कोई नई बात नहीं हैं। आतंकवाद को बढ़ावा देने वाले देश का ऐसी झूठी घोषणाएं करना, हम सभी जानते हैं।

» मसूद संसद, पठानकोट एयरबेस और पुलवामा हमले का आरोपी है

» अजहर को बचाने और संरक्षित करने में पाकिस्तान ने पूरी ताकत झौंकी

एफआईए की रेड बुक में शामिल

जायसवाल

पाकिस्तान ने अजहर को फेडरल इन्वेस्टिगेशन एजेंसी की सबसे ज्यादा वांछित आतंकवादियों की रेड बुक में शामिल करना जारी रखा है और उसकी गिरफ्तारी या सजा दिलाने वाली जानकारी के लिए 7 मिलियन पाकिस्तानी रुपए का इनाम भी रखा है।

तालिबान कर चुका पाकिस्तान के दावे को खारिज

एफआईए का कहना है कि मसूद अभी अफगानिस्तान में छिपा हुआ है, जबकि तालिबान शासन इस दावे को कई बार खारिज कर चुका है। वहीं, खुफिया एजेंसियां और पाकिस्तान पर नजर रखने वाले लोग इस कदम को एफएटीएफ की निगरानी से बचने की कोशिश के तौर पर देख रहे हैं। उनका मानना है कि मसूद के खिलाफ पाकिस्तना कार्रवाई करने का दिखावा कर रहा है, जबकि उसके असल ठिकाने को अंतरराष्ट्रीय जांच और निगरानी से दूर रखना चाहता है।

अजहर

एफएटीएफ की ग्रे लिस्ट में रह चुका है पाकिस्तान

इससे पहले पाक एफएटीएफ (वित्तीय कार्रवाई कार्यबल) की ग्रे लिस्ट में रह चुका है। पाक पर आतंकी फंडिंग व मनी लांड्रिंग के खिलाफ कार्रवाई करने का अंतरराष्ट्रीय दबाव था। अक्टूबर 2022 में पाक इस लिस्ट से बाहर हुआ था। अब फिर से अक्टूबर में एफएटीएफकी बैठक होने वाली है।

धमकी भरा संदेश वायरल

पाकिस्तान के आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद के प्रमुख मसूद अजहर के घर से जुड़ा एक ऑडियो संदेश सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है। इस वायरल ऑडियो में मौजूद शख्स ने गंभीर धमकी दी है। उसने दावा किया है कि उसके पास हजारों की संख्या में आत्मघाती हमलावर तैयार बैठे हैं, जो किसी भी वक्त, कहीं भी हमला कर सकते हैं।

अंतरिक्ष में युद्ध का खतरा बढ़ा

अमेरिका ने पहली बार माना स्पेस में हथियार तैनात किए

यूएस का कोलोराडो में स्पेस कमांड ज्वॉइंट ऑपरेशन सेंटर

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

अमेरिका ने पहली बार माना है कि उसने अंतरिक्ष में हथियार तैनात कर रखे हैं। अमेरिकी वायुसेना के सचिव ट्रॉय मिंक ने इसकी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि अमेरिका के पास ऑर्बिट में ऐसे हथियार हैं, जिनका इस्तेमाल जरूरत पड़ने पर अमेरिकी सैनिकों को दुश्मन के हमले से बचाने के लिए किया जा सकता है। अमेरिकी अधिकारी ने यह नहीं कहा कि ये हथियार आखिर किस तरह के हैं, कितने हैं और इन्हें कब अंतरिक्ष में भेजा गया था। अमेरिका का यह खुलासा ऐसे समय हुआ है, जब अमेरिका, रूस और चीन के बीच अंतरिक्ष में अपनी ताकत बढ़ाने की होड़ चल रही है। इससे अंतरिक्ष में हथियारों की दौड़ और तेज होने की आशंका भी बढ़ गई है। अमेरिका लंबे समय से रूस और चीन की बढ़ती अंतरिक्ष सैन्य ताकत को लेकर चिंता जताता रहा है। आज के युद्ध में सैटेलाइट बहुत जरूरी हो गए हैं। सेनाएं इनका इस्तेमाल आपस में संपर्क करने, रास्ता पता करने, खुफिया जानकारी जुटाने और मिसाइलों पर नजर रखने जैसे कामों में करती हैं।

अमेरिका का दावा रूस अंतरिक्ष में हमले की तैयारी कर रहा

अमेरिकी स्पेस फोर्स का कहना है कि रूस अंतरिक्ष को भी युद्ध का हिस्सा मानता है। यानी भविष्य में अगर रूस का किसी देश से बड़ा युद्ध होता है तो वह अंतरिक्ष में मौजूद सैटेलाइट और दूसरी तकनीक का इस्तेमाल भी कर सकता है। अमेरिकी अधिकारियों ने रूस के कुछ सैटेलाइट को लेकर भी चिंता जताई है। उनका कहना है कि रूस ऐसी तकनीक पर काम कर रहा है, जिससे जरूरत पड़ने पर दूसरे देशों के सैटेलाइट को नुकसान पहुंचाया जा सके और अपने सैटेलाइट को बचाया जा सके। अमेरिका को रूस के अंतरिक्ष में परमाणु हथियार रखने की संभावित तैयारी की भी चिंता है। अमेरिका का कहना है कि चीन भी अंतरिक्ष में अपनी सैन्य ताकत बढ़ा रहा है। चीन अपनी सेना को आधुनिक बनाने के तहत ऐसी तकनीक विकसित कर रहा है, जिसका इस्तेमाल अंतरिक्ष में मौजूद सैटेलाइट और दूसरे सिस्टम को प्रभावित करने के लिए किया जा सकता है।

देश में हिंसा भड़काने के लगे आरोप

बांग्लादेश में हसीना की पार्टी को बड़ा झटका, 7 नेताओं को मौत की सजा

एजेंसी ▶▶ ढाका

बांग्लादेश के अंतर्राष्ट्रीय अपराध न्यायाधिकरण ने 2024 के छात्र आंदोलन से जुड़े मानवता के खिलाफ अपराधों के मामले में शेख हसीना की पार्टी अवामी लीग के सात वरिष्ठ नेताओं को मौत की सजा सुनाई है।

इनमें पार्टी के महासचिव और पूर्व मंत्री ओबैदुल कादर भी शामिल हैं। न्यायमूर्ति नजरुल इस्लाम चौधरी की अध्यक्षता वाली ट्रिब्यूनल-2 ने यह फैसला सुनाया। पीठ में न्यायमूर्ति मो. मंजुरुल बशिद और न्यायमूर्ति नूर मोहम्मद शाहरीयार कबीर भी शामिल थे। अदालत ने कहा कि आरोप साबित हो गए हैं, इसलिए सबसे बड़ी सजा दी गई है। बताया जा रहा है कि सभी सात आरोपी फरार हैं। यानी देश से बाहर हैं। उनकी अनुपस्थिति में कोर्ट में मुकदमा चला। मौत की सजा पाने वाले नेताओं में अवामी लीग के महासचिव ओबैदुल कादर, अवामी लीग के संयुक्त महासचिव एएफएम बहाउद्दीन नसीम, सूचना एवं प्रसारण के पूर्व राज्य मंत्री मोहम्मद अली अराफात, जुबो लीग के अध्यक्ष शेख फजल शम्स पराश, जुबो लीग के महासचिव मैनुल हुसैन खान निखिल, छात्र लीग के अध्यक्ष सद्दाम हुसैन, छात्र लीग के महासचिव शेख वली आसिफ एनां शामिल हैं। अदालत के मुताबिक, जुलाई-अगस्त 2024 में तत्कालीन प्रधानमंत्री शेख हसीना की सरकार के खिलाफ चले छात्र आंदोलन के दौरान इन नेताओं पर हत्या, हिंसा भड़काने, उकसाने और साजिश रचने के आरोप थे। अभियोजन पक्ष का कहना है कि आंदोलन को दबाने के लिए पार्टी कार्यकर्ताओं, युवा संगठन और छात्र संगठन के लोगों का इस्तेमाल किया गया। अभियोजन का दावा है कि उस दौरान 1400 से ज्यादा प्रदर्शनकारी मारे गए और 25000 से ज्यादा लोग गंभीर रूप से घायल हुए।

संयुक्त राष्ट्र के मानवाधिकार कार्यालय ने भी बाद में अनुमान लगाया था कि 15 जुलाई से 5 अगस्त 2024 के बीच हिंसा में करीब 1400 लोग मारे गए थे। अदालत ने ओबैदुल कादर, बहाउद्दीन नसीम, मोहम्मद अली अराफात, शेख फजल शम्स पराश और मैनुल हुसैन खान निखिल की 50 प्रतिशत संपत्ति जब्त करने का भी आदेश दिया है।

ऑपरेटर बोला- महिला हंस रही थी

न्यूयॉर्क में ट्रेन से भारतीय मूल की महिला और नेपाली दोस्त कटे, मौत

एजेंसी ▶▶ न्यूयॉर्क

अमेरिका के न्यूयॉर्क में एक हादसे में भारतीय मूल की महिला और उसके नेपाली मूल के दोस्त की मौत हो गई। दोनों की उम्र 24 साल थी। घटना शनिवार देर रात की है, जब लोअर मैनहट्टन के स्प्रिंग स्ट्रीट सबवे स्टेशन पर दोनों रेलवे ट्रैक पर बैठे थे और वहां से गुजर रही ट्रेन की चपेट में आ गए।

न्यूयॉर्क पुलिस विभाग (एनवायपीडी) के मुताबिक, न्यू जर्सी के डेटन की रहने वाली मलाइका चित्रे और सेरेविल के रहने वाले नवम कौल शनिवार रात करीब 3:15 बजे ट्रैक पर थे। मंगलवार को सोशल मीडिया पर घटना का वीडियो सामने आया, जिसमें दोनों ट्रेन आने से कुछ सेकंड पहले ट्रैक पर बैठे दिखाई दे रहे हैं। यह वीडियो एक राहगीर ने बनाया था। ट्रेन ऑपरेटर के मुताबिक, उसने महिला को हंसते हुए देखा था और वह ट्रेन के आते वक्त अपने दोस्त को अपनी तरफ खींच रही थी। ऑपरेटर ने इमरजेंसी ब्रेक लगाने की कोशिश की, लेकिन ट्रेन को समय रहते रोका नहीं जा सका। पुलिस के अनुसार, दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद ट्रेन में मौजूद करीब 100 यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकाला गया।

भारत ने बोत्सवाना के लिए 10 टन दवाएं भेजीं

नई दिल्ली। भारत ने एचआईवी एड्स के उपचार के लिए सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रणाली में सहायता के उद्देश्य से मंगलवार को बोत्सवाना के लिए दस टन एंटी-रेट्रोवायरल दवाएं भेजी। सोशल मीडिया पोस्ट में विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि इससे भारत के ग्लोबल साउथ साझेदारों के साथ स्वास्थ्य क्षेत्र में सहयोग मजबूत करने की देश की प्रतिबद्धता का पता चलता है।

गाजा युद्ध पर आधारित नाजा डॉक्यूमेंट्री पर विवाद, पूरी दुनिया में चर्चा

गाजा पर 80 मिनट की फिल्म: खतरे में आई मेकर्स की नागरिकता

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

वेनिस फिल्म फेस्टिवल में नाजा डॉक्यूमेंट्री ने काफी ध्यान खींचा। इसे वहां स्पेशल जूरी पुरस्कार प्रदान किया गया। फिल्म देखने वालों ने तालियां बजाईं। मगर, इसी के साथ यह फिल्म सवालों के घेरे में भी है। फिल्म के मेकर्स पर इजराइल के खिलाफ नफरत फैलाने के प्रयास का आरोप है। इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने फिल्म पर सवाल उठाए हैं और इसे यहूदियों के खिलाफ नफरत फैलान की कोशिश बताया है। नाजा ब्रिटिश डॉक्यूमेंट्री फिल्म है, जो कथित तौर पर गाजा संघर्ष पर आधारित है। इसे 10 सितंबर 2026 को वेनिस फिल्म फेस्टिवल में दिखाया गया है। फिल्म गाजा युद्ध के दौरान इजराइल सेना द्वारा फिलिस्तीनी नागरिकों की बड़े पैमाने पर हो रही हत्याओं को दिखाती है। इस डॉक्यू फिल्म में सेना और इंटेलिजेंस के अंदरूनी सूत्रों के 24 इंटरव्यू का सहारा लिया गया है। इनकी पहचान गुप्त रखी गई है। इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने गाजा में इजराइल सैन्य अभियानों पर बेस्ड नाजा को चौंकाने वाला बताया। उन्होंने इस पर सवाल उठाए हैं और इस डॉक्यूमेंट्री को एक उकसावा करार दिया है। उन्होंने फिल्म पर आपत्ति जताते हुए कहा कि यह फिल्म यहूदियों के खिलाफ दुनियाभर में भड़काई जा रही नफरत का ही एक हिस्सा है। इजराइल के तमाम अधिकारियों ने भी फिल्म पर आपत्ति जताई है और नाजा के मेकर्स के खिलाफ कानूनी एक्शन की मांग की है। नेतन्याहू ने टेलीग्राम पर साझा किए गए एक वीडियो में कहा, यह चौंकाने वाली बात है। हम दुनिया भर में यहूदियों के खिलाफ नफरत फैलाने वाली बातों से लड़ रहे हैं। ऐसी बातें जब हमारे अपने लोगों की तरफ से आती हैं, तो यह बर्दाश्त के बाहर है।

वेनिस फिल्म फेस्टिवल में पुरस्कार हासिल कर चुकी है डॉक्यूमेंट्री



युद्ध के समय दुश्मन की मदद जैसी कार्रवाई

इजराइल के कल्चर मिनिस्टर मिकी जोहर के मुताबिक, उन्होंने अधिकारियों से कहा है कि वे इस बात की जांच करें कि ये कंटेंट कैसे हासिल किया गया? क्या इन्हें हासिल करने या पब्लिश करने की प्रक्रिया में कुछ ऐसी कार्यवाई हुई, जो युद्ध के समय दुश्मन की मदद करने के बराबर हो। उन्होंने इस संबंध में इजराइल के गृह मंत्रालय को पत्र लिखा और कहा फिल्म में किए गए दावे झूठे हैं। इन्हें तोड़-मरोड़कर पेश किया गया है। उन्होंने कहा, सैनिकों और इस्राइल को जानबूझकर अपराध करने वालों के तौर पर दिखाने की कोशिश को पूरी तरह से खारिज करता हूं। मिकी जोहर ने देश के नागरिकता कानून का भी जिक्र पत्र में किया है। उन्होंने कहा कि यह इजराइल राज्य के प्रति निष्ठा तोड़ने की वजह से नागरिकता रद्द करने की इजाजत देता है। कल्चर मिनिस्टर के लिखे पत्र से साफ है कि फिल्म के निर्माताओं की नागरिकता पर खतरा मंडरा सकता है। इजराइल सरकार के सदस्यों के अलावा इस्राइल रक्षा बल ने भी फिल्म में लगाए गए आरोपों को खारिज किया है।

कहां से लिया गया नाजा शब्द

रिपोर्ट्स के मुताबिक, डॉक्यू फिल्म नाजा में गाजा में इजराइली सेना की कार्रवाई से जुड़े पहलू शामिल किए गए हैं। इस डॉक्यूमेंट्री का नाम कथित तौर पर इजराइल सेना के उस शब्द से लिया गया है, जिसका इस्तेमाल जंग में होने वाली संभावित अतिरिक्त मौतों के लिए किया जाता है। फिल्म की मेकिंग के लिए युवल अब्राहम और राहेल ने करीब तीन साल तक जांच की। फिल्म गाजा युद्ध में शामिल इंटेलिजेंस अफसरों और सैनिकों के गुमनाम इंटरव्यू पर आधारित है। फिल्म में जिन लोगों के साक्षात्कार हुए उन्होंने बताया कि गाजा पट्टी में टारगेट कैसे चुने जाते थे।

24 घंटे में 54 हमले किए

सऊदी अरब ने हूतियों पर दागीं मिसाइलें, मक्का में अलर्ट जारी

एजेंसी ▶▶ दुबई

यमन के हूती विद्रोहियों और सऊदी अरब के बीच तनाव तेजी से बढ़ गया है। मंगलवार को मक्का में खतरे को लेकर अलर्ट जारी किया गया, जिसकी जानकारी जॉर्डन के निजी सैटेलाइट चैनल ने दी।

यमन में जारी लड़ाई के बीच सऊदी अरब ने हूती विद्रोहियों को निशाना बनाते हुए पिछले 24 घंटों में लाहज, ताइज़, अल-जौफ़, मारिब और हज्जा प्रांतों में 54 हवाई हमले किए, जिनमें ताइज़ प्रांत के खादिर ज़िले का सरकारी परिसर भी निशाना बना और कुछ लोग घायल हुए। हूती सैन्य प्रवक्ता याह्या सरी ने आरोप लगाया कि इन हमलों में खमीस मुशैत और ताइफ़ एयरबेस से उड़ान भरने वाले एफ-15 और टाइफून लड़ाकू विमानों का इस्तेमाल किया गया, साथ ही जवाबी कार्रवाई की धमकी भी दी। हूती-समर्थक मीडिया के मुताबिक सऊदी हमलों में ताइज़ के धुबाब और मकबाना ज़िलों में दो बच्चों समेत तीन आम नागरिकों की मौत हो गई और दो अन्य घायल हुए। इसी बीच इज़राइली सेना ने दक्षिणी लेबनान के बिंत जबील ज़िले स्थित कौनीन शहर में भारी बमबारी की।

भव्य श्रद्धा और उत्साह के बीच हुए संस्कारधानी के महाराजा के प्रथम दर्शन

मालवीय चौक पर गूंजा गणपति बप्पा मोरया का जयघोष

जबलपुर। गणेशोत्सव के पावन अवसर पर संस्कार सेवा उत्सव समिति के तत्वावधान में मालवीय चौक स्थित भव्य पंडाल में विराजमान संस्कारधानी के महाराजा श्री गणपति बप्पा के प्रथम दर्शन का आयोजन 14 सितंबर को श्रद्धा और उत्साह के साथ किया गया। समिति अध्यक्ष डॉ. सुधांशु गुप्ता के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए।प्रथम दर्शन के अवसर पर मालवीय चौक का पूरा परिसर भक्तिमय वातावरण से सराबोर रहा। आकर्षक रूप से सजे भव्य पंडाल में विराजमान भगवान श्री गणेश के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं का लगातार आगमन होता रहा। इस दौरान 'गणपति बप्पा मोरया' के जयघोष से पूरा परिसर गूंज उठा। समिति अध्यक्ष डॉ. सुधांशु गुप्ता ने कहा कि गणपति बप्पा का आगमन सभी के जीवन में सुख, समृद्धि, शांति एवं सकारात्मक ऊर्जा लेकर आए, यही समिति की कामना है। उन्होंने श्रद्धालुओं, सहयोगियों एवं आयोजन से जुड़े सभी सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए आगामी आयोजनों में शहरवासियों से सहभागिता की अपील की। कार्यक्रम ने धार्मिक आस्था के साथ सामाजिक एवं सांस्कृतिक एकता का संदेश भी दिया।

महिलाओं ने रखा ऋषि पंचमी का व्रत, विधि-विधान से की सप्त ऋषियों की पूजा

जबलपुर। भाद्रपद मास के शुक्ल पक्ष की पंचमी तिथि पर महिलाओं ने ऋषि पंचमी का व्रत रखकर सप्तऋषियों एवं माता अरुंधति की विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार ऋषि कश्यप, अत्रि, भारद्वाज, विश्वामित्र, गौतम, जमदग्नि एवं वशिष्ठ सहित माता अरुंधति का पूजन करने से अनजाने में हुए नियमों के उल्लंघन से उत्पन्न दोषों से मुक्ति मिलती है। मान्यता है कि ऋषि पंचमी का व्रत आत्मशुद्धि एवं प्रायश्चित का प्रतीक है। महिलाएं व्रत रखकर श्रद्धापूर्वक सप्तऋषियों का पूजन करती हैं और जीवन में सुख-शांति एवं समृद्धि के साथ सभी दोषों से मुक्ति की कामना करती हैं। इस अवसर पर योगिता पटेल, उमा वर्मा, कमला पटेल, पूनम, वंदना, अंजू, सुमन पटेल एवं आरती झारिया सहित अन्य महिलाओं ने विधि-विधान से व्रत एवं पूजन किया। पंडित राघव वैष्णव ने बताया कि धार्मिक मान्यताओं के अनुसार ऋषि पंचमी व्रत करने से महिलाओं को आत्मशुद्धि एवं प्रायश्चित का फल प्राप्त होता है। श्रद्धालु महिलाएं अखंड सौभाग्य, सुख-समृद्धि तथा सभी दोषों से मुक्ति की कामना के साथ यह व्रत करती हैं।

श्री रजत गणेश मंदिर में सहस्त्रार्चन व भव्य आरती संपन्न

जबलपुर। ललपुर रोड, ग्वारीघाट स्थित श्री रजत गणेश मंदिर में भगवान श्री गणेश का सहस्त्रार्चन एवं भव्य आरती श्रद्धा और उल्लास के साथ संपन्न हुई। इस अवसर पर मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश उमेश चंद्र माहेश्वरी द्वारा प्रेषित विशेष संदेश मंदिर के महंत स्वामी प्रमोद महाराज ने श्रद्धालुओं के समक्ष पढ़कर सुनाया।संदेश में भगवान श्री गणेश के स्वरूप, महिमा एवं जीवन में उनके आदर्शों की प्रासंगिकता पर प्रकाश डाला गया। पूर्व न्यायाधीश माहेश्वरी ने कहा कि भगवान श्री गणेश बुद्धि, विवेक और विघ्नहर्ता के प्रतीक हैं। गणेश पूजन से सकारात्मकता और सही विवेक जागृत करने की प्रेरणा मिलती है। उनके स्वरूप से धैर्यपूर्वक सुनने, सूक्ष्म दृष्टि से विचार करने तथा समाज के प्रति अपने दायित्वों का निष्ठापूर्वक पालन करने की सीख मिलती है। कार्यक्रम में रामलला मंदिर के महंत पंडित इंद्रभानु जी महाराज, सुरेश शारदा, राजेश चौहान एवं एम.एल. अहिरवार सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। संचालन डॉ. रवि राय ने किया। आरती एवं प्रसाद वितरण के बाद भव्य भंडारे का आयोजन हुआ, जिसमें श्रद्धालुओं ने महाप्रसाद ग्रहण किया।

गणेशोत्सव को लेकर महापौर ने की समीक्षा, सुरक्षा व्यवस्था पर जोर

जबलपुर। गणेशोत्सव को भव्य, सुरक्षित एवं व्यवस्थित तरीके से संपन्न कराने के उद्देश्य से महापौर जगत बहादुर सिंह 'अन्नू' ने अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में निर्बाध विद्युत आपूर्ति, श्रद्धालुओं की सुरक्षा, प्रकाश व्यवस्था और विसर्जन स्थलों पर आवश्यक इंतजामों को लेकर दिशा-निर्देश दिए गए। महापौर ने कहा कि सभी गणेश पंडालों में वैध टी.सी. कनेक्शन लेना अनिवार्य होगा, ताकि शॉर्ट सर्किट सहित अन्य विद्युत दुर्घटनाओं की आशंका को रोका जा सके। प्रत्येक पंडाल के मुख्य द्वार पर समिति प्रमुख का नाम एवं संपर्क नंबर स्पष्ट रूप से अंकित करने के निर्देश भी दिए गए। उन्होंने शहर के प्रमुख मार्गों, गलियों और विसर्जन मार्गों की स्ट्रीट लाइटें चालू रखने तथा अधिकारियों को मौके पर जाकर व्यवस्था जांचने को कहा। विसर्जन स्थलों हनुमानताल, भटौली, अधारताल, गोकलपुर एवं तिलवारा में सफाई, प्रकाश और सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जाएंगे। विसर्जन मार्गों एवं कुंडों के आसपास लटकते बिजली के तारों को सुरक्षित ऊंचाई पर व्यवस्थित करने के निर्देश दिए गए हैं। बैठक में एमआईसी सदस्य अंशुल राघवेंद्र यादव, अपर आयुक्त वी.एन. बाजपेई, कार्यपालन यंत्री नवीन लोनारे सहित संभागीय उपयंत्री उपस्थित रहे।

फर्जी आधार से किसान की भूमि की कथित रजिस्ट्री, जांच की मांग

जबलपुर। तहसील शाहपुरा के ग्राम भीकमपुर निवासी किसान गिन्दा पिता लट्टू उर्फ लटोरा बर्मन की 2.850 हेक्टेयर कृषि भूमि की कथित तौर पर फर्जी आधार कार्ड, पहचान और प्रतिरूपण के जरिए रजिस्ट्री कराए जाने का मामला सामने आया है। किसान ने भूमि बिक्री से इनकार करते हुए मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की है। शिकायत के अनुसार 30 जुलाई 2026 को खसरा नंबर 30/1 (1.520 हेक्टेयर) एवं 347 (1.330 हेक्टेयर) से संबंधित दो विक्रय पत्र पंजीकृत किए गए। किसान का आरोप है कि उसने न तो भूमि बेची और न ही किसी व्यक्ति को रजिस्ट्री के लिए अधिकृत किया। आरोप है कि उसके नाम से कथित रूप से अलग आधार नंबर का इस्तेमाल कर किसी अन्य व्यक्ति को असली भू-स्वामी के स्थान पर प्रस्तुत किया गया। बताया गया है कि कथित फर्जीवाड़े के बाद भूमि का नामांतरण भी हो गया। जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण अध्यक्ष ने पीड़ित किसान के साथ मामले को गंभीरता से उठाते हुए कलेक्टर से उच्चस्तरीय जांच की मांग की है। उन्होंने पंजीयन कार्यालय के बायोमेट्रिक, e-KYC, फोटो, वीडियो फुटेज एवं दस्तावेजों की जांच कराने, दोषियों के विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई तथा जांच पूरी होने तक भूमि संबंधी आगे की कार्रवाई पर रोक लगाने की मांग की है।

हिंदी महोत्सव में कार्यालयीन टीप प्रतियोगिता 50 विद्युत कार्मिकों ने लिया हिस्सा

जबलपुर। मध्य प्रदेश विद्युत परिवार हिंदी समिति के तत्वावधान में हिंदी महोत्सव के अंतर्गत शक्तिभवन स्थित केंद्रीय पुस्तकालय में कार्यालयीन टीप प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता में विद्युत कंपनियों के 50 कार्मिकों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। विशेष रूप से नवोदित कार्मिकों ने हिंदी में कार्यालयीन टीप लेखन में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि नेत्र चिकित्सक एवं कवयित्री डॉ. दीप्ति पटेल थीं, जबकि अध्यक्षता एमपी पावर मैनेजमेंट कंपनी के कार्यपालक निदेशक मानव संसाधन एवं प्रशासन तथा हिंदी समिति के अध्यक्ष फिरोज कुमार मेश्राम ने की। इस अवसर पर डॉ. पटेल को हिंदी सेवा के लिए सम्मानित किया गया। डॉ. दीप्ति पटेल ने कहा कि बिजली भौतिक अंधेरे को दूर करती है, वहीं मातृभाषा हिंदी वैचारिक और सांस्कृतिक अंधेरे को दूर करने का माध्यम है। उन्होंने कार्यालयीन कार्यों में हिंदी के अधिकाधिक उपयोग का आह्वान किया। फिरोज कुमार मेश्राम ने कहा कि प्रतियोगिताएं लेखन, अभिव्यक्ति और ज्ञान में वृद्धि का माध्यम हैं। कार्यक्रम में 'पॉपकार्न' नाटक का मंचन भी हुआ। साथ ही जबलपुर केंद्रित छायाचित्र एवं कार्टून प्रदर्शनी लगाई गई। प्रदर्शनी में छायाकार अजय धाबर्डे और कार्टूनिस्ट राजेश दुबे की रचनाएं प्रदर्शित की गईं। कार्यक्रम का संचालन नुसरत मदनी सिद्दीकी ने किया।

अभियंताओं को सम्मानित कर रोटरी साउथ ने जताया आभार

जबलपुर। रोटरी क्लब जबलपुर साउथ द्वारा अभियंता दिवस के अवसर पर अभियंताओं का सम्मान एवं अभियंता गोष्ठी आयोजित की गई। कार्यक्रम में भारत रत्न मोक्षगुंडम विश्वेश्वरैया की स्मृति में भारत सरकार द्वारा स्थापित अभियंता दिवस के महत्व पर प्रकाश डाला गया। मुख्य वक्ता युवा उद्यमी एवं अभियंता रवि वैश्य ने राष्ट्र निर्माण में अभियंताओं की महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित करते हुए उनके योगदान की तुलना सीमा पर तैनात सैनिकों से की। उन्होंने कहा कि अभियंताओं की मेहनत और तकनीकी दक्षता से देश की विकास यात्रा को गति मिलती है। उन्होंने लोगों से ऐसे औद्योगिक प्रतिष्ठानों का निरीक्षण करने का आग्रह किया, जहां अभियंता अपनी कल्पनाओं को साकार रूप देते हैं। क्लब अध्यक्ष अखिल खंडेलवाल ने अभियंताओं के ज्ञान एवं रचनाशीलता को विकसित समाज की आधारशिला बताते हुए उनके प्रति कृतज्ञता व्यक्त की। इस अवसर पर अमरेंद्र नारायण, प्रमोद कुमार वैश्य, उमंग अग्रवाल, हरीश रिझवानी, कपिल बाछानी एवं रवि वैश्य को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में पूर्व प्रांतपाल अखिल मिश्र, पूर्व अध्यक्ष एवं अस्थिरोग विशेषज्ञ डॉ. जितेंद्र जामदार, अवतार सिंह छग्गर, सारंग भिड़े, राकेश गिदरोनियां, स्पर्श जैन एवं नवीन खंडेलवाल सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

अमृत 2.0 जल प्रदाय और सीवर परियोजनाओं की निगमायुक्त ने की समीक्षा

जबलपुर। शहर की पेयजल व्यवस्था को अधिक सुदृढ़ और सुचारू बनाने के उद्देश्य से निगमायुक्त राम प्रकाश अहिरवार ने अमृत 2.0 के तहत संचालित जल प्रदाय एवं सीवर परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। बैठक में परियोजनाओं के विभिन्न कार्यों की भौतिक एवं तकनीकी प्रगति की विस्तृत जानकारी ली गई। निगमायुक्त ने इंटेक वेल निर्माण, रॉ वाटर एवं क्लियर वाटर राइजिंग मेन लाइन बिछाने, डिस्ट्रीब्यूशन नेटवर्क तथा अन्य सहायक संरचनाओं के साथ सीवर परियोजनाओं के कार्यों की स्थिति की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि निर्माण कार्यों में किसी भी प्रकार की देरी नहीं होनी चाहिए। उन्होंने निगम अधिकारियों, पी.डी.एम.सी. टीम एवं निर्माण ठेकेदारों को आपसी समन्वय और निरंतर संवाद बनाए रखने तथा कार्यों में आ रही व्यावहारिक बाधाओं का तत्काल निराकरण करने के निर्देश दिए। निगमायुक्त ने कहा कि सभी कार्य उच्च गुणवत्ता के साथ निर्धारित समय सीमा में अनिवार्य रूप से पूरे किए जाएं, ताकि शहर में जलापूर्ति नेटवर्क को जल्द से जल्द चालू कर नागरिकों को बेहतर पेयजल सुविधा उपलब्ध कराई जा सके।

दो दिवसीय विशाल इनामी दंगल 17 एवं 18 सितंबर को

जबलपुर। प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी सगड़ा व्यायामशाला द्वारा स्वर्गीय श्री श्याम सिंह लोधी खलीफा जी की स्मृति में दो दिवसीय विशाल इनामी दंगल का आयोजन किया जा रहा है। दंगल का आयोजन 17 एवं 18 सितंबर 2026, गुरुवार एवं शुक्रवार को दोपहर 3 बजे से सगड़ा स्थित व्यायामशाला, साईं मंदिर के सामने किया जाएगा। दंगल समिति के अध्यक्ष किशोरी लोधी ने शहर के सभी अखाड़ों के पहलवानों से अधिक से अधिक संख्या में दंगल में शामिल होकर अपनी कुश्ती कला का प्रदर्शन करने की अपील की है। भारतीय शैली कुश्ती महासंघ के उपाध्यक्ष अर्जुन यादव ने बताया कि इस दो दिवसीय दंगल में जबलपुर शहर के अलावा सिहोरा, कटनी, बरेला, भेड़ाघाट, बरगी सहित आसपास के जिलों से भी बड़ी संख्या में पहलवान भाग लेने पहुंचेंगे। आयोजकों ने बताया कि दंगल में रोमांचक मुकाबलों के साथ पहलवानों को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलेगा।

आज होगी 'स्वरांजलि ओंकार नाद' संध्या, गूंजेंगे सदाबहार गीत

जबलपुर। पूर्व राज्यमंत्री एवं समाजसेवी स्वर्गीय ओंकार प्रसाद तिवारी की स्मृति में आयोजित तीन दिवसीय स्मृति समारोह का समापन आज 16 सितंबर को संगीतमय कार्यक्रम 'स्वरांजलि ओंकार नाद' से होगा। शहीद स्मारक प्रेक्षागृह में शाम 6.30 बजे से आयोजित इस संध्या में सदाबहार एवं भूले-बिसरे गीतों की शानदार प्रस्तुतियां दी जाएंगी।कार्यक्रम में कलाकार अपने समय के लोकप्रिय गायकों मुकेश, मोहम्मद रफी, किशोर कुमार एवं लता मंगेशकर द्वारा गाए गए यादगार गीतों को अपने अंदाज में प्रस्तुत करेंगे। आयोजन की तैयारियां पिछले कई दिनों से जारी हैं।आयोजकों ने बताया कि इस तरह के संगीत आयोजनों से उभरती प्रतिभाओं को अपनी कला प्रस्तुत करने के लिए बेहतर मंच मिलता है। संस्कारधानी में इस पहल को संगीत प्रेमियों के लिए विशेष आयोजन माना जा रहा है। कार्यक्रम में प्रवेश निःशुल्क रहेगा। स्व. पं. ओंकार तिवारी स्मृति आयोजन समिति की ओर से रवि गुप्ता, अनिल तिवारी, आलोक तिवारी, अनूप तिवारी, निर्देशक राजेश पाठक, प्रवीण एवं निर्देशक अन्नू शाह ने शहर के संगीतप्रेमी श्रोताओं से कार्यक्रम में शामिल होने का आग्रह किया है।

कौशल विकास संस्थान में 20 अतिरिक्त सीटें बढ़ीं

जबलपुर। रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय के कौशल विकास संस्थान द्वारा संचालित पीजी डिप्लोमा इन गाइडेंस एंड काउंसलिंग पाठ्यक्रम की सभी 60 सीटें भरने के बाद विद्यार्थियों की बढ़ती मांग को देखते हुए 20 अतिरिक्त सीटें बढ़ा दी गई हैं। कुलगुरु प्रो. राजेश कुमार वर्मा ने इसकी जानकारी देते हुए बताया कि अब अधिक विद्यार्थियों को इस रोजगारपरक पाठ्यक्रम में प्रवेश का अवसर मिल सकेगा। उन्होंने कहा कि गाइडेंस एंड काउंसलिंग के क्षेत्र में रोजगार एवं आत्मनिर्भरता की व्यापक संभावनाएं हैं। पाठ्यक्रम के प्रति विद्यार्थियों का बढ़ता रुझान इसी का संकेत है। साइकोलॉजिस्ट डॉ. मीनल दुबे एवं डॉ. अजय मिश्रा ने बताया कि काउंसलिंग के क्षेत्र में रोजगार की संभावनाएं लगातार बढ़ रही हैं। पाठ्यक्रम में विद्यार्थियों को सैद्धांतिक अध्ययन के साथ व्यावहारिक प्रशिक्षण भी दिया जाता है। इसके तहत केंद्रीय जेल, वृद्धाश्रम सहित विभिन्न संस्थानों का शैक्षणिक भ्रमण कराया जाता है, (

जनसुनवाई में पहुंचे 37 प्रकरण सभी का हुआ समाधान

जबलपुर। नगर निगम मुख्यालय एवं सभी संभागीय कार्यालयों में आयोजित साप्ताहिक जनसुनवाई में नागरिकों की समस्याओं का त्वरित निराकरण किया गया। निगमायुक्त राम प्रकाश अहिरवार के निर्देश पर अपर आयुक्त सौरभ मिश्रा एवं प्रभारी जनसुनवाई वेद प्रकाश चौधरी ने नागरिकों की शिकायतें सुनीं और संबंधित अधिकारियों को मौके पर बुलाकर समस्याओं का समाधान कराया। जनसुनवाई में कुल 37 प्रकरण प्राप्त हुए। इनमें जल विभाग एवं भवन शाखा के 6-6, स्वास्थ्य विभाग एवं कॉलोनी सेल के 5-5 तथा अतिक्रमण शाखा के 4 प्रकरण शामिल रहे। इसके अलावा उद्यान विभाग एवं संभाग क्रमांक-2 के 2-2 तथा राजस्व, सामान्य, स्थापना, प्रकाश विभाग और संभाग क्रमांक 9 एवं 15 से संबंधित एक-एक शिकायत प्राप्त हुई। अधिकारियों द्वारा मौके पर ही त्वरित कार्रवाई किए जाने से समस्याओं के समाधान के लिए पहुंचे नागरिकों ने राहत महसूस की। शेष प्रकरणों को निर्धारित समय-सीमा में निराकरण के लिए संबंधित विभागीय प्रभारियों को भेजा गया। जनसुनवाई के दौरान निगम के सभी संबंधित विभागीय अधिकारी एवं प्रमुख उपस्थित रहे।

छावनी बोर्ड की कथित जनविरोधी कार्यप्रणाली के खिलाफ ज्ञापन

10 दिन में कार्रवाई नहीं हुई तो अर्थी जुलूस, पुतला दहन और सदर बंद की चेतावनी

जबलपुर। छावनी क्षेत्र की जनता एवं व्यापारियों की समस्याओं को लेकर छावनी परिषद एवं रक्षा संपदा विभाग के खिलाफ ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में भेदभाव बंद करने, हिंदू कार्यकर्ताओं को टारगेट करना रोकने तथा धार्मिक स्थलों की सुरक्षा की मांग की गई। मोदीबाड़ा व मंगलम भवन मंदिर में पुजारी नियुक्त करने, पूजन सामग्री उपलब्ध कराने, मूर्तियों से छेड़छाड़ रोकने एवं भवन किराए पर नहीं देने की मांग रखी गई। गोराबाजार बरोछी मंदिर को प्रतिदिन दर्शन के लिए खोलने, सभी निर्माण योजनाओं की लागत नोटिस बोर्ड पर सार्वजनिक करने तथा सदर रामलीला मैदान के दूसरे प्रवेश द्वार पर बनी दीवार हटाकर द्वार खोलने की मांग भी की गई। भवन-शौचालय दुरुस्त कराने, मंगलवार की जनसुनवाई में अध्यक्ष व सीईओ के स्वयं बैठने तथा अस्पताल की जांच फीस कम करने की मांग रखी गई। समिति अध्यक्ष पवन यादव ने कहा कि 10 दिन में कार्रवाई नहीं हुई तो अर्थी जुलूस, पुतला दहन एवं सदर बंद आंदोलन किया जाएगा। इस अवसर पर कन्हैया तिवारी, पंकज गुप्ता, नकल गुप्ता, राजेश रजक, जाग्रेश राव, हरी क्रेसवानी, दिनेश कुशवाह, सतीश अग्रवाल, मागचंद पटेल, विजय कोरी, डॉ. ऋषि बावरिया, दिनेश बुशवाहा, एड. रजीत राजपूत, राहुल कनौजिया, सुजीत सिंह, आकाश कुशवाहा सहित अन्य उपस्थित रहे।

नाम परिवर्तन सूचना

I, SUSEELA BODDEPALLI is legally Wife of ARMY NO- JC 390249K, Rank SUB, Name- SIMHACHALAM BODDEPALLI Of Unit the Signals Records, resident of Vill-KUSALAPURAM , Post- FAREEDPETA, Teh - ETCHERLA, Distt- SRIKAKULAM, State- ANDHRA PRADESH, Pin-532410, शपथपूर्वक नि लि कथन करती हूँ कि मेरे पति के सर्विस रिकार्ड में मेरा नाम B SUSEELA दर्ज है। जो कि गलत है। यह कि मेरे आधार कार्ड एंव अन्य दस्तावेजो में मेरा नाम SUSEELA BODDEPALLI दर्ज हैं। जो कि सही है मेरे नाम को पढा व सुना एंव मेरे पति के सर्विस रिकार्ड में दर्ज किया जाए। द्वारा शपथ पत्र नं BY 629958 दिनांक 03-09-26 नोटरी जबलपुर मप्र।

गलत नाम -B SUSEELA
सही नाम - SUSEELA BODDEPALLI

नाम परिवर्तन सूचना

I, ARMY NO- JC390249K, Rank-SUB, Name SIMHACHALAM BODDEPALLI S/O LATE NARASAYYA B Of Unit the Signals Records, resident of Vill-KUSALAPURAM,Post- FAREEDPETA, Teh -ETCHERLA, Diste- SRIKAKULAM, State- ANDHRA PRADESH, Pin-532410, शपथपूर्वक नि लि कथन करता हूँ कि मेरे सर्विस रिकार्ड में मेरे बेटे का नाम B NIKHIL दर्ज है। जो कि गलत है। यह कि मेरे बेटे के आधार कार्ड एंव अन्य दस्तावेजो में मेरी बेटे का नाम NIKHIL BODDEPALLI दर्ज हैं। जो कि सही है मेरे बेटे के नाम को पढा व सुना एंव मेरे सर्विस रिकार्ड में दर्ज किया जाए। द्वारा शपथ पत्र नं BY 629959 दिनांक 03-09-26 नोटरी जबलपुर

गलत नाम -B NIKHIL
सही नाम - NIKHIL

नाम परिवर्तन सूचना

I, ARMY NO- JC 390249K, Rank-SUB,Name-SIMHACHALAM BODDEPALLI S/O LATE NARASAYYA B of Unit the Signals Records, resident of Vill- KUSALAPURAM, Post-FAREEDPETA, Teh ETCHERLA, Distt SRIKAKULAM, State- ANDHRA PRADESH, Pin-532410, शपथपूर्वक नि लि कथन करता हूँ कि मेरे सर्विस रिकार्ड में मेरी बेटी का नाम BODDEPALLI HARSHITHA दर्ज है। जो कि गलत है। यह कि मेरी बेटी के आधार कार्ड एंव अन्य दस्तावेजो में मेरी बेटी का HARSHITHA BODDEPALLI नाम दर्ज हैं। जो कि सही है मेरी बेटी के नाम को पढा व सुना एंव मेरे सर्विस रिकार्ड में दर्ज किया जाए। द्वारा शपथ पत्र नं BY 629960 दिनांक 03-09-26 नोटरी जबलपुर मप्र।

गलत नाम -BODDEPALLI HARSHITHA
सही नाम - HARSHITHA BODDEPALLI

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार रांझी जबलपुर
रा.प्र.क्र.0846/अ-6/2026-27
आम इश्तहार

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमति अर्चना सिंह पति सतेन्द्र पाल सिंह निवासी-सी-10, शिवार्थ एलेन्जा, मण्डला रोड, जबलपुर द्वारा ग्राम कटियाघाट ख.नं. 47 रकबा 178.12 वर्गमीटर हेक्टेयर/वर्गफुट भूमि रजिस्टर्ड विक्रयपत्र/वसीयतनामा/सहमति पत्र/फौती के आधार पर शासकीय अभिलेख में दर्ज किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है, जिसका प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है। अत: उक्त भूमि आवेदक/आवेदिका के नाम दर्ज किये जाने में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति/एतराज हो तो वह अपनी लिखित आपत्ति इस न्यायालय के कक्ष क्र. 32 में तारीख पेशी के पूर्व पेश कर सकता है। समयावधि के बाद प्राप्त दावा / आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

न्यायालय की मुहर एवं हस्ताक्षर से आज दिनांक 03/09/2026 को जारी।
जारी दिनांक-03/09/2026
पेशी दिनांक-19/09/2026
(सील) अतिरिक्त तहसीलदार रांझी, जबलपुर

न्यायालय तहसीलदार रांझी जबलपुर
रा.प्र.क्र./ 790/ अ-6/2026-27
आम इश्तहार

आमजनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक आरती सिंह ठाकुर पति श्री कुलदीप सिंह ठाकुर निवासी-सी-10 शिवार्थ एलेजा मण्डला रोड जबलपुर ने मोजा सिविल स्टेशन नजूल ब्लाक नं./ डाय. शीट नं..32 प्लाट नं. 2/14 रकबा. 603 व.फु./हे. खसरा नं. रकबा. व.फु./हे. पर विक्रयपत्र / हक त्याग / वसीयतनामा / दानपत्र / वारसान हक / दिनांक के 14/05/2026 के आधार पर क्रेता/खातेदार की मृत्यु दिनांक 29/05/2026 को हो जाने के कारण वारसान हक/क्रय उपरांत नाम दर्ज किये जाने का आवेदन पत्र वसीयतनामा, मृत्यु प्रामाण पत्र खसरा की छायाप्रति प्रस्तुत किया हैं।
प्रकरण में आवेदक द्वारा संलग्न नजूल संधरण खसरा/पटवारी/डायवर्सन खसरा अनुसार नजूल सि.स्टे. ब्लाक नं. 32, प्लाट नं. 2/14, रकवा 603 व.फु./हे. ग्राम प.ह.नं. खसरा नं. रकवा व.फु./हे. पर श्रीमति निर्मल पति स्व. लक्ष्मण सिंह चौहान निवासी सि. लाईन जबलपुर का नाम दर्ज है।
अत: किसी व्यक्ति विशेष या संस्था को आपति हो तो अपनी लिखित आपति स्वयं या अपने अभिभावक के माध्यम से दिनांक 09/09/2026 को इस न्यायालय तहसील रांझी जबलपुर में प्रस्तुत कर सकता हैं। नियम दिनांक के पश्चात प्राप्त आपत्तिकर्ता की आपति पर कोई सुनवाई नही की जावेगी।
इश्तहार आज दिनांक 24/08/2026 को मेरे हस्ताक्षर न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।
जारी दिनांक:- 03/09/2026
पेशी दिनांक:- 19/09/2026
सील तहसीलदार रांझी, जबलपुर (म.प्र.)

खबर संक्षेप

एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक में दो बड़ी नियुक्तियां

मुंबई। एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक ने अपने नेतृत्व ढांचे को मजबूत करते हुए अनिल अग्रवाल को सीनियर एग्जीक्यूटिव ग्रुप हेड-कमर्शियल एवं इंस्टीट्यूशनल बैंकिंग और अमोल पाध्ये को चीफ रिस्क ऑफिसर नियुक्त किया है। बैंक के मुताबिक, ये नियुक्तियां उसके अगले चरण के विकास और प्रस्तावित यूनिवर्सल बैंक में बदलाव की तैयारियों को मजबूत करेंगी। अनिल अग्रवाल अपने साथ करीब तीन दशक का बैंकिंग अनुभव लेकर आए हैं। उनकी जिम्मेदारी में कमर्शियल बैंकिंग, होलसेल लायबिलिटीज, ट्रांजैक्शन बैंकिंग, कैश मैनेजमेंट, फाइनेंशियल इंस्टीट्यूशंस एवं कैपिटल मार्केट्स, गवर्नमेंट बैंकिंग और सस्टेनेबिलिटी पहल शामिल होंगी।

अमेजन का 'बेस्ट इन टेक' सर्वे का तीसरा सेट जारी

बेंगलुरु। अमेजन इंडिया ने अपने पहले बेस्ट इन टेक' सर्वे के नतीजों का तीसरा सेट जारी किया है। 40,000 से अधिक ग्राहकों की प्रतिक्रियाओं पर आधारित सर्वे में स्मार्ट टीवी और घरेलू उपकरणों की खरीदारी को लेकर भारतीय उपभोक्ताओं की प्राथमिकताएं सामने आई हैं। सर्वे के मुताबिक, स्मार्ट टीवी खरीदते समय पिक्चर क्वालिटी, जबकि एयर कंडीशनर और रेफ्रिजरेटर खरीदते समय एनर्जी स्टार रेटिंग सबसे अहम कारक बनकर सामने आई है। स्मार्ट टीवी के 66 फीसदी खरीदारों ने पिक्चर क्वालिटी को सबसे महत्वपूर्ण फीचर बताया।

भारत बन सकता है 'चाइना प्लस वन' का बड़ा केंद्र

वैश्विक कंपनियां विविधता ला रही हैं, भारत में बड़ा अवसर पैदा हुआ

एजेंसी ▶▶ पुणे

भारतीय फोर्जिंग उद्योग की शीर्ष संस्था एसोसिएशन ऑफ इंडियन फोर्जिंग इंडस्ट्री (एआईएफआई) के दूसरे वार्षिक सम्मेलन में भारत के लिए बढ़ते 'चाइना प्लस वन' अवसर और फोर्जिंग उद्योग को अधिक स्मार्ट, तकनीकी रूप से सक्षम और प्रतिस्पर्धी बनाने की जरूरत पर जोर दिया गया। 'न्यू डेवलपमेंट ट्रेंड्स इम्पैक्ट ऑन फोर्जिंग इंडस्ट्री' विषय पर आयोजित सम्मेलन में उद्योग जगत के प्रमुख प्रतिनिधियों ने वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला में हो रहे बदलाव, तकनीक एवं ऑटोमेशन, उत्पादकता, कुशल जनशक्ति, बढ़ती इनपुट लागत, अनुसंधान एवं विकास तथा स्थिरता जैसे मुद्दों पर चर्चा की।

एआईएफआई के अध्यक्ष और वर्षा फोर्जिंग्स प्राइवेट लिमिटेड के सीईओ यश मुनोट ने कहा कि भारतीय फोर्जिंग उद्योग इस समय महत्वपूर्ण मोड़ पर है। वैश्विक कंपनियां अपनी आपूर्ति श्रृंखलाओं में विविधता ला रही हैं, जिससे भारत के सामने बड़ा अवसर पैदा हुआ है। हालांकि इस अवसर का लाभ उठाने के लिए उद्योग को उत्पादकता बढ़ाने, तकनीक को तेजी से अपनाने, कर्मचारियों के कौशल विकास तथा नवाचार और स्थिरता पर अधिक निवेश करना होगा। सम्मेलन के मुख्य अतिथि और बीएमडब्ल्यू ग्रुप प्लांट चेन्नई के प्रबंध निदेशक थॉमस डोज ने कहा कि भू-राजनीतिक अस्थिरता और एकल आपूर्तिकर्ताओं पर निर्भरता के जोखिमों के चलते वैश्विक कंपनियां वैकल्पिक आपूर्ति केंद्र तलाश रही हैं। ऐसे में भारत अपनी इंजीनियरिंग प्रतिभा, बड़े घरेलू बाजार और मजबूत फोर्जिंग इकोसिस्टम के कारण एक प्रमुख 'प्लस वन' गंतव्य बन सकता है।

वैश्विक कंपनियों की नजर भारत पर, फोर्जिंग उद्योग को स्मार्ट और प्रतिस्पर्धी बनाने पर जोर

एआईएफआई का वार्षिक सम्मेलन

उपलब्ध अवसरों पर प्रकाश डाला

उन्होंने कहा कि 'चाइना प्लस वन' केवल आपूर्ति तक सीमित नहीं है। वैश्विक ग्राहक ऐसे भारतीय साझेदार चाहते हैं, जो इंजीनियरिंग, उत्पाद विकास और पूरी विकास प्रक्रिया में जिम्मेदारी के साथ योगदान दे सकें। उनके अनुसार भारतीय कंपनियों को केवल आपूर्तिकर्ता की भूमिका से आगे बढ़कर वैश्विक ग्राहकों के विकास साझेदार के रूप में अपनी क्षमता साबित करनी होगी।

सम्मेलन में एआईएफआई पश्चिमी क्षेत्र के चेयरमैन एवं एस.बी. फोर्जटेक प्राइवेट लिमिटेड के सीईओ सुनील जावलेकर ने स्वागत भाषण दिया। पीडब्ल्यूसी के कार्यकारी निदेशक योगेश ठाकर ने 'इंडियन फोर्जिंग इंडस्ट्री- नेक्स्ट ग्लोबल एज' विषय पर प्रस्तुति देते हुए वैश्विक विनिर्माण इकोसिस्टम में भारतीय फोर्जिंग कंपनियों के लिए उपलब्ध अवसरों पर प्रकाश डाला।

मांग बढ़ने की स्थिति में तैयारी पर मंथन

सम्मेलन में 'मैनेजिंग अनसर्टेनिटी / चैलेंजेस टू कैपिटलाइज ऑन डिमांड सर्ज' विषय पर उच्च स्तरीय पैनल चर्चा भी हुई। इसका संचालन एआईएफआई के उपाध्यक्ष एवं सुपर ऑटो फोर्ज प्राइवेट लिमिटेड के प्रबंध निदेशक एस. रविशंकर ने किया।पैनल में एम.एम. फोर्जिंग्स लिमिटेड के सीएमडी विद्याशंकर कृष्णन, बजाज मोटर्स लिमिटेड के एमडी विकास बजाज और हिर्शवोगेल कंपोनेंट्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के सीईओ साहिल जैन शामिल रहे।चर्चा में संभावित मांग वृद्धि का लाभ उठाने के लिए उद्योग की तैयारियों पर विचार किया गया। इसमें जीएसटी , कुशल जनशक्ति, ऑटोमेशन, तकनीकी उन्नयन, निवेश, प्रशिक्षण, आकस्मिक योजना, आरएंडी , उत्पादकता, मांग प्रबंधन और बढ़ती इनपुट लागत जैसे मुद्दे प्रमुख रहे।

पैनलिस्टों ने कहा कि बदलते कारोबारी माहौल में कंपनियों को तकनीक, ऑटोमेशन, कौशल विकास और अनुसंधान एवं विकास में सक्रिय निवेश करना होगा। साथ ही बेहतर उत्पादकता और मजबूत आकस्मिक योजनाओं के जरिए अनिश्चितताओं का सामना करने की क्षमता विकसित करनी होगी। सम्मेलन में इस बात पर सहमति बनी कि वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं में बदलाव भारत के फोर्जिंग उद्योग के लिए बड़ा अवसर है। हालांकि, इस अवसर को स्थायी कारोबारी सफलता में बदलने के लिए भारतीय कंपनियों को विनिर्माण क्षमता के साथ-साथ इंजीनियरिंग, तकनीक, कौशल, नवाचार और आरएंडी में भी अपनी क्षमताएं मजबूत करनी होंगी।

प्याज, अदरक और लहसुन ने बिगाड़ा रसोई का बजट 000

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

महंगाई के बीच प्याज, अदरक और लहसुन जैसी रोजमर्रा की रसोई में इस्तेमाल होने वाली चीजों के दाम बढ़ने से आम लोगों की जेब पर दबाव बढ़ गया है। अदरक की कीमत में 73.82 प्रतिशत, प्याज में 48.27 प्रतिशत और लहसुन में 43.60 प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। इन तीनों जरूरी खाद्य वस्तुओं की कीमत बढ़ने का सीधा असर घर के मासिक बजट पर पड़ रहा है। बाजारों में अदरक के भाव 150-200 से 400 रुपए प्रति किलो तक पहुंच गए हैं। इसी तरह लहसुन की कीमत भी बढ़कर कई खुदरा बाजारों में 200 से 300 रुपए प्रति किलो तक पहुंच गई है। प्याज के दाम भी

लगातार ऊंचे बने हुए हैं। खुदरा बाजारों में प्याज करीब 40 से 60 रुपए प्रति किलो बिक रहा है। प्याज, अदरक और लहसुन तीनों के महंगे होने से रसोई का खर्च बढ़ गया है।

लहसुन ने बढ़ाई रसोई की चिंता, भोपाल मंडी में थोक भाव 18,550 रुपए क्विंटल

प्याज के बाद अब लहसुन की बढ़ती कीमतों ने आम आदमी की रसोई का बजट बिगाड़ना शुरू कर दिया है। भोपाल की करोंद स्थित कृषि उपज मंडी में लहसुन का मॉडल भाव 10,650 रुपए प्रति क्विंटल रहा, जबकि मंडी में न्यूनतम भाव 1,500 और अधिकतम 18,550 रुपए प्रति क्विंटल दर्ज किया गया। यानी अच्छी क्वालिटी के लहसुन के थोक भाव करीब 185 रुपए किलो तक पहुंच गए हैं। भोपाल कृषि उपज मंडी के थोक लहसुन व्यापारियों के अनुसार कीमतों में क्वालिटी के अनुसार बड़ा अंतर दिखाई दे रहा है। न्यूनतम और अधिकतम भाव के बीच करीब 8 से 10 हजार रुपए प्रति क्विंटल तक का अंतर दर्ज हुआ है।

जियो यूजर्स को 12 महीने मुफ्त मिलेगा कैनवा प्रो 4000 रुपए की बचत

मुंबई। जियो यूजर्स अब बिना अतिरिक्त पैसे दिए कैनवा प्रो के प्रीमियम डिजाइन टूल्स इस्तेमाल कर सकेंगे। जियो और कैनवा प्रो ने साझेदारी की है, जिसके तहत पात्र ग्राहकों को 12 महीने तक कैनवा प्रो या कैनवा प्रो लाइट मुफ्त मिलेगा। कंपनी के मुताबिक इस ऑफर की कीमत 4,000 रुपए तक है और इसे 16 सितंबर से मायजियो ऐप के जरिए एक्टिव किया जा सकेगा। किस ग्राहक को कौन-सा कैनवा प्रो मिलेगा, यह उसके जियो रिचार्ज प्लान पर निर्भर करेगा। 399 रुपए के प्लान पर कैनवा प्रो मिलेगा, जबकि 349 और 349 रुपए से ऊपर के पात्र 2जीबी प्रतिदिन डेटा वाले प्लान पर कैनवा प्रो लाइट दिया जाएगा। ऑफर के लिए कोई अतिरिक्त शुल्क या छिपा हुआ चार्ज नहीं होगा। इसका सीधा फायदा छात्रों, कंटेंट क्रिएटर्स, प्रोफेशनल्स और छोटे कारोबारियों को मिल सकता है। कैनवा प्रो की मदद से मोबाइल पर ही स्कूल प्रोजेक्ट, सोशल मीडिया पोस्ट, प्रेजेंटेशन, मार्केटिंग मटीरियल और फेस्टिवल ग्रीटिंग जैसे डिजाइन बनाए जा सकते हैं। कैनवा प्रो लाइट में लाखों प्रीमियम टेम्पलेट, फोटो, वीडियो और फॉन्ट के साथ बैकग्राउंड रिमूवर, मैजिक रीसाइज और 50जीबी क्लाउड स्टोरेज जैसे फीचर मिलेंगे।

कार्यालय क्षेत्र संचालक पेंच टाइगर रिजर्व, सिवनी
Phone No. 07692-350003 e-mail: fdpennp.sni@mp.gov.in, url :www.penchtiger.org

क्रमांक/स्टोर 4234 — **संक्षिप्त निविदा विज्ञप्ति** — सिवनी/दिनांक/02/09/26

पेंच टाईगर रिजर्व, सिवनी (म.प्र.) के अंतर्गत वर्ष 2026-27 में शासकीय वाहनों के उपयोगार्थ टायर एवं ट्यूब क्रय हेतु अनुमानित लागत राशि 10,00,000/- हेतु विभिन्न फर्मो से ई- टेण्डरिंग पद्धति के अंतर्गत ऑनलाईन निविदा www.mptenders.gov.in पर Key data and time अनुसार आमंत्रित की जाती है समस्त शर्ते एवं अन्य जानकारी स्टोर शाखा से कार्यालयीन समय में अथवा सर्वपोर्टल www.mptenders.gov.in पर देखी जा सकती है।

S. No.	Tyre Size	Vehicle Name	Tubeless and with Tube	Eestimated Quantity
1	255/60R18/108H	Scorpio N	Tubeless	10 Nos
2	235/65R17	Scorpio	Tubeless	10 Nos
3	215/75/R15	Bolero Neo	Tubeless	10 Nos
4	235/75/R15	Bolero Camper	With Tube	45 Nos
5	Front Tyres: 9.5 x 24 Rear Tyres: 16.9 x 28- 12PR143A6	Mahindra Tractor	With Tube	02 Nos 02 Nos
6	235/70 R16	Tata Xenon	With Tube	10 Nos
7	195-R-15-LT	Zypsy	With Tube	05 Nos
8	7.00-R-15-LT	Force	With Tube	10 Nos
9	245/75 R16	Mahindra Thar	With Tube	05 Nos
10	155 R 13 LT	Mahindra Maximo	With Tube	05 Nos
11	Front 10.00/20 Rear 10.00/20	Truck	With Tube	35 Nos
12	7.50 16 16 PR	Mini Bus	With Tube	07 Nos
13	Front Tyres:8.00 x 16 Rear Tyres: 12.4 x 28	Sonalika Tractor	With Tube	02 Nos 02 Nos
14	Front Tyres: 8.3-20 Center Tyres: 14.9-28	Sonalika Tractor	With Tube	02 Nos 02 Nos
15	Front Tyres: 2.75-18 Rear Tyres: 3.00-18	Supar Splendor	With Tube	30 Nos
16	Front Tyres: 80/100-18 Rear Tyres: 100/80-18	Honda SP Shine	With Tube	24 Nos
17	Front Tyres: 2.75-17 Rear Tyres: 3.00-17	Bajaj Discover	With Tube	10 Nos

Note:- The quantity of the above materials is estimated and may be increased or decreased as required.

Publishing of Tender Date & Time	15/09/2026 TIME 10.00 AM
Bid Submission Start Date & time	16/09/2026 TIME 10.00 AM
Bid Submission closing Date & time	25/09/2026 TIME 05.00 PM
Bid Opening Date & time	28/09/2026 TIME 12.00 PM

उप संचालक
पेंच, टाइगर रिजर्व, सिवनी (म.प्र.)
G-18659/26 "स्वच्छता ही सेवा"

एआई+ स्मार्टफोन का सर्विस नेटवर्क 1,000+ टच पॉइंट्स तक पहुँचेगा, दिल्ली में पहला एक्सक्लूसिव सर्विस सेंटर और एआई+ असिस्टेंस ऐप लॉन्च करेगा

जबलपुर। एआई+ स्मार्टफोन भारत में अपने ग्राहकों को बेहतर आफ्टर-सेल्स सर्विस देने के लिए देशभर में अपने सर्विस नेटवर्क को 1,000+ सर्विस सेंटर तक बढ़ाने की योजना बना रहा है। इसके साथ ही, इस दिवाली दिल्ली में अपना पहला एक्सक्लूसिव एआई+ सर्विस सेंटर भी शुरू करेगा। अपने फिजिकल सर्विस नेटवर्क के विस्तार के साथ, ब्रांड एआई+ असिस्टेंस ऐप भी पेश कर रहा है। यह एक ऐसा डिजिटल प्लेटफॉर्म होगा, जहाँ डिवाइस सपोर्ट, सर्विस बुकिंग, टिकट ट्रैकिंग और डिवाइस में आने वाली समस्याओं को दूर करने से जुड़ी मदद जैसी सभी सुविधाएँ एक ही जगह मिलेंगी।इस विस्तार के तहत मौजूदा 800+ सर्विस सेंटर के नेटवर्क में 200+ नए सर्विस सेंटर जोड़े जाएँगे। इससे देशभर में ब्रांड की आफ्टर-सेल्स पहुँच और बढ़ेगी। फिजिकल और डिजिटल विस्तार का उद्देश्य एआई+ ग्राहकों के लिए सर्विस को और आसान बनाना है। ग्राहक सर्विस रिक्वेस्ट दर्ज करने से लेकर उसके समाधान की जानकारी देखने तक, पूरी प्रक्रिया

को आसानी से ट्रैक कर सकेंगे।इस घोषणा पर अपने विचार रखते हुए, माधव शेठ, सीईओ, एनएक्सटीक्वांटम शिफ्ट टेक्नोलॉजीस (एआई+ स्मार्टफोन), ने कहा, "स्मार्टफोन ब्रांड बनाना सिर्फ डिवाइस तक सीमित नहीं है। एआई+ में हमारा मानना है कि असली जुड़ाव डिवाइस खरीदने के बाद शुरू होता है। 1,000+ सर्विस टचपॉइंट्स तक पहुँचना, अपना पहला एक्सक्लूसिव सर्विस सेंटर शुरू करना और एआई+ असिस्टेंस ऐप पेश करना ग्राहकों के लिए सपोर्ट को और आसान, पारदर्शी और भरोसेमंद बनाने की दिशा में अहम कदम हैं। हमारा फोकस बिल्कुल स्पष्ट है, हमारे ग्राहक जहाँ भी हों, उन्हें भरोसेमंद सपोर्ट आसानी से मिलता रहे।"दिल्ली में शुरू होने वाला यह सेंटर भारत में एआई+ का पहला डेडिकेटेड सर्विस सेंटर होगा।यहाँ एआई+ स्मार्टफोन के पूरे पोर्टफोलियो के लिए प्रशिक्षित तकनीकी सपोर्ट, ओरिजिनल स्पेयर पार्ट्स, तय मानकों के अनुसार रिपेयर, सॉफ्टवेयर से जुड़ी मदद, वॉरंटी सपोर्ट और डिवाइस सेटअप की सुविधा मिलेगी। आम सर्विस जरूरतों के लिए एआई+ का लक्ष्य समस्या की प्रकृति और उसकी जटिलता के आधार पर उस दिन विशेष से लेकर अधिकतम सात दिन तक में सर्विस पूरी करना है। एआई+ स्मार्टफोन अपने फिजिकल सर्विस नेटवर्क के विस्तार के साथ, एआई+ असिस्टेंस ऐप भी पेश कर रहा है। इसका उद्देश्य ग्राहकों के लिए सर्विस से जुड़ी पूरी प्रक्रिया को आसान बनाना और हर स्टेज की जानकारी उन्हें आसानी से देना है।

सेमसंग ग्लैक्सी एस26 एफई भारत में लांच

गुरुग्राम। सैमसंग इंडिया ने ग्लैक्सी एस26 सीरीज का नया स्मार्टफोन ग्लैक्सी एस26 एफई भारत में लांच कर दिया है। कंपनी ने इस फोन को फ्लैगशिप कैमरा एक्सपीरियंस, कॉन्टेक्स्ट-अवेयर ग्लैक्सी एआई और दमदार डेली परफॉर्मेंस के साथ पेश किया है। ग्लैक्सी एस26 एफई में 6.7-इंच डायनामिक अमोल्ड 2 एक्स डिस्प्ले दिया गया है, जो 120एचजेड तक रिफ्रेश रेट सपोर्ट करता है। परफॉर्मेंस के लिए फोन में जायनोस2500 प्रोसेसर मिलता है। भारत में ग्लैक्सी एस26 एफई का 8जीबी रैमइ और 256जीबी स्टोरेज वेरिएंट 79,999 में लांच हुआ है।

बेचना है

बेचना है - बिलासपुर (सकरी मेन रोड से वाकिंग डिस्टेंस) इन्वेसटर्स हेतु मकान बनाकर बेचने का अवसर सभी साइजों में डायवर्टेड आवासीय प्लॉट सीसी रोड, नाली, पानी, बिजली सुविधा सहित सम्पर्क करें - 7898855268 (बिलासपुर/05/ अक्टू.)

पूर्व रेलवे

ई-निविदा सूचना सं.: एलएचबी-आरएमपीयू_26-28, दिनांक 11.09.2026; उप मुख्य यांत्रिक अभियंता/सी, पूर्व रेलवे, कांचरापाड़ा, उत्तर 24 परगना, डाकघर-कांचरापाड़ा, पिन-743145 (पबं) द्वारा नीचे उल्लेखित कार्य के लिए ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। **कार्य का नाम एवं उसका स्थान:** खुली निविदा के आधार पर कार्य संविदा के माध्यम से बाहरी एजेंसी द्वारा कैरेज कॉम्प्लेक्स में 2 वर्षों की अवधि के लिए 392 कोचों (784 आरएमपीयू इकाइयां यानी प्रति कोच 2 इकाइयां) में एफआरपी ट्रॉफ के स्थान पर आरएमपीयू के नीचे एसएस मेटल ट्रॉफ का प्रावधान। **कार्य की अनुमानित लागत:** रु. 4,89,11,019.92; **जमा की जाने वाली बोली सुरक्षा:** रु. 9,78,300। **निविदा दस्तावेज की कीमत:** शून्य। **कार्य समापन अवधि:** 2 वर्ष। **निविदा की वैधता:** 72 दिन। **प्रस्ताव जमा अवधि:** 15 दिन पहले से दिनांक 05.10.2026 को 14.00 बजे तक। **निविदा बंद होने की तारीख एवं समय:** 05.10.2026 को 14.00 बजे तक। **निविदा खुलने की तारीख एवं समय:** निविदा दिनांक 05.10.2026 को 15.00 बजे अथवा उसके उपरांत खोली जाएंगी। **वेबसाइट जहां निविदा दस्तावेज उपलब्ध होंगे:** निविदा दस्तावेज का सम्पूर्ण सेट भारतीय रेल की ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाइट www.ireps.gov.in पर दिनांक 11.09.2026 से 05.10.2026 को 14.00 बजे तक उपलब्ध रहेंगे।

(MISC-184/2026-27)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट ww.er.indianrailways.gov.in/ www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

पश्चिम मध्य रेल

इंजीनियरिंग विभाग खुली निविदा

निम्नलिखित कार्य के ई–निविदा भारत संघ के राष्ट्रपति के पक्ष में वरिष्ठ मंडल अभियंता (समन्वय) मंडल रेल प्रबंधक (कार्य) पश्चिम मध्य रेल्वे, जबलपुर के द्वारा आमंत्रित की जाती है। **निविदा सूचना कमांक :** डी. आर. एम. डब्ल्यू–जे. बी.पी–176–26 दिनांक : 07/09/2026 **कार्य का नाम लोकेशन सहित :** डिविजनल इंजीनियर (पूर्व) जबलपुर के अधिकार क्षेत्र में कटनी–सिंगरौली सेक्शन के देवराग्राम यार्ड में ट्रैक नवीनीकरण के विभिन्न कार्यों के सिलसिले में नाली बनाने/सुधारने का काम। **कार्य का अनुमानित मूल्य :** 15007031, **बयाना राशि रूपये :** 300200/– **समापन अवधि :** 08 माह, **निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि एवं समय 15.00 बजे तक :** 06/10/2026, **निविदा खुलने का समय 15:15 बजे तिथि :** 06/10/2026, **निविदा सूचना कमांक :** डी.आर. एम. डब्ल्यू–जे. बीपी–177–26 दिनांक : 07/09/2026, **कार्य का नाम लोकेशन सहित :** डिविजनल इंजीनियर (पूर्व) सेक्शन में ट्रैक नवीनीकरण के विभिन्न कार्यों के सिलसिले में, सिंगल शॉट क्रूसिबल का उपयोग करके 52 kg/ 60 kg/ 90 यू टी एस /R260 रेल की इन–सीटू वेल्डिंग। **कार्य का अनुमानित मूल्य :** 8519918, **बयाना राशि रूपये :** 170400/–, **समापन अवधि :** 12 माह, **निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि एवं समय 15.00 बजे तक :** 06/10/2026, **निविदा खुलने का समय 15:15 बजे तिथि :** 06/10/2026, **निविदा सूचना कमांक :** डी.आर.एम. डब्ल्यू–जे. बी.पी–178–26 दिनांक रू 07/09/2026, **कार्य का नाम लोकेशन सहित :** न्यू कटनी जंक्शन इंटीग्रेटेड स्किल डेवलपमेंट (फेज–II) के लिए ट्रेनिंग इंस्टिट्यूट (एम डी डी टी आइ – न क ज) के इंफ्रास्ट्रक्चर को अपग्रेड करना। **कार्य का अनुमानित मूल्य :** 13331392, **बयाना राशि रूपये :** 266600/–, **समापन अवधि :** 12 माह, **निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि एवं समय 15.00 बजे तक :** 06/10/2026, **निविदा खुलने का समय 15:15 बजे तिथि :** 06/10/2026, **निविदा सूचना कमांक :** डी.आर.एम.डब्ल्यू–जे. बीपी–179–26 दिनांक : 07/09/2026, **कार्य का नाम लोकेशन सहित :** डिविजनल इंजीनियर (पूर्व) जबलपुर के अधिकार क्षेत्र में (i) कटंगी खुर्द, खन्ना बंजारी, ब्योहारी, निवास रोड और सरई ग्राम में ट्रैक मशीनों के लिए साइडिंग सुविधाओं की व्यवस्था और (ii) कटनी–सिंगरौली सेक्शन पर LC नंबर 59, 67, 88, 105 पर सिविल इंफ्रास्ट्रक्चर में सुधार। **कार्य का अनुमानित मूल्य :** 35957943 **बयाना राशि रूपये :** 719200/–, **समापन अवधि :** 12 माह, **निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि एवं समय 15.00 बजे तक :** 06/10/2026, **निविदा खुलने का समय 15:15 बजे तिथि :** 06/10/2026, **निविदा सूचना कमांक :** डी.आर.एम.डब्ल्यू–जे. बी.पी–180–26 दिनांक : 08/09/2026, **कार्य का नाम लोकेशन सहित :** सहायक मंडल अभियंता, कटनी उप–मंडल के अधिकार क्षेत्र में बखलेटा एवं रीठी स्टेशनों पर प्लेटफार्मों का उन्नयन। (कार्य का भाग – जबलपुर मंडल के अंतर्गत बखलेटा (बी.क्यू.क्यू.), रीठी (आर.ई.आई.), नरियावली (एन.ओ.आई.), पथरिया (पी.एच.ए), सगौनी (एस.ए.ओ.) एवं भरसेंडी (बी.एस.डी.एल.) स्टेशनों पर कुल 06 प्लेटफार्मों को रेल स्तर/निम्न स्तर (आर.एल./एल.एल.) से उच्च स्तर (एच.एल.) में उन्नयन करने का कार्य।) **कार्य का अनुमानित मूल्य :** 3,93,84,701 **बयाना राशि रूपये :** 7,87,700/–, **समापन अवधि :** 12 माह, **निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि एवं समय 15.00 बजे तक :** 06/10/2026, **निविदा खुलने का समय 15:15 बजे तिथि :** 06/10/2026, उपरोक्तई–निविदा संपूर्ण जानकारी वेबसाइट https://ireps.gov.in उपलब्ध है एवं इसकी पूरी जानकारी मंडल रेल प्रबंधक (कार्य) कार्यालय पश्चिम मध्य रेलवे, जबलपुर के नोटिस बोर्ड पर रखी गइ है। ई–निविदा के अलावा उपरोक्त कार्य के लिए कोई भी निविदा स्वीकार नही की जायेगी।

हस्ता.
मंडल रेल प्रबंधक (कार्य), पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर

स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर

O/o SUPERINTENDING ENGINEER CITY CIRCLE
MP POORV KSHETRA VIDYUT VITARAN CO. LTD. JABALPUR
CIN:U40109MP2002SGC015120, e-mail: secityjabalpur@gmail.com Phone: 0761-2621784, GST:23AADCM6175E2ZM

No. SE/CCJ/PUR/NIT/2026-27/ — **Online Tender** — Jabalpur, Dtd:

Online Tenders are invited for following items:-

S. No.	TS No.(For e-Tendering)	Name of Items	Approx. Value (Rs. in Lakhs)	Tender fee (in Rs)	Due date & time of opening of tender online from (*)
1	(E-Tender No.EE/CDW/26-27/ TS-04/1264 2026 PKVVC_ 534393_1 Dt.- 03.09.2026	Hiring of 01 No Light motor vehicle Tata ACE Ladder or equivalent of latest model for Office of EE (City Division West) Jabalpur.	8.00	1180/-	21.09.2026 11:00 am
2	(E-Tender No.EE/CDS/26-27/ TS-04/1218 2026 PKVVC_ 535743_2 Dt.- 11.09.2026	Hiring of 01 No Light motor vehicle Tower Ladder Jeep for Office of EE (City Division South) Jabalpur.	6.50	1180/-	21.09.2026 02:00 pm

* For updated / extended due dates for opening of tender (EMD in cover-1 & Techno-commercial bid in cover-2) please refer to the online key dates. For other details visit Company's website: www.mpez.co.in or https://mptenders.gov.in

Save Energy For Better Tomorrow — "बिजली संबंधी शिकायतों के निराकरण के लिए 1912 डायल करें" — S.E. (CCJ) MPPKVVCL. JABALPUR

राशिफल

मेष — किसी मित्र का सहयोग भी मिल सकता है। सन्तान के स्वास्थ्य में सुधार होगा। मानसिक शान्ति रहेगी। शिक्षा में व्यवधान आ सकते हैं।

वृष — अनियोजित खर्चों में वृद्धि होगी। कुटुम्ब की किसी महिला से धन की प्राप्ति हो सकती है। मन में नकारात्मक विचारों का प्रभाव हो सकता है।

मिथुन — चिकित्सीय खर्च और भवन के मरम्मत पर खर्च बढ़ सकते हैं। वाणी में कठोरता रहेगी। वाणी का प्रभाव भी बढ़ेगा। समाज में मान-सम्मान मिलेगा।

कर्क — मन में निराशा एवं असन्तोष रहेगा। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। किसी मित्र के सहयोग से नौकरी के अवसर मिल सकते हैं। आय में वृद्धि होगी।

सिंह — न परेशान रहेगा। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव बढ़ सकता है। आत्मविश्वास रहेगा। भवन सुख में वृद्धि हो सकती है। नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते

कन्या — शासन सत्ता का सहयोग मिलेगा, परन्तु स्वास्थ्य का ध्यान भी रखें। आत्मविश्वास बढ़ेगा। मन में शान्ति का प्रभाव रहेगा। धैर्यशीलता में कमी रहेगी।

तुला — बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ सकती है। आय के स्रोत भी विकसित होंगे। कला एवं संगीत के प्रति रुझान बढ़ेगा। भवन सुख में वृद्धि हो सकती है।

वृश्चिक — शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। किसी मित्र के सहयोग से रोजगार के अवसर मिल सकते हैं। कारोबार की स्थिति मजबूत होगी।

धनु — वाणी में सौम्यता रहेगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता रहेगी। नौकरी में बदलाव की स्थिति बन रही है। भाई-बहनों का सानिध्य एवं सहयोग मिलेगा।

मकर — शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें। कारोबार में किसी मित्र का सहयोग मिल सकता है। किसी मित्र के सहयोग से किसी सम्पत्ति में निवेश कर सकते हैं।

कुंभ — नौकरी में कोई अतिरिक्त जिम्मेदारी मिल सकती है। परिश्रम अधिक रहेगा। क पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। क्रोध एवं आवेश की अधिकता रहेगी।

मीन — परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान की यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। जीवनसाथी को स्वास्थ्य विकार रहेंगे। चिकित्सीय खर्च बढ़ेंगे।

शब्द पहेली - 6349



बाएँ से दाएँ
1.नियंत्रण,घोड़े की रास-3
4.पानी से सराबोर-5
8.अंधकार-3
9.आक्रमण-3
10.दम, सुट्टा-2
12.समय, वक्त-2
13.कहानी लेखक-5
16.अपराधी, गुंडा-4
17.आलोकित होना-4
18.उद्देश्य, मंजिल-2
19.छाती, सिलना-2
20.जागरण-4
23.सफल, उत्तीर्ण-4
25.पत्नी का नाना-2,3
28.मार्ग, रास्ता-2
29.जरा, थोड़ा-2
31.वैमनस्य-3
33.पाजेब-3
35.जरुरतमंद-3,2
36.गदर, क्रांति-3

ऊपर से नीचे
1.उत्साह-3
2.वोट,राय-2
3.हथियार, गोला-बारूद-4
4.सनसनी, रोमांच-4
5.एक विदेशी शराब-2
6.आफत, मुसीबत-2
7.उपपत्नी-3
11.बलिदानी-3
12.कार्य करने वाला-3
13.सिगरेट का सुट्टा मारना-2,3
14.पानी, जल-2
15.निर्माण करने वाला-5
21.प्रकार-3
22.उम्मीद, आशा-2
24.भिखारी-3
26.ख्यात,प्रसिद्ध-4
27.मदिरापान-4
28.मदद,आराम-3
30.इससे कच्ची शराब बनती है-3
31.उस समय-2
32.नागालैंड की एक जाति-2
34.अधर, होठ-2

शब्द पहेली- 6348 का हल

ना	म	क	मा	ना	■	रा	म	झ	दा	र
म	■	र	ह	म	■	म	द	न	■	म
र	त	■	■	ची	■	झौ	■	■	वा	णी
ख	रा	■	ना	न	ख	ता	ई	■	रा	य
ना	ला	य	क	■	त्म	■	मा	त	ह	त
■	■	■	क	था	■	का	न	■	■	■
प	न	घ	ट	■	आ	■	दा	न	वी	र
व	र	■	ना	ना	रा	सु	र	■	र	वि
न	म	■	■	म	■	चा	■	■	ता	न
सु	■	आ	रा	व	■	ल	ह	र	■	य
त	ल	ब	गा	र	■	न	क	ब	ज	न

सूडोकु नवताल 6359

सरल

		2				1		
				2	5	7	3	
	9	4		6	7			2
	5		4		3			9
	8			9			7	
1			6		8		2	
6			7	4		9	5	
	4	5	8	3				
		8				6		

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु नवताल 6358 का हल

9	1	6	2	3	7	4	5	8
8	2	3	4	5	9	1	7	6
4	5	7	1	6	8	3	9	2
5	6	8	7	1	2	9	3	4
1	7	4	9	8	3	2	6	5
2	3	9	5	4	6	8	1	7
7	4	1	8	9	5	6	2	3
3	8	5	6	2	1	7	4	9
6	9	2	3	7	4	5	8	1

MANGAL SENACHA BANGALORE

एक हफ्ते के अंतर में रिलीज होंगी किंग और एवेंजर्स डूम्सडे

मुंबई। शाहरुख खान इन दिनों अपनी अपकमिंग फिल्म 'किंग' को लेकर सुर्खियों में हैं, जो इस साल के आखिरी में सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। दरअसल, दिसंबर में ही 'एवेंजर्सः डूम्सडे' और 'ड्यून 3' जैसी बड़ी हॉलीवुड फिल्में रिलीज हो रही हैं। ऐसे में ऐसी अफवाहें तेज हो चलीं कि इन बड़ी फिल्मों से टकराव रोकने के लिए 'किंग' को पोस्टपोन किया जा सकता है। लेकिन, अब शाहरुख खान ने कन्फर्म कर दिया है कि 'किंग' तय डेट पर ही रिलीज होगी। सुपरस्टार ने कन्फर्म किया कि 'किंग' को पोस्टपोन नहीं किया जाएगा, भले ही दिसंबर 2026 में कई बड़ी फिल्में रिलीज होने वाली हैं। फिल्म आने में अभी 100 दिन बाकी हैं ना... 24 दिसंबर, ब्रो।'

लाइफ Style

आंचल

14 साल से इंडस्ट्री में, फिर भी अपना घर नहीं

मुंबई को सपनों का शहर कहा जाता है। खासकर फिल्म और टेलीविजन इंडस्ट्री से जुड़े लोगों के लिए यह शहर सफलता और चमक-दमक का प्रतीक माना जाता है। सोशल मीडिया पर भी अक्सर कलाकार अपने खूबसूरत घरों, आलीशान इंटीरियर और लग्जरी लाइफस्टाइल की तस्वीरें साझा करते रहते हैं।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

टीवी अभिनेत्री आंचल खुराना ने हाल ही में अपने घर का जो वीडियो दिखाया, वह इस चमकती तस्वीर से बिल्कुल अलग है। 'एमटीवी रोडीज 8' की विजेता रह चुकीं आंचल ने अपने मुंबई वाले 1 बीएचके किराए के फ्लैट का ऐसा टूर कराया, जिसमें उन्होंने बिना किसी बनावट के अपनी रोजमर्रा की जिंदगी की झलक दिखाई। आंचल ने अपने व्लॉग में बताया कि मुंबई में जिस 1 बीएचके फ्लैट में वह रहती हैं, उसका मासिक किराया करीब 70 हजार रुपए है। खास बात यह है कि इतने किराए के बावजूद घर के आसपास कोई शानदार गार्डन, स्विमिंग पूल या समुद्र का खूबसूरत नजारा नहीं है। उनके फ्लैट की खिड़कियों से दूर तक फैली चॉल और झुग्गी बस्ती दिखाई देती है। आंचल ने इस स्थिति को लेकर कोई शिकायत करने के बजाय इसे मजाकिया अंदाज में पेश किया। उन्होंने कहा कि मुंबई में घर खरीदना उनके लिए अभी भी बहुत दूर की बात है। अभिनेत्री ने यहां तक मजाक किया कि जिस तरह से महंगाई बढ़ रही है और इंडस्ट्री की स्थिति है, उन्हें अपना घर खरीदने में 400-500 साल लग सकते हैं। उन्होंने साफ कहा कि यह कोई लग्जरी या बेहद खूबसूरत घर नहीं है, बल्कि किराए का एक साधारण फ्लैट है, जिसके लिए उन्हें हर महीने 70 हजार रुपये चुकाने पड़ते हैं।

हॉलीवुड मसाला

टॉम-जेंडाया ने अभी नहीं की है शादी

लॉस एंजिल्स। हॉलीवुड के चर्चित कपल टॉम हॉलैंड और जेंडाया की शादी को लेकर उनके स्टाइलिस्ट ने नया खुलासा किया है। दावा किया है कि दोनों ने अभी आधिकारिक तौर पर शादी नहीं की है। टॉम हॉलैंड और जेंडाया की शादी की मिस्ट्री में एक नया ट्विस्ट आया है। महीनों से यह अटकलें लगाई जा रही थीं कि स्पाइडर-मैन स्टार्स ने गुपचुप तरीके से शादी कर ली है। मगर, जेंडाया के स्टाइलिस्ट और करीबी दोस्त लॉ रोच का कहना है कि कपल अभी आधिकारिक रूप से शादीशुदा नहीं है।

छह साल बाद किया परफॉर्म मंच पर हुईं भावुक

पेरिस। सिंगर सेलीन डायोन ने संगीत के मंच पर भावुक वापसी कर ली है। हाल ही में पेरिस में आयोजित शो में उन्होंने फैंस को शुक्रिया कहा। इसके साथ ही सेलीन शो के दौरान काफी खुश नजर आईं।सिंगर सेलीन डायोन ने गंभीर बीमारी से लड़ने के बाद स्टेज पर वापसी कर ली है। वह कई साल बाद पेरिस में शो के दौरान फैंस के लिए भावुक बाते कीं। सिंगर सेलीन डायोन ने हाल ही में पैरिस में कई साल बाद अपना शो किया। इस दौरान वह काफी भावुक दिखाई दीं। उन्होंने कहा, 'मैंने एक वादा किया था। मंच पर वापस आने काऔर मैं यहां हूं। मैं आप सबको देखकर काफी खुश हूं। मैंने आप सभी को बहुत याद किया। मैं जो भी हूं आप सबके प्यार की वजह से हूं।'इस दौरान सिंगर के चेहरे पर खुशी के आंसू देखने मिले। 58 वर्षीय डायोन ने पेरिस के ला डिफेंस एरिना में अपनी आवाज का जादू बिखेरा।

बेबी शावर सेरेमनी में निभाईं रस्में

मुंबई। साउथ सिनेमा की सुपरस्टार एक्ट्रेस सामंथा रुथ प्रभु और उनके पति राज निदिमोरु जल्द ही माता-पिता बनने वाले हैं। इस बीच पहली बार मां बनने जा रही एक्ट्रेस का बेबी शावर हुआ है। सामंथा ने परंपरिक 'सीमंतम' सेरेमनी के फोटोज-वीडियोज सोशल मीडिया पर शेयर किए हैं, जिसमें पारंपरिक अंदाज, रस्म और मंत्रों की गूंज ने फैंस का दिल जीत लिया है। इसमें पति राज भी सामंथा पर प्यार लुटाते हुए दिख रहे हैं। सामंथा ने बताया है कि बेबी शावर सेरेमनी के दौरान निभाई गई श्रीविद्या परंपरा के खास रस्म ने उन्हें भावुक कर दिया। तस्वीरों और वीडियो में एक्ट्रेस फूलों से सजी, एक खुली जगह पर बैठी नजर आईं। पुजारियों की मौजूदगी में श्रीविद्या परंपरा की रस्म अदायगी हुई। यह रस्म तमिल और तेलुगू परंपराओं का हिस्सा है, जिसमें गर्भवती महिलाओं को आशीर्वाद दिया जाता है।

नए लुक में गणेश चतुर्थी पूजा में पहुंचे...

नई दिल्ली। अभिनेता सलमान खान नीता अंबानी और मुकेश अंबानी की गणेश चतुर्थी पूजा में नए लुक में शामिल होकर हर किसी का ध्यान खींच लिया। 14 सितंबर को मुकेश अंबानी के घर पर गणेश चतुर्थी पूजा का आयोजन किया गया था, जहां कटरीना कैफ, विक्की कौशल, कियारा आडवाणी, सिद्धार्थ मल्होत्रा, रणबीर कपूर, आलिया भट्ट, करीना कपूर खान और कृति सेनन समेत बॉलीवुड के तमाम सेलेब्स पहुंचे थे। इस गणेश पूजा में सलमान खान ने भी शिरकत की। उन्होंने स्वैग मारते हुए सिंपल लुक में एंट्री की और देखते ही देखते उनका लुक छा गया। उन्होंने वॉन्टेड लुक में एंट्री मारी। उन्होंने अपने बालों को स्कार्फ से कवर किया। लाइट ब्लू स्ट्रिप शर्ट और डेनिम जींस में एक्टर हैंडसम लग रहे हैं। सलमान खान का नया लुक देखकर लोग उनकी तारीफों के पुल बांध रहे हैं।

टीवी मसाला

आसिफ और यंग समेत चार घर वालों पर साजिश के आरोप

नई दिल्ली। चर्चित रियलिटी शो 'बिग बॉस 20' की बात हो और इसमें विवाद न हो, ऐसा नहीं हो सकता। शो के हालिया एपिसोड में 'बिग बॉस' ने यंग डीएसए, रोहेद खान, आसिफ खान और स्काउट पर साथी कंटेस्टेंट्स को शो से बाहर करने की साजिश रचने का आरोप लगाया। इसके चलते उन्हें सीधे नॉमिनेट कर दिया गया है। 'बिग बॉस 20' में एक नया ट्विस्ट देखा गया। बिग बॉस ने घर के अंदर यंग डीएसए, रोहेद खान, आसिफ खान और स्काउट पर घर के दूसरे सदस्यों को बाहर निकालने की योजना बनाने का आरोप लगाया। कप्तान होने के कारण यंग तो सजा से बच गए, लेकिन नियमों के कथित उल्लंघन के कारण रोहेद, आसिफ और स्काउट को सीधे एलिमिनेशन के लिए नॉमिनेट कर दिया गया। बता दें कि एपिसोड की शुरुआत नॉमिनेशन प्रक्रिया से हुई, जिससे घर के अंदर कई समीकरण सामने आए। प्रतिभागियों से उन साथी सदस्यों के नाम बताने को कहा गया, जिन्हें वे घर से बाहर होते देखना चाहते थे। इसके चलते तीखी बहस हुई और कई नाम सामने आए। आम्रपाली, अरिशफा, माही, आसिफ, अमन, उदिति, गुल्लू और स्काउट जैसे कई सदस्य नॉमिनेशन से जुड़ी चर्चाओं के केंद्र में रहे। एलिमिनेशन नॉमिनेशन में आम्रपाली, ईशा, आसिफ और लव जैसे नामों का भी जिक्र किया गया। मगर, एपिसोड खत्म होते-होते एक नया ट्विस्ट आया, जिसने सभी को चौंका दिया। बिग बॉस ने यंग, रोहेद, आसिफ और स्काउट पर अन्य घरवालों को घर से बाहर भेजने की कथित साजिश रचने का आरोप लगाया।

मैं काम से रिटायर नहीं हो रहा हूं : बिग बी

नई दिल्ली। अमिताभ बच्चन 83 उम्र के हैं, लेकिन इस उम्र में भी वह काम को लेकर काफी एक्टिव रहते हैं। वह लंबे घंटे तक काम करते हैं और सोशल मीडिया पर भी एक्टिव रहते हैं और अपनी लाइफ और काम को लेकर एक्स और ब्लॉग के जरिए फैंस को अपडेट देते रहते हैं।

अब हाल ही में बिग बी ने एक पोस्ट किया जिसके बाद ये अफवाह आने लगी कि बिग बी रिटायरमेंट ले सकते हैं। अब बिग बी का इस पर रिएक्शन आया है। बिग बी ने अपने ब्लॉग में क्लीयर किया कि वह रिटायरमेंट नहीं ले रहे हैं और उनके रिटायर फॉर द डे का मतलब ये नहीं था कि वह रिटायर ले रहे हैं बल्कि उनका मतलब है कि वह दिन के काम से रिटायर होकर सो रहे हैं। इसके अलावा बिग बी ने उन कुछ मीडिया वेबसाइट और सोशल मीडिया पेज की आलोचना की जिन्होंने उनके रिटायरमेंट की खबर लिखी। बिग बी ने आगे लिखा, 'जी नहीं हुजूर, मैं काम से रिटायर नहीं हो रहा हूं। अंग्रेजी में इसका मतलब होता है मैं अब सोने जा रहा हूं और वहां मान्यवर आपको आने का निमंत्रण नहीं है।'

राधिका का अनोखा गणपति लुक भरतनाट्यम से जमाया रंग

मुंबई। मुंबई में अंबानी परिवार का गणपति उत्सव हर साल अपनी भव्यता के लिए चर्चा में रहता है। इस बार भी अंटीलिया में गणपति बप्पा के स्वागत के लिए खास आयोजन किया गया, जिसमें परिवार के सदस्यों के साथ बॉलीवुड की कई बड़ी हस्तियां भी शामिल हुईं। हालांकि, इस पूरे समारोह में राधिका मर्चेंट का अंदाज कुछ अलग रहा। उन्होंने सिर्फ अपने आउटफिट से ही ध्यान नहीं खींचा, बल्कि भरतनाट्यम प्रस्तुति के जरिए भारतीय संस्कृति और फैशन के खूबसूरत मेल को भी सामने रखा। राधिका मर्चेंट प्रशिक्षित भरतनाट्यम डांसर हैं और गणेश चतुर्थी के इस शुभ अवसर पर उन्होंने अंटीलिया में खास प्रस्तुति दी। इस परफॉर्मेंस के लिए उनका पहनावा भी साधारण नहीं था। उनके लिए खास तौर पर तैयार किया गया आउटफिट भारतीय पारंपरिक टेक्सटाइल की खूबसूरती और क्लासिकल डांस की जरूरतों को ध्यान में रखकर डिजाइन किया गया था। यही वजह रही कि उनका लुक सिर्फ देखने में खूबसूरत नहीं लगा, बल्कि उनकी डांस परफॉर्मेंस के साथ भी पूरी तरह जुड़ा हुआ नजर आया।

एमी अवॉड्र्स: मैथ्यू बने बेस्ट लीड एक्टर, जीन स्मार्ट ने रचा इतिहास

लॉस एंजिल्स। 78वें प्राइमटाइम एमी अवॉर्ड्स 2026 के मुख्य विजेताओं का ऐलान हो चुका है। बता दें कि इससे एक सप्ताह पहले तकनीकी और सहायक श्रेणियों के लिए क्रिएटिव आर्ट्स एमी अवॉर्ड्स प्रदान किए गए थे। अब मुख्य विनर्स की लिस्ट भी सामने आ चुकी है। हॉरर-कॉमेडी विडोज बे, हैक्स और द पिट के बीच कड़ा मुकाबला देखने को मिला है।

मैथ्यू राइस ने झटके दो अवॉर्ड, बनाया रिकॉर्ड : अवॉर्ड सेरेमनी में मैथ्यू ने एक रिकॉर्ड कायम किया है। मैथ्यू ने एक नहीं, बल्कि दो अवॉर्ड जीते। इसी के साथ मैथ्यू राइस ने एक ही रात में दो 'लीड एक्टर' अवॉर्ड जीतकर एमी अवॉर्ड्स के इतिहास में एक नया रिकॉर्ड बनाया है। वे इस सेरेमनी के इतिहास में ऐसा करने वाले पहले एक्टर बन गए हैं। सोमवार को हुई सेरेमनी में मैथ्यू ने पहले नेटफ्लिक्स की 'द बीस्ट इन मी' में अपने काम के लिए 'लीड एक्टर (लिमिटेड)' का अवॉर्ड जीता। इसके बाद उन्होंने 'विडोज बे' के लिए 'लीड कॉमेडी एक्टर' का अवॉर्ड अपने नाम किया।

जीन स्मार्ट ने रचा इतिहास : अभिनेत्री जीन स्मार्ट को सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का एमी

पुरस्कार मिला है। उन्हें 'हैक्स' के लिए यह प्रदान किया गया है। यह उनका लगातार पांचवी बार 'लीड एक्ट्रेस' का अवॉर्ड है। वह ऐसी पहली कलाकार हैं, जिन्होंने किसी सीरीज के पूरे रन के हर सीजन के लिए एक्टिंग एमी जीता हो। इसी के साथ जीन ने इतिहास रच दिया है। यह उनके करियर का आठवां एमी पुरस्कार है।

नोह वाइल, रिया सीहोर्न ने भी झटकी ट्रॉफी : एमी पुरस्कार पर नोह वाइल का भी कब्जा रहा। नोह ने 'द पिट' के लिए ड्रामा सीरीज में लीड एक्टर का अवॉर्ड जीता। इसके अलावा रिया सीहोर्न ने प्लूरिबस के लिए ड्रामा सीरीज में मुख्य अभिनेत्री का पुरस्कार जीता है। वहीं, लिंडा कार्डेलिनी और डेविड हार्बर ने डीटीएफ सेंट लुइस के लिए सपोर्टिंग एक्टिंग अवॉर्ड जीते हैं।

मुख्य अवॉर्ड सेरेमनी के विजेताओं की लिस्ट कुछ इस तरह है

ड्रामा श्रेणी के विजेता : लीड एक्टर के तौर पर नोह वाइल ने 'द पिट' के लिए पुरस्कार जीता

मुख्य अभिनेत्री के लिए रिया सीहोर्न ने 'प्लूरिबस' के लिए अवॉर्ड

सपोर्टिंग एक्ट्रेस का अवॉर्ड एलिसन जैनी ने 'द डिप्लोमैट' के लिए जीता

गेस्ट एक्टर का अवॉर्ड अर्नेस्ट हार्डन जूनियर ने 'द पिट' के लिए जीता

गेस्ट एक्टर का अवॉर्ड अर्नेस्ट हार्डन जूनियर ने 'द पिट' के लिए जीता

गेस्ट एक्ट्रेस शैलीन वुडली को 'पैराडाइज' के लिए पुरस्कार मिला

कॉमेडी सीरीज श्रेणी के विजेता : 'हैक्स' के लिए लीड एक्ट्रेस के तौर पर जीन स्मार्ट

'विडोज बे' के लिए सपोर्टिंग अभिनेता स्टीफन रूट

'विडोज बे' के लिए सपोर्टिंग एक्ट्रेस बनीं केट ओ'फ्लिन

गेस्ट एक्टर का अवॉर्ड रॉब रेनर को 'द बेयर' के लिए मिला।

गेस्ट एक्ट्रेस का अवॉर्ड बेट्टी गिलपिन को 'विडोज बे' के लिए मिला

इस सप्ताह लगेगा क्राइम-सस्पेंस और रोमांस का तड़का

ओटीटी पर दस्तक देंगी ये दिलचस्प फिल्में और सीरीज

नई दिल्ली। नया वीक शुरू हो गया है। मनोरंजन के शौकीनों को नई फिल्मों और सीरीज का इंतजार होगा। सिनेमाघरों में छह हफ्ते बाद भी हनुमान अंश छाई हुई है। मिर्जापुर' भी बॉक्स ऑफिस की गद्दी पर काबिज है। दायरा और वाइब जैसी फिल्में इस नए वीक में दस्तक देंगी। इस बीच ओटीटी पर भी माहौल जबर्दस्त रहने वाला है। क्राइम, सस्पेंस थ्रिलर से लेकर रोमांटिक सीरीज और फिल्में इस वीक में रिलीज होंगी।

लस्ट स्टोरीज सीजन 3

इस सप्ताह सबसे ज्यादा चर्चा इसी सीरीज को लेकर हो रही है। चर्चित सीरीज 'लस्ट स्टोरीज' का तीसरा सीजन आएगा। इस बार आधुनिक रिश्तों, ख्वाहिशों और इमोशंस की थीम पर बनी ये सीरीज दर्शकों का कितना ध्यान आकर्षित करती है, देखना दिलचस्प होगा। राधिका आप्टे, कोंकणा सेन शर्मा, अदिति राव हैदरी, विजय वर्मा, राधिका मदान, अली फजल और सिद्धार्थ अभिनीत यह सीरीज 18 सितंबर से नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होगी। इसे विक्रमादित्य मोटवाने, किरण राव, शकुन बत्रा और विशाल भारद्वाज ने निर्देशित किया है।

थुडक्कम

मलयालम एक्शन थ्रिलर फिल्म 'थुडक्कम' भी इस सप्ताह दस्तक देगी। बता दें कि जूड एंथनी जोसेफ निर्देशित यह फिल्म 07 अगस्त को बड़े पर्दे पर रिलीज हुई थी। इसे काफी पसंद किया गया। अब यह फिल्म 18 सितंबर को जियो हॉटस्टार पर रिलीज होने जा रही है। आशीष जो एंटनी और मोहनलाल अभिनीत फिल्म ने सिनेमाघरों में अच्छा परफॉर्म किया था। आशीष इसमें खलनायक की भूमिका में हैं।



द स्कैंडल

साउथ कोरियन पीरियड रोमांस ड्रामा सीरीज 'द स्कैंडल' भी इस बार की लिस्ट में शामिल है। इसे ली सेउंग-यंग और आन हे-सोंग ने लिखा है। जंग जी-वू ने डायरेक्ट किया है। इसकी कहानी कोरिया के जोसोन राजवंश के समय पर आधारित है और यह उन लोगों की कहानी है जो समाज के सख्त नियमों को तोड़कर प्यार और आकर्षण के एक खतरनाक खेल में शामिल हो जाते हैं। दर्शक इसे 18 सितंबर से नेटफ्लिक्स पर देख सकेंगे। इसमें सोन ये-जिन और जी चांग-वूक अहम भूमिकाओं में हैं।

मोबलैंड सीजन 2

ब्रिटिश क्राइम ड्रामा सीरीज का दूसरा सीजन इस वीक रिलीज होगा। 10 एपिसोड वाली मोबलैंड सीजन 2 सीरीज 18 सितंबर से जियो हॉटस्टार पर स्ट्रीम होगी। यह एक बड़े माफिया परिवार और उनके बीच सत्ता के संघर्ष की कहानी पर आधारित है।

इरुमुडी

रवि तेजा की यह फिल्म भी इस सप्ताह डिजिटल प्लेटफॉर्म पर आएगी। यह एक्शन-ड्रामा फिल्म 21 अगस्त को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। अब 18 सितंबर से यह नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होगी।

मैंगो पच्चा

अगर क्राइम ड्रामा फिल्मों में दिलचस्पी है तो इस वीक 'मैंगो पच्चा' आप देख सकते हैं। यह फिल्म इस साल जून में सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। अब 14 सितंबर से जियो हॉटस्टार पर स्ट्रीम हो रही है। यह कन्नड़ क्राइम थ्रिलर फिल्म है। इसके जरिए संचित संजीव ने डेब्यू किया है, जो कि किच्चा सुदीप के भतीजे हैं।

कट्टलन

यह मलयालम भाषा की एक्शन थ्रिलर फिल्म है, जो इस साल मई में सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। इस वीक यह हिंदी भाषा में ओटीटी पर रिलीज हो रही है। रोमांच से भरपूर यह एक्शन ड्रामा फिल्म सोनी लिव पर 18 सितंबर से स्ट्रीम होगी। फिल्म में एंटनी वर्गीस, सुनील, और कबीर दूहन सिंह मुख्य भूमिकाओं में हैं।

श्रीचरणी बनीं देश की सर्वाधिक रेटिंग पाने वाली खिलाड़ी, हासिल किए 804 अंक

श्रीचरणी

एजेंसी ▶▶| दुबई

भारतीय स्पिनर श्रीचरणी ने अपने कॅरियर के सर्वश्रेष्ठ रेटिंग अंकों के साथ मंगलवार को जारी आईसीसी महिला टी20 अंतरराष्ट्रीय गेंदबाजी रैंकिंग में शीर्ष स्थान पर अपनी स्थिति मजबूत की, जबकि उनकी हमवतन दीप्ति शर्मा चार पायदान ऊपर दूसरे स्थान पर पहुंच गईं।

श्रीचरणी ने श्रीलंका के खिलाफ महिला टी20 एशिया कप के फाइनल में भी 20 रन देकर 4 विकेट लिए, जिससे उनके रेटिंग अंकों की संख्या 804 हो गई है। उन्होंने अपने करियर में पहली बार 800 रेटिंग अंक का आंकड़ा पार किया। यह आईसीसी रैंकिंग में किसी भारतीय खिलाड़ी की बल्लेबाजी या गेंदबाजी में सर्वाधिक रेटिंग है। उन्होंने मिताली राज को पीछे छोड़ा। भारत की पूर्व कप्तान ने 2011 में 780 रेटिंग अंक हासिल किए थे।

श्रीचरणी ने आईसीसी रैंकिंग में तोड़ा मिताली राज का 15 साल पुराना रिकॉर्ड

दूसरे स्थान पर पहुंचीं दीप्ति

शेफाली वर्मा


नंदनी शर्मा

रिकॉर्ड से केवल दो अंक पीछे श्रीचरणी

श्रीचरणी अब महिला टी20 अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग में सर्वाधिक रेटिंग हासिल करने वाली गेंदबाज बनने से केवल दो अंक पीछे हैं। यह रिकॉर्ड नवंबर 2018 में ऑस्ट्रेलिया की मेगन शट के नाम है। एशिया कप में सर्वाधिक 14 विकेट लेने वाली दीप्ति शर्मा भी चार पायदान ऊपर दूसरे स्थान पर पहुंच गईं।

94वें स्थान पर नंदनी शर्मा

तेज गेंदबाज नंदनी शर्मा ने 10 पायदान आगे 94वां स्थान जबकि लेग स्पिनर प्रेमा रावत ने 50 पायदान की लंबी छलांग लगाते हुए 96वां स्थान हासिल किया।

शेफाली को एक अंक का फायदा

बल्लेबाजी रैंकिंग में शेफाली वर्मा सातवें से छठे स्थान पर पहुंच गई हैं। एशिया कप में शेफाली ने सबसे ज्यादा 236 रन बनाए, जिसमें सेमीफाइनल में 64 और फाइनल में बनाए गए 68 रन भी शामिल हैं। उनके कुल 741 रेटिंग अंक हो गए हैं। वह टीम की अपनी साथी स्मृति मंधाना से सिर्फ एक स्थान और चार रेटिंग अंक पीछे हैं। मंधाना 745 अंकों के साथ पांचवें स्थान पर हैं। शेफाली ऑलराउंडरों की रैंकिंग में भी पांच पायदान ऊपर 15वें स्थान पर पहुंच गई हैं। उन्होंने अपने करियर के सर्वश्रेष्ठ 221 रेटिंग अंक हासिल किए हैं।

खबर संक्षेप

पहली बार अफ्रीका में विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप

बुडापेस्ट। विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप का आयोजन पहली बार अफ्रीका में होने जा रहा है जब मंगलवार को कीनिया की राजधानी नैरोबी को 2029 के सत्र का मेजबान चुना गया। कीनिया लंबे समय से लंबी दूरी की दौड़ में एक मजबूत देश रहा है लेकिन उसने अब तक इतने बड़े स्तर की किसी प्रतियोगिता की मेजबानी नहीं की है। इसके बाद 2031 में चैंपियनशिप जर्मनी लौटेगी जहां म्यूनिख इसकी मेजबानी करेगा। विश्व एथलेटिक्स के अध्यक्ष सबेस्टियन को ने हंगरी में 'अल्टीमेट चैंपियनशिप' के बाद यह फ़ैसला सुनाते हुए कहा, 'अपनी चैंपियनशिप को पहली बार अफ्रीका ले जाना ऐतिहासिक होगा।' उन्होंने कहा, 'एथलेटिक्स कीनिया की संस्कृति का अहम हिस्सा है।' इस फैसले से ट्रैक पर शनदार प्रदर्शन करने वाले देश के तौर पर कीनिया की पहचान तो बढ़ेगी लेकिन साथ ही यह पूर्वी अफ्रीकी देश समीक्षा के दायरे में रहेगा क्योंकि उसके कुछ शीर्ष धावक डोपिंग में पकड़े गए हैं।

विमान के अंदर पथिरागे के 5 भाले क्षतिग्रस्त

कोलंबो। श्रीलंका के स्टार भाला फेंक खिलाड़ी रुमेश पथिरागे को उस समय झटका लगा जब एशियाई खेलों से पहले हवाई यात्रा के दौरान उनके 5 भाले क्षतिग्रस्त हो गए, जिनसे उन्होंने अभी तक कई महत्वपूर्ण जीत हासिल की थी। यह 23 वर्षीय खिलाड़ी 13 सितंबर को विश्व एथलेटिक्स अल्टीमेट चैंपियनशिप में भाग लेने के बाद तुर्किए एयरलाइन्स की उड़ान से बुडापेस्ट से श्रीलंका लौट रहा था। पथिरागे ने कहा, 'विमान के अंदर मेरे सभी पांचों भाले क्षतिग्रस्त हो गए। इनसे मैंने जीत हासिल की थी। मैं आगामी एशियाई खेलों, 2028 के ओलंपिक और विश्व चैंपियनशिप में इनका उपयोग करता।'

जापान के आइची-नागोया में 19 सितंबर से 4 अक्टूबर तक एशियन गेम्स

टी20 फॉर्मेट में फिर गूंजेगा भारत का डंका, दो गोल्ड पर टिकी निगाहें

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

एशियन गेम्स में 'क्रिकेट' भारत के लिए एक बार फिर सबसे बड़े 'गोल्ड मेडल' दावेदारों में होगा, जिसमें एक नहीं, बल्कि दो गोल्ड देश के नाम हो सकते हैं।

साल 2023 में आयोजित हांगझोउ एशियन गेम्स में भारतीय पुरुष और महिला क्रिकेट टीमों ने गोल्ड जीते थे। इस बार जापान के आइची-नागोया में 19 सितंबर से 4 अक्टूबर के बीच खेले जाने वाले एशियन गेम्स में फिर से भारतीय फैंस को अपने खिलाड़ियों से ऐसी ही आस है। यह मुकाबले टी20 फॉर्मेट में खेले जाने हैं, जिसमें हाल के समय में भारत की पुरुष और महिला टीम का दबदबा नजर आया है।

भारत के पास प्रतिभा और अनुभव का शानदार मिश्रण

एक ओर पुरुष टीम इसी साल मार्च में टी20 वर्ल्ड कप विजेता बनी है, तो दूसरी तरफ बीते रविवार को महिला टीम ने एशिया कप का खिताब अपने नाम किया है। इस टूर्नामेंट में भारत के पास प्रतिभा और अनुभव का शानदार मिश्रण है। पुरुष टीम में कई ऐसे खिलाड़ी मौजूद हैं, जो अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी क्षमता साबित कर चुके हैं। वहीं, महिला क्रिकेट में हरमनप्रीत कौर, स्मृति मंधाना और दीप्ति शर्मा जैसी अनुभवी खिलाड़ी हैं। इनके साथ युवा प्रतिभाओं की मौजूदगी टीम को संतुलित बनाती है।

भारत के लिए कड़ी चुनौती

हालांकि, एशियन गेम्स में भारत के लिए चुनौती आसान नहीं होगी, क्योंकि पाकिस्तान, श्रीलंका और बांग्लादेश जैसी टीमें भी मजबूत हैं और टी20 क्रिकेट में एक खराब मुकाबला पूरे अभियान की दिशा बदल सकता है। ऐसे में भारत को शुरुआती दौर से ही अपनी रणनीति और खिलाड़ियों के प्रदर्शन पर ध्यान देना होगा।

टी20 में भारत का बेंच स्ट्रेंथ बेहद मजबूत

टी20 क्रिकेट में भारत का बेंच स्ट्रेंथ बेहद मजबूत है। महिला और पुरुष टीमों के पास ऐसे खिलाड़ी हैं, जिनको दबाव झेलने का अनुभव है। अगर ये खिलाड़ी अपनी क्षमता के अनुरूप प्रदर्शन करते हैं, तो एशियन गेम्स में एक बार फिर भारत के पास गोल्ड जीतने का मौका होगा। भले ही हांगझोउ की सफलता दोहराना आसान नहीं है, लेकिन भारतीय टीमों के मौजूदा प्रदर्शन को देखते हुए 'क्रिकेट' भारत के लिए 'एशियन गेम्स 2026' में सबसे भरोसेमंद पदक उम्मीदों में से एक रहेगा।

वेस्टइंडीज के खिलाफ टीम का चयन आज

भारतीय राष्ट्रीय चयन समिति बुधवार को जब वेस्टइंडीज के खिलाफ होने वाली एकदिवसीय और टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों की श्रृंखला के लिए टीम का चयन करेगी तो ऋषभ पंत और फिट होकर लौटे हार्दिक पंड्या को शामिल किए जाने की संभावना पर मुख्य रूप से चर्चा होगी। भारत वेस्टइंडीज के खिलाफ 3 वनडे और 5 टी20 मैच खेलेगा। टी20 मैचों की शुरुआत 6 अक्टूबर से होगी और पूरी संभावना है कि इसके लिए वही टीम चुनी जाएगी, जो एशियाई खेलों में भाग लेगी।

पंड्या की वापसी 20 सितंबर को निर्धारित

पंड्या की प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में वापसी 20 सितंबर को निर्धारित है क्योंकि उन्हें पहले ही 6 अक्टूबर से पुडुचेरी में ऑस्ट्रेलिया ए के खिलाफ भारत ए की तीन मैचों की वनडे श्रृंखला के लिए चुना जा चुका है। वेस्टइंडीज के खिलाफ वनडे मैचों की शुरुआत 27 सितंबर से तिरुवनंतपुरम में होगी और यह चयन समिति को तय करना होगा कि क्या पंड्या वनडे में 10 ओवर गेंदबाजी करने और 50 ओवर तक फील्डिंग करने के लिए तैयार हैं या नहीं। अगर पंड्या उपलब्ध नहीं होते हैं तो चयन समिति के लिए तेज गेंदबाजी ऑलराउंडरों की कमी समस्या बन जाएगी।

सबसे लंबे समय तक वनडे खेलने वाले बने खिलाड़ी

जिम्बाब्वे के टेलर ने तोड़ा तेंदुलकर का बड़ा रिकॉर्ड

एजेंसी ▶▶| हरारे

जिम्बाब्वे और ऑस्ट्रेलिया के बीच हरारे स्पोर्ट्स क्लब के मैदान पर पहला वनडे मुकाबला खेला जा रहा है। पहले वनडे मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया ने जिम्बाब्वे के खिलाफ टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने का फैसला किया है। इस मैच में मैदान पर उतरने के साथ ही जिम्बाब्वे के विकेटकीपर बल्लेबाज ब्रेंडन टेलर ने सचिन तेंदुलकर का सबसे लंबे वनडे करियर का रिकॉर्ड तोड़ दिया है।

वनडे करियर में टेलर के 205 पारियों में 6,704 रन

टेलर जिम्बाब्वे के सबसे सफल बल्लेबाजों में गिने जाते हैं। अपने वनडे करियर में टेलर अब तक 205 पारियों में 6,704 रन बना चुके हैं। वह जिम्बाब्वे की ओर से दूसरे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज हैं। इस सूची में उनसे आगे सिर्फ एंडी फ्लावर हैं, जिन्होंने 208 पारियों में 6786 रन बनाए। टेलर ने अपने करियर में तीनों फॉर्मेट में जिम्बाब्वे की कप्तानी भी की है। उन्होंने वनडे विश्व कप 2015 में शानदार प्रदर्शन किया था और दो शतक लगाए थे। इनमें से एक शतक उन्होंने भारत के खिलाफ बनाया था। विश्व कप 2015 में भारत के खिलाफ मैच के बाद टेलर ने इंटरनेशनल क्रिकेट से संन्यास ले लिया था। इसके बाद उन्होंने इंग्लैंड के काउंटी क्लब नॉटिंघमशायर के साथ तीन साल का 'कोलपैक' करार किया। हालांकि, वह इस अनुबंध को पूरा नहीं कर सके और अपने आखिरी सीजन के दौरान ही क्लब छोड़ दिया।

22 साल, 4 महीने का हुआ करियर

टेलर ने रिटायरमेंट और आईसीसी के साढ़े तीन साल के निलंबन के बाद 2025 में इंटरनेशनल क्रिकेट में वापसी की थी। अब वह 2004 में अपने डेब्यू के बाद से 22 साल और 146 दिन तक वनडे क्रिकेट खेलने वाले खिलाड़ी बन गए हैं, जो एक नया रिकॉर्ड है। उन्होंने भारत के दिग्गज सचिन तेंदुलकर का रिकॉर्ड तोड़ा, जिनका 1989 से 2012 तक 22 साल और 91 दिनों का शानदार वनडे करियर रहा। अब टेलर सबसे लंबे समय तक वनडे क्रिकेट खेलने वाले खिलाड़ी बन गए हैं।

विमेंस बिग बैश लीग: सिडनी सिक्सर्स के लिए खेलेंगीं एलिस

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सिडनी सिक्सर्स ने विमेंस बिग बैश लीग (डब्ल्यूबीबीएल) 12 के लिए इंग्लैंड की अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी एलिस कैप्सी को अपने साथ जोड़ा है। फ्रेंचाइजी के साथ जुड़ने पर खुशी जताते हुए कैप्सी ने कहा, मैं इस सीजन में सिडनी सिक्सर्स से जुड़ने को लेकर बहुत उत्साहित हूं।

डब्ल्यूबीबीएल दुनिया की सबसे अच्छी प्रतियोगिताओं में से एक है और इतनी मजबूत प्रतिष्ठा और इतिहास वाले क्लब का प्रतिनिधित्व करने का मौका मिलना वाकई खास है। मुझे ऑस्ट्रेलिया में खेलने का अपना पिछला अनुभव बहुत पसंद आया। मैं वहां वापस लौटने और सिक्सर्स का हिस्सा बनने के लिए उत्सुक हूं। बैटिंग ऑलराउंडर कैप्सी ने अपने शानदार

करियर में एक और हुनर जोड़ते हुए आयरलैंड के खिलाफ वनडे सीरीज में विकेटकीपिंग की जिम्मेदारी संभाली थी। कैप्सी एक बेहतरीन बल्लेबाज और शानदार ऑफ-स्पिनर हैं, लेकिन आयरलैंड के खिलाफ विकेटकीपिंग करने से सिक्सर्स को हर विभाग में विविधता मिली है, खासकर तब जब एमी जोन्स को आराम दिया जा रहा था।

कोरिया के खिलाफ डेविस कप नहीं खेलेंगे भांबरी

एजेंसी ▶▶| सियोल

भारत को दक्षिण कोरिया के खिलाफ डेविस कप क्वालीफायर मुकाबले में अपने अहम युगल खिलाड़ी युकी भांबरी की कमी खलेगी क्योंकि यह अनुभवी खिलाड़ी जांघ की चोट के कारण बाहर हो गया है। इसके कारण टीम को इस महत्वपूर्ण मुकाबले से कुछ दिन पहले अपने युगल संयोजन पर फिर से विचार करना पड़ रहा है। इस मैच का विजेता फाइनल्स में पहुंचेगा। भारत के कप्तान रोहित राजपाल ने पुष्टि की कि भांबरी दूसरे दौर के मुकाबले के लिए उपलब्ध नहीं होंगे।

जांघ की चोट के कारण बाहर हुए युकी

राजपाल ने कहा, 'युकी भांबरी की जांघ की स्थिति ठीक नहीं है और हो सकता है कि वह डेविस कप खेलने के लिए उपलब्ध ना हों इसलिए हम इस पर काम कर रहे हैं कि हमारा संयोजन क्या होगा। हमें डेविस कप से एक हफ्ता पहले ऐसा नहीं करना चाहिए था लेकिन दुर्भाग्य से हमें ऐसा करना पड़ रहा है।'

भारत में फॉर्मूला वन की वापसी की तैयारी, टास्क फोर्स का गठन

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

खेलमंत्री मनसुख मांडविया ने भारत में फॉर्मूला वन रेस की वापसी की दिशा में चुनौतियों की समीक्षा के लिए नीति आयोग के कार्यक्रम निदेशक और सलाहकार युगल किशोर जोशी की अध्यक्षता में एक कार्यबल का गठन किया है। दस सदस्यीय समिति में खेल मंत्रालय के संयुक्त सचिव कुणाल और भारतीय मोटर स्पोर्ट्स महासंघ के अध्यक्ष भी होंगे, जो इस समय अरिंदम घोष हैं। महासंघ के चुनाव इस महीने के आखिर में होने हैं। कार्यबल में वाणिज्य और पर्यटन विभाग के प्रतिनिधि भी होंगे।

इसके अलावा उत्तर प्रदेश और महाराष्ट्र सरकार के प्रतिनिधि, राजस्व विभाग के प्रतिनिधि, बुद्ध इंटरनेशनल सर्किट और मद्रास इंटरनेशनल सर्किट के प्रतिनिधि, एफएमएससीआई की ओर से नामित तकनीकी विशेषज्ञ शामिल होंगे।

2028 में रेस की मेजबानी

खेलमंत्री मांडविया ने कहा, 'इस समिति का काम भारत में मोटस्पोर्ट के विकास के लिए व्यापक तरीके सुझाना और फॉर्मूला वन को फिर से यहां शुरू करने के लिए रोडमैप तैयार करना है ताकि हम 2028 में रेस की मेजबानी कर सकें।'

एशियाई खेलों में अब पदक पर निगाहें

चोटों के चक्रव्यूह से बाहर आईं कुश्ती स्टार निशा दहिया

एजेंसी ▶▶| सियोल

वर्षों से निशा दहिया को हर चोट के बाद यही सवाल परेशान करता था कि मेरे साथ ही ऐसा क्यों होता है। जब सब कुछ ठीक होता दिख रहा था, तभी शरीर ने क्यों साथ नहीं दिया। जिस टूर्नामेंट में उन्हें अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद थी उसमें निराशा क्यों मिली।

निशा ने अब असफलताओं को सहजता से स्वीकार करना सीख लिया है और अपने करियर में बार-बार बाधा डालने वाली चोटों के बारे में शिकायत करना बंद कर दिया है। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि उन्होंने यह सीख लिया है कि वह अपने काम पर नियंत्रण बना सकती हैं परिणाम पर नहीं।

सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने पर ध्यान

मानसिकता में इस बदलाव के साथ जब निशा एशियाई खेलों में महिलाओं के 68 किलोग्राम वर्ग में मैट पर उतरेंगी तो बस अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने पर ही ध्यान देंगी। निशा ने कहा, 'पहले मुझे लगता था कि भगवान मेरे साथ अन्याय कर रहे हैं। मैं सोचती थी, मेरे साथ बार-बार ऐसा क्यों हो रहा है। लेकिन अब मैं ऐसा नहीं सोचती।' उन्होंने कहा, 'अब मैं समझ गई हूं कि मुझे वही मिलेगा जो मेरे भाग्य में लिखा है। मैं केवल अपने काम पर ध्यान दूंगी, कड़ी मेहनत करूंगी और अच्छी कुश्ती लड़ूंगी।

परिणाम हमारे हाथ में नहीं होता

निशा ने कहा, 'परिणाम हमारे हाथ में नहीं होता है। हर कोई जीत हासिल करना चाहता है। कभी-कभी मुकाबला अनुकूल होता है तो कभी-कभी आप दबाव में आ जाते हैं। पेरिस में मैं अच्छा प्रदर्शन कर रही थी लेकिन फिर चोट लग गई। चोट किसी के नियंत्रण में नहीं होती।' उन्होंने कहा, 'जब आप अच्छी तरह से अभ्यास कर रहे होते हैं, तो सब कुछ सुचारू रूप से चलता है। फिर चोट सब कुछ बिगाड़ देती है और आप अगले छह महीनों तक ठीक से अभ्यास नहीं कर पाते। आप मानसिक रूप से काफी हद तक टूट जाते हैं। मैं तब भगवान से कहती कि वह मेरे साथ ही ऐसा क्यों कर रहे हैं।' लेकिन अब उन्होंने शिकायत करना और अतीत में जीना छोड़ दिया है।

विश्व रैंकिंग में शीर्ष 50 में जगह बनाना लक्ष्य : सिंड्रेला

एजेंसी ▶▶| मुंबई

भारतीय टेबल टेनिस में तेजी से उभरती 17 वर्षीय खिलाड़ी सिंड्रेला दास का लक्ष्य एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जीतना और जल्द से जल्द विश्व रैंकिंग में शीर्ष 50 में जगह बनाना है। सिंड्रेला अभी आईटीटीएफ (अंतरराष्ट्रीय टेबल टेनिस महासंघ) की महिला एकल रैंकिंग में 99वें जबकि युवा वर्ग में 27वें स्थान पर काबिज हैं। उन्हें विश्वास है कि वह जापान के आइची-नागोया में होने वाले एशियाई खेलों में अपनी अच्छी फॉर्म बरकरार रखने में सफल रहेंगी।

पिछले महीने राष्ट्रीय रैंकिंग टेबल टेनिस चैंपियनशिप में महिला एकल और अंडर-19 लड़कियों के एकल में खिताब जीतने से कोलकाता की सिंड्रेला पर सबकी निगाहें टिक गईं। उनकी उपलब्धियों में अल्टीमेट टेबल टेनिस के महिला एकल मैच में स्टार खिलाड़ी मनिका बत्रा को हराना भी शामिल है।

एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जीतने की कोशिश

फिटनेस बनाने पर ध्यान केंद्रित

सिंड्रेला ने कहा कि जब वह खेल नहीं रही होती हैं तो मानसिक रूप से मजबूत बनने और अपनी गलतियों का विश्लेषण करने पर ध्यान देती हैं। उन्होंने कहा, 'जब मैच नहीं चल रहे होते हैं तो मैं अपनी फिटनेस और मानसिक रूप से मजबूत बनने पर ध्यान केंद्रित करती हूं। मैं सुबह करीब 3-4 घंटे और शाम को 2-3 घंटे अभ्यास करती हूं और अपनी फिटनेस को भी बराबर समय देती हूं।'

एशियाई खेलों को लेकर बेहद उत्साहित

सिंड्रेला ने कहा, 'मैं एशियाई खेलों को लेकर बेहद उत्साहित हूं। हम निश्चित रूप से स्वर्ण पदक जीतने की कोशिश करेंगे। मेरा लक्ष्य जल्द से जल्द विश्व रैंकिंग में शीर्ष 50 में जगह बनाना भी है।' सिंड्रेला ने कहा कि यह सत्र उनके लिए सबसे अच्छा रहा है और वह राष्ट्रीय टीम में जगह बनाने में भी सफल रही लेकिन अब भी बहुत कुछ सीखना बाकी है। उन्होंने कहा, 'यह सत्र मेरे लिए बहुत अच्छा रहा है क्योंकि मेरा चयन एशियाई खेलों, राष्ट्रमंडल चैंपियनशिप और युवा ओलंपिक के लिए हो चुका है। मैं अब सीनियर टीम में हूं। बेशक मैंने कई मैच हारे हैं, कई जीते हैं। अभी बहुत कुछ सीखना बाकी है।'

महाराजपुर में बनेगा नया थाना

एक एकड़ जमीन पर करीब दो करोड़ की लागत से होगा निर्माण, सीएम कर चुके हैं घोषणा
बढ़ती आबादी और अपराध के दबाव को देखते हुए पुलिस कप्तान संपत उपाध्याय की पहल

अधारताल-रांझी के हिस्सों पर भी होगी पुलिस की नजर

शुभम् शुक्ला

जबलपुर। शहर के लगातार फैलते दायरे और बढ़ती आबादी के साथ पुलिसिंग को अधिक प्रभावी बनाने की दिशा में जबलपुर पुलिस एक और बड़ा कदम बढ़ा रही है। पुलिस कप्तान संपत उपाध्याय की पहल पर महाराजपुर में नए थाने के निर्माण की तैयारी है। इसके लिए जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय से करीब एक एकड़ जमीन प्राप्त की गई है। प्रस्तावित थाना भवन का निर्माण करीब दो करोड़ रुपये की लागत से किया जाना है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव भी महाराजपुर में नए थाना भवन की घोषणा कर चुके हैं। महाराजपुर थाना अस्तित्व में आने के बाद वर्तमान अधारताल और रांझी थाना क्षेत्रों के कुछ हिस्सों का पुनर्गठन किया जाएगा। इससे रिछाई-मढ़ई, महाराजपुर जैसे आसपास के तेजी से विकसित हो रहे क्षेत्रों में पुलिस की सीधी और प्रभावी मौजूदगी बढ़ेगी। बड़े थाना क्षेत्रों के विभाजन से पुलिस अधिकारियों और बल पर काम का दबाव कम होने के साथ ही अपराधों की विवेचना, शिकायतों की सुनवाई और कानून-व्यवस्था की निगरानी अधिक व्यवस्थित तरीके से हो सकेगी।

एक एकड़ में खड़ा होगा नया पुलिसिंग सेंटर

प्रस्तावित थाना भवन के लिए जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय से एक एकड़ भूमि प्राप्त होना इस परियोजना की अहम कड़ी है। करीब दो करोड़ रुपये की लागत से बनने वाला भवन आधुनिक पुलिसिंग की जरूरतों को ध्यान में रखकर विकसित किया जाएगा। सीएसपी राजेश्वरी कौरव ने बताया कि इसमें थाना प्रभारी कक्ष, विवेचना कक्ष, स्टाफ के लिए कार्यालय, मालखाना, रिकॉर्ड रूम, शिकायत सुनवाई के लिए स्थान, महिला एवं आगंतुकों के लिए सुविधाएं सहित आवश्यक पुलिस अधोसंरचना विकसित की जाएगी।

अधारताल-रांझी का घटेगा दबाव

वर्तमान में बड़े क्षेत्रफल के कारण अधारताल और रांझी पुलिस को रिछाई-मढ़ई अलग-अलग हिस्सों में लगातार पेट्रोलिंग, शिकायतों के निराकरण, अपराधों की विवेचना और कानून-व्यवस्था की जिम्मेदारी संभालनी पड़ती है। महाराजपुर थाना बनने के बाद क्षेत्र का पुनर्गठन होने से पुलिस बल को जरूरत के मुताबिक अधिक लक्षित तरीके से तैनात किया जा सकेगा। इसका सीधा लाभ क्षेत्र के नागरिकों को मिलेगा और पुलिस तक पहुंच भी आसान होगी।

बढ़ते शहरी विस्तार के साथ बदल रही पुलिसिंग

महाराजपुर, रिछाई और आसपास के इलाके तेजी से शहरी स्वरूप ले रहे हैं। औद्योगिक गतिविधियों, आवासीय विस्तार और आबादी बढ़ने के साथ यहां पुलिसिंग की जरूरत भी बढ़ी है। ऐसे में नया थाना केवल एक भवन नहीं, बल्कि क्षेत्र की कानून-व्यवस्था और अपराध नियंत्रण के लिए नई पुलिसिंग यूनिट के रूप में काम करेगा। नए थाना क्षेत्र के निर्धारण के बाद यहां पुलिस बल, गश्त और निगरानी व्यवस्था को उसी अनुरूप मजबूत किया जाएगा।

सीएम की घोषणा को जमीन पर उतारने की तैयारी

महाराजपुर में थाना निर्माण की घोषणा मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा की जा चुकी है। अब भूमि उपलब्ध होने के बाद पुलिस कप्तान संपत उपाध्याय के नेतृत्व में परियोजना को मूर्त रूप देने की दिशा में प्रक्रिया आगे बढ़ रही है। करीब दो करोड़ रुपये की लागत और एक एकड़ भूमि में बनने वाला यह थाना शहर की बदलती जरूरतों के अनुरूप पुलिस अधोसंरचना के विस्तार की महत्वपूर्ण कड़ी माना जा रहा है।

आमजन की पुलिस तक आसान पहुंच

महाराजपुर थाना अस्तित्व में आने के बाद अधारताल और रांझी क्षेत्र के पुनर्गठन के साथ जबलपुर शहर की पुलिसिंग व्यवस्था को नया स्वरूप मिलेगा। इस विस्तार को बढ़ती आबादी वाले क्षेत्रों में त्वरित पुलिसिंग, बेहतर निगरानी और आमजन की पुलिस तक आसान पहुंच की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जाएगा।
-संपत उपाध्याय, पुलिस कप्तान जबलपुर

सीबीआई को मिला एक सप्ताह का समय

ट्विशा शर्मा मौत मामला: पूर्व जज गिरिबाला सिंह की जमानत पर हाईकोर्ट में हुई सुनवाई

जबलपुर। मप्र हाईकोर्ट में मंगलवार को भोपाल के बहुचर्चित ट्विशा शर्मा मौत मामले में आरोपी पूर्व जिला एवं सत्र न्यायाधीश गिरिबाला सिंह की जमानत याचिका पर सुनवाई हुई। मामले की जांच कर रही सीबीआई ने याचिका का कड़ा विरोध किया। जस्टिस अजय निरंकारी की सिंगल बेंच में सुनवाई के दौरान सीबीआई की ओर से पेश एडिशनल सॉलिसिटर जनरल ने कोर्ट से केस डायरी पेश करने तथा जमानत के खिलाफ औपचारिक आपत्ति दर्ज कराने के लिए समय मांगा। अदालत ने एक सप्ताह की मोहलत देते हुए मामले को अगली सुनवाई के लिए 22 सितंबर को तय की। याचिकाकर्ता के वकीलों की मामले को कॉज लिस्ट में सबसे ऊपर (टॉप ऑफ द लिस्ट) रखने की मांग को कोर्ट ने खारिज कर दिया।

कटारा हिल्स थाने में दर्ज एफआईआर के बाद सीबीआई ने 25 मई को मामला दर्ज किया था। इसमें भारतीय न्याय संहिता तथा दहेज प्रतिषेध कानून की धाराएं शामिल हैं। निचली अदालत से मिली शुरुआती जमानत को हाईकोर्ट द्वारा रद्द किए जाने के बाद गिरिबाला सिंह को गिरफ्तार किया गया था। इसके बाद भोपाल के अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने 25 जुलाई 2026 को व्हाट्सएप चैट, कॉल डिटेल्स और गवाहों को प्रभावित करने की आशंका के आधार पर पुनः जमानत याचिका खारिज कर दी थी। मृतका के पिता नवनिधि शर्मा ने भी 7 अगस्त को लिखित आपत्ति दाखिल कर मामले में साजिश, वित्तीय रिकॉर्ड तथा गवाहों को धमकाने की आशंका जताते हुए निष्पक्ष जांच की मांग की है। अगली सुनवाई में सीबीआई केस डायरी के साथ अपना रुख स्पष्ट करेगी।

मंगुभाई पटेल का कार्यकाल पूरा, नए राज्यपाल की नियुक्ति नहीं होने पर जनहित याचिका, हाईकोर्ट ने फैसला सुरक्षित रखा

राज्यपाल पद का प्रभार हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस को सौंपने की मांग

जबलपुर। मध्य प्रदेश के राज्यपाल मंगुभाई पटेल का पांच वर्ष का कार्यकाल पूरा होने के बाद नए राज्यपाल की नियुक्ति नहीं होने का मामला हाईकोर्ट पहुंच गया है। जनहित याचिका में मांग की गई है कि नए राज्यपाल की नियुक्ति होने तक राज्यपाल पद का प्रभार मध्य प्रदेश हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस को सौंपा जाए। मंगलवार को जस्टिस आनंद पाठक व जस्टिस बीपी शर्मा की डिवीजन बेंच ने याचिका पर सुनवाई पूरी करने के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया। जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय, जबलपुर से सेवानिवृत्त डॉ. एमए खान ने याचिका दायर की है। याचिका में कहा गया है कि मंगुभाई पटेल ने आठ जुलाई 2021 को मध्य प्रदेश के राज्यपाल का पद संभाला था और उनका पांच वर्ष का कार्यकाल आठ जुलाई, 2026 को पूरा हो चुका है। इसके बावजूद अब तक नए राज्यपाल की नियुक्ति नहीं हुई है। याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता अजय रायजादा ने दलील दी कि राज्यपाल का कार्यकाल पूरा होने के बाद संवैधानिक व्यवस्था के अनुरूप राज्य में राज्यपाल पद की स्थिति स्पष्ट होनी चाहिए। उन्होंने मांग की कि नए राज्यपाल की नियुक्ति होने तक मध्य प्रदेश हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश को राज्यपाल का प्रभार सौंपा जाए। वहीं केंद्र सरकार की ओर से एडिशनल सालिसिटर जनरल और डिप्टी सालिसिटर जनरल कोर्ट में उपस्थित हुए। उन्होंने संविधान के अनुच्छेद 156 का हवाला देते हुए कहा कि नए राज्यपाल की नियुक्ति होने तक पूर्व राज्यपाल पद पर बने रह सकते हैं। दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद हाई कोर्ट ने मामले में फैसला सुरक्षित रख लिया।

- नहीं चाहिए भावांतर, एमएसपी पर हो धान खरीदी
- 15 सूत्रीय मांगों को लेकर कलेक्टर को ज्ञापन

किसानों ने ट्रैक्टर रैली निकाल भरी हुंकार

हरिभूमि, जबलपुर।

जिले के नाराज किसानों ने मंगलवार को सैकड़ों ट्रैक्टरों के साथ जिला मुख्यालय पहुंचकर अपनी मांगों को लेकर जोरदार प्रदर्शन किया। किसानों ने धान की भावांतर योजना के बजाय न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर धान खरीदी की मांग उठाई। किसानों का कहना है कि मंडियों में समर्थन मूल्य से कम दर पर उपज बिकने के कारण उन्हें आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। जिलाध्यक्ष रामदास पटेल के नेतृत्व में किसानों ने विभिन्न समस्याओं के निराकरण को लेकर कलेक्टर को 15 सूत्रीय ज्ञापन सौपा।

किसानों ने मांग की कि सरकार द्वारा घोषित □3100 प्रति क्विंटल धान और □2700 प्रति क्विंटल गेहूं की दर पर खरीदी सुनिश्चित की जाए। साथ ही धान खरीदी के लिए प्रति एकड़ 25 क्विंटल की सीमा निर्धारित करने और मंडियों में समर्थन मूल्य से कम बोली नहीं लगने देने की मांग की गई। किसानों ने खरीदी केंद्रों से जुड़े वेयरहाउसों को पहले खाली कराने की मांग भी रखी।

भुगतान में देरी से किसान परेशान

ज्ञापन में मझौली तहसील में धान, गेहूं और मूंग के लंबित भुगतान का मुद्दा प्रमुखता से उठाया गया है। इसके अलावा पनागर तहसील के चंसोरिया, शुभी अक्षय और नर्मदा एग्रो वेयरहाउस से संबंधित बकाया भुगतान तत्काल जारी कराने की मांग की गई। किसानों का आरोप है कि समय पर भुगतान नहीं होने से उन्हें आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

नकली बीज और व्यापारियों पर कार्रवाई की मांग

किसानों ने हाइब्रिड बीज कंपनियों पर भी सवाल उठाए। उनका कहना है कि कंपनियों द्वारा बीज को बीएलबी और बीपीएच बीमारी रोधी बताया गया था, लेकिन फसल खराब होने के बाद किसानों को नुकसान उठाना पड़ा। मामले की जांच कर संबंधित कंपनियों के खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई की मांग की गई। वहीं, शहपुरा में किसानों से उपज खरीदकर भुगतान नहीं करने वाले व्यापारियों की गिरफ्तारी और किसानों की बकाया राशि दिलाने की मांग भी ज्ञापन में शामिल है।

बिजली और पराली का मुद्दा भी उठाया

मझौली के रानीताल कटाव सबस्टेशन का निर्माण कार्य तेज कर उसे जल्द चालू कराने तथा किसानों को दिन में 12 घंटे कृषि बिजली उपलब्ध कराने की मांग की गई। सिहोरा तहसील में अधिक भार वाले ट्रांसफार्मरों को बदलने की मांग भी किसानों ने रखी। पराली निष्पादन के पर्याप्त साधन उपलब्ध होने तक किसानों के खिलाफ एफआईआर और नोटिस की कार्रवाई रोकने की मांग की गई है।

मंडियों में फर्जीवाड़ा रोकने की मांग

किसानों ने मंडियों में बिचौलियों द्वारा किसानों के नाम पर उपज बेचने और फर्जी होल्ड के मामलों पर रोक लगाने के लिए आधार कार्ड और फोटो स्कैन की व्यवस्था लागू करने का सुझाव दिया। इसके अलावा राजस्व प्रकरणों का समय-सीमा में निराकरण और 'किसान खेत सड़क योजना' तत्काल शुरू करने की मांग की गई।

हाई कोर्ट ने कहा- कस्टडी के लिए हिंदू विवाह अधिनियम में उपलब्ध कानूनी उपाय अपनाएं

प्रेम विवाह के बाद पति के साथ नहीं रहना चाहती महिला

जबलपुर। प्रेम विवाह के बाद महिला ने पति के साथ रहने से इनकार कर दिया। जस्टिस आनंद पाठक व जस्टिस बीपी शर्मा की डिवीजन बेंच ने पति को हिंदू विवाह अधिनियम के तहत उपलब्ध कानूनी उपाय अपनाने की स्वतंत्रता देते हुए याचिका का निराकरण कर दिया। प्रकरण के अनुसार, रीवा के मऊगंज निवासी विवेक कुमार साहू का क्षेत्र की एक युवती से प्रेम संबंध था। दोनों ने घर से भागकर प्रेम विवाह कर लिया था। बेटी के लापता होने पर उसके पिता ने शाहपुर थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस पर तलाश में लापरवाही का आरोप लगाते हुए पिता ने हाई कोर्ट में बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका दायर की। हाईकोर्ट के आदेश पर पुलिस ने महिला को कोर्ट में पेश किया था। तब महिला ने कहा था कि वह माता-पिता के बजाय पति के साथ रहना चाहती है। बाद में पति की ओर से भी ससुर पर पत्नी को बंधक बनाकर रखने का आरोप लगाते हुए बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका दायर की गई। कोर्ट ने महिला को पेश करने के आदेश दिए था। महिला हाईकोर्ट में उपस्थित हुई और उसने पिता के साथ जाने की इच्छा जताई। कोर्ट ने कहा कि महिला बालिग है। पति उसकी कस्टडी पाने के लिए हिंदू विवाह अधिनियम के तहत उपलब्ध कानूनी उपाय का सहारा ले सकता है। इसके साथ ही कोर्ट ने याचिका का निराकरण कर दिया।

एलिमिनेशन राउंड का 26वां दिन पूरा, आठ प्रत्याशी कोटा पार कर निर्वाचित

एमपी स्टेट बार चुनाव अब तक 99 प्रत्याशी

जबलपुर। एमपी स्टेट बार काउंसिल निर्वाचन-2026 की द्वितीय चरण की मतगणना में मंगलवार को एलिमिनेशन राउंड का 26वां दिन पूरा हुआ। इस दौरान भोपाल के डा. पीसी कोठारी चुनाव से बाहर हो गए। इसके साथ ही कुल 122 प्रत्याशियों में से अब तक 99 प्रत्याशियों का एलिमिनेशन हो चुका है। मतगणना में अब तक राकेश सिंह भदौरिया (इंदौर), अखिलेश कुमार सक्सेना (इंदौर), आरके सिंह सैनी (जबलपुर), विवेक सिंह (इंदौर), पसंदीप मेहता (उज्जैन), नित्यानंद मिश्र (जबलपुर), हितोषी जय हार्डिया (इंदौर) और नरेन्द्र कुमार जैन (इंदौर) निर्धारित कोटा पार कर निर्वाचित हो चुके हैं। महिला प्रत्याशियों में मतगणना के दौरान चुनाव से बाहर होने वाली प्रत्याशियों में से अंतिम पांच में शामिल प्रत्याशियों का चयन आरक्षण के प्रावधान के तहत अंतिम परिणाम में किया जाएगा। मंगलवार 15 सितंबर तक की स्थिति में विजय कुमार चौधरी (भोपाल), मनीष तिवारी (जबलपुर), अखंड प्रताप सिंह (रीवा), सुनील कुमार मिश्रा (जबलपुर) और राशिद सोहेल सिद्दिकी (जबलपुर) सहित अन्य प्रत्याशी मुकाबले में हैं। महिला प्रत्याशियों में अब केवल अन्नू पटेल (सिंगरौली) मैदान में हैं।

जनेकृविवि के कुलसचिव का प्रभार श्रीमती रचना शर्मा को

जबलपुर। किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग, मध्यप्रदेश के अंतर्गत उर्वरक गुण नियंत्रण प्रयोगशाला, जबलपुर में कार्यरत श्रीमती रचना शर्मा को पदोन्नति उपरांत जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय (जनेकृविवि), जबलपुर के कुलसचिव पद का प्रभार सौंपा गया है। श्रीमती रचना शर्मा ने जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय से ही बीएससी एवं एमएससी की शिक्षा प्राप्त की है। कुलसचिव का प्रभार संभालने के बाद उन्होंने विश्वविद्यालय से संबंधित विभिन्न समस्याओं के साथ-साथ अधिकारी एवं कर्मचारियों की समस्याओं का ईमानदारीपूर्वक एवं त्वरित निराकरण करने की प्रतिबद्धता व्यक्त की। श्रीमती रचना शर्मा को कुलसचिव का प्रभार सौंपे जाने पर विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. प्रमोद कुमार मिश्रा, अधिष्ठाता कृषि संकाय डॉ. धीरेन्द्र खरे, अधिष्ठाता उद्यानिकी संकाय डॉ. स्वाती बारचे, अधिष्ठाता कृषि अभियांत्रिकी संकाय डॉ. एस.के. प्यासी, संचालक अनुसंधान सेवाएं डॉ. ए.के. जैन, संचालक विस्तार सेवाएं डॉ. टी.आर. शर्मा, संचालक शिक्षण डॉ. अभिषेक शुक्ला, संचालक प्रक्षेत्र डॉ. विजय यादव, अधिष्ठाता कृषि महाविद्यालय, जबलपुर डॉ. अल्पना सिंह, अधिष्ठाता छात्र कल्याण डॉ. अमित कुमार शर्मा, तकनीकी अधिकारी इंजी. एस.के. जैन एवं सुरक्षा अधिकारी डॉ. वाय.एम. शर्मा सहित विश्वविद्यालय के विभागाध्यक्षों, प्राध्यापकों, वैज्ञानिकों एवं कर्मचारियों ने उन्हें शुभकामनाएं एवं बधाई प्रेषित की हैं।

पीएम सूर्य घर योजना से 39,897 घरों की छतों पर सौर ऊर्जा का उजियारा

जबलपुर। पीएम सूर्य घर : मुफ्त बिजली योजना के तहत मध्य प्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के कार्यक्षेत्र में अब तक 39,897 घरेलू उपभोक्ताओं के घरों पर 145.30 मेगावाट क्षमता के रूफटॉप सोलर संयंत्र स्थापित किए जा चुके हैं। इनमें से 35,713 उपभोक्ताओं को 277.09 करोड़ रुपये की सब्सिडी सीधे उनके बैंक खातों में हस्तांतरित की जा चुकी है। योजना के तहत घरेलू उपभोक्ताओं को 1 किलोवाट संयंत्र पर 30 हजार रुपये, 2 किलोवाट पर 60 हजार रुपये तथा 3 किलोवाट या उससे अधिक क्षमता पर अधिकतम 78 हजार रुपये की सब्सिडी दी जा रही है। इच्छुक उपभोक्ता pmsuryaghar.gov.in एवं smartbijlee.mpez.co.in के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर अधिकृत वेंडर से सोलर प्लांट लगवा सकते हैं। कंपनी के अनुसार सब्सिडी के लिए निर्धारित मानकों के अनुरूप DCR सोलर पैनल लगाना आवश्यक है। अधिकृत वेंडर द्वारा लगाए गए संयंत्र के पांच वर्ष के रखरखाव की व्यवस्था भी योजना में शामिल है। कंपनी ने पात्र घरेलू उपभोक्ताओं से सौर ऊर्जा अपनाकर बिजली बिल में बचत करने और स्वच्छ ऊर्जा को बढ़ावा देने की अपील की है।

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)- 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)- 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक-डॉ. हिमांशु द्विवेदी RNI No.: MPHIN/2008/24240